नई दिल्ली
गुरुवार, 22 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 37
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 42
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## भारतीय रेलवे ने 1300 से अधिक स्टेशनों के कायाकल्प की शुरुआत की



### 1,100 करोड़ की लागत से विकसित स्टेशनों का पीएम वर्चुअल शुभारंभ करेंगे

फिलहाल 103 स्टेशन बनकर तैयार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन (वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से) करेंगे। यह जानकारी रेल मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर दी। देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में स्थित इन 103 अमृत स्टेशनों को 1,100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत 1,300 से अधिक स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है। ये सभी स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। इन स्टेशनों में भारतीय संस्कृति, विरासत और यात्री सुविधाओं का समावेश किया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य स्टेशनों को स्वच्छ, ▸▸ शेष पेज 7 पर

## केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में कारवार बेस पर हुआ भव्य समारोह

# नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल हुआ प्राचीन सिला हुआ जहाज 'आईएनएसवी कौंडिन्य'

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में बुधवार को पारंपरिक रूप से निर्मित प्राचीन सिला हुआ पाल वाला जहाज 'आईएनएसवी कौंडिन्य' शामिल हो गया है। इस संबंध में नौसेना के कारवार बेस (कर्नाटक) पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसमें केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कौंडिन्य एक महान भारतीय नाविक थे। जिन्होंने हिंद महासागर को पार करके दक्षिण पूर्व एशिया की यात्रा की थी। उन्हीं के नाम पर जहाज का यह नामकरण किया गया है। नौसेना ने एक बयान में बताया कि यह जहाज समुद्री अन्वेषण, व्यापार और सांस्कृतिक ▸▸ शेष पेज 7 पर





### आईएनएसवी तारिणी के चालक दल से नौसेनाप्रमुख ने किया संवाद

*उधर, नाविका सागर परिक्रमा-2 के जरिए पिछले साल दुनिया का समुद्री मार्ग से चक्कर लगाने निकली नौसेना की दो बहादुर महिला अधिकारियों लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना.के और रूपा.ए की टीम से नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने ऑनलाइन माध्यम के जरिए बातचीत की है। अभी ये दोनों महिलाएं उत्तरी गोलार्ध को पार अपनी यात्रा के अंतिम चरण के साथ देश वापस लौट रही हैं। मई के अंत में इनका स्वदेश (गोवा) आगमन होगा। नौसेनाप्रमुख ने दोनों महिला अधिकारियों के अनुकरणीय कौशल और टीम भावना को सराहा। साथ ही उनकी प्रगति को लेकर भारतीय नौसेना तथा संपूर्ण राष्ट्र की तरफ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे तारिणी पोत देश के लिए रवाना होता है।* ▸▸ शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### लेखन में फिर 'महिला-धमाल', बानू मुश्ताक को मिला अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार



**नई दिल्ली।** कन्नड लेखिका बानू मुश्ताक ने वर्ष 2025 में अपने लघु कथा संग्रह 'हर्ट लैंप' हृदय दीप, के लिए अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया। यह कन्नड़ भाषा में लिखी गई पहली किताब है, जिसे यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला। इस संग्रह में 1990 से 2023 के बीच लिखी गई 12 लघु कहानियां शामिल हैं, जो दक्षिण भारत में मुस्लिम महिलाओं के दैनिक संघर्षों, सामाजिक बाधाओं, और उनकी आकांक्षाओं को दर्शाती हैं। बानू मुश्ताक एक लेखिका, वकील, और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया, जिसमें आत्महत्या और हत्या के प्रयास शामिल हैं। फिर भी, उन्होंने लेखन और सामाजिक कार्यों को जारी रखा। 77 वर्षीय बानू मुश्ताक कन्नड़ साहित्य में एक महत्वपूर्ण नाम हैं। उनकी कहानियां सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहद प्रतिष्ठित पुरस्कार ने कन्नड़ साहित्य को वैश्विक पहचान दिलाई और भारतीय भाषाओं में लिखे गए साहित्य की विविधता को एकबार फिर एकाकार करने में सफलता पायी है। इससे पहले भारतीय महिलाओं में अरुंधति रॉय (द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स 1997) पहली बुकर पुरस्कार विजेता रही हैं। इसके बाद किरण देसाई (द इनहेरिटेंस ऑफ लॉस, 2006) ने यह सम्मान हासिल किया। गीतांजलि श्री (टॉम्ब ऑफ सैंड, 2022) और अब बानू मुश्ताक (हर्ट लैंप, 2025) ने अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतकर हिंदी और कन्नड़ साहित्य को वैश्विक पहचान दिलाई। ▸▸ शेष पेज 7 पर

## जेडीयू नेता संजय कुमार झा और शिवसेना (शिंदे) नेता श्रीकांत एकनाथ शिंदे की अगवाई वाले हैं यह प्रतिनिधिमंडल

# पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए विदेश यात्रा पर निकले दो सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम हमले और उससे पहले कई बार भारत के खिलाफ आतंकवाद का खूनी खेल खेलने वाले पाकिस्तान की असलियत दुनिया के सामने लाने के लिए केंद्र सरकार के 'डिप्लोमैटिक आउटरीच कैंपेन' के तहत बुधवार को दो सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अपने-अपने तय देशों की यात्रा पर रवाना हो गए। इनमें से एक प्रतिनिधिमंडल जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) नेता संजय कुमार झा की अगुवाई वाला है। जो कि जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे पांच देशों की यात्रा करेगा। जबकि दूसरा प्रतिनिधिमंडल शिवसेना (शिंदे) नेता श्रीकांत एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाला है। जो कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कांगो, सियरा लियोन और लाइबेरिया की यात्रा करेगा। यहां बता दें कि यह दोनों उन तीन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल हैं। जिन्हें बीते मंगलवार को विदेश सचिव



विक्रम मिस्री ने एक बैठक के दौरान जानकारी दी थी। उन्होंने विभिन्न दलों के नेताओं व अन्य सदस्यों को यह स्पष्ट किया था कि उक्त मामले पर कैसे अपनी यात्रा के दौरान दुनिया के देशों में भारत का पक्ष मजबूती के साथ रखना है। जल्द ही द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) की नेता कनिमोझी की अगुवाई वाला तीसरा प्रतिनिधिमंडल भी अपनी विदेश यात्रा की शुरुआत करेगा।

### जापान में होगी पहली मुलाकातः झा

*जेडीयू नेता संजय कुमार झा ने 21 मई को इस कवायद पर रवाना होने से पहले कहा कि हमारी यात्रा का पहला पड़ाव जापान होगा। जहां पर हम आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के चेहरे से पूरी तरह से नकाब हटाएंगे। हम संबंधित देश में यह भी बताएंगे कि आतंकवाद पाकिस्तान की राजकीय नीति है, वह आतंकवाद पर पलता है। हम उसके परमाणु हमले की धमकी की भी हवा निकालेंगे, सिंधु जल संधि को स्थगित करने का मुद्दा भी हमारी तरफ से चर्चा के दौरान शामिल किया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि अब भारत पाकिस्तान प्रायोजित किसी भी आतंकी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रतिनिधिमंडल भारत का है और आतंकवाद के मामले पर राजनीति से इतर हम सभी लोग और हमारा पूरा देश एकजुटता से खड़ा है। उन्होंने कहा, हमारा प्रतिनिधिमंडल जापान के अलावा सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया की यात्रा भी करेगा।*

### झा के प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य

*संजय झा के प्रतिनिधिमंडल में भाजपा से अपराजिता सारंगी, बृजलाल, प्रदान बरूआ और डॉ.हेमांग जोशी शामिल हैं। जबकि विपक्षी दलों से टीएमसी से अभिषेक बनर्जी, सीपीआई (एम) से जॉन ब्रिटॉस, कांग्रेस से सलमान खुर्शीद और राजदूत मोहन कुमार शामिल हैं। बताते चलें कि पूर्व में केंद्र ने टीएमसी से यूसुफ पठान का इस बाबत चयन किया था। लेकिन उनके द्वारा अपना नाम वापस लेने बाद पार्टी की तरफ से केंद्र को अभिषेक बनर्जी का नाम सौंपा गया था। यात्रा से ठीक पहले यह कवायद हुई और उसके बाद बनर्जी विदेश सचिव की ब्रीफिंग में भी शामिल हुए।*

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सभी एकजुट

*शिवसेना (शिंदे) नेता श्रीकांत एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल यूएई, लाइबेरिया, कांगो और सियरा लियोन जैसे चार देशों की यात्रा पर रवाना हुआ। प्रतिनिधिमंडल में शिंदे के अलावा भाजपा नेता बांसुरी स्वराज, अतुल गर्ग, मनन कुमार मिश्रा और एस.एस. अहलूवालिया शामिल हैं। जबकि विपक्षी दलों के सदस्य के रूप में आईयूएमएल से ईटी मोहम्मद बशीर, बीजेडी से डॉ. सस्मित पात्रा और राजदूत सुजान चिनॉय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। भाजपा नेता एस.एस. अहलूवालिया ने कहा कि हम अपनी यात्रा के दौरान दुनिया को बताएंगे कि भारत में हकीकत में क्या हुआ था और उसका हमने किस तरह से जवाब दिया? हमारी मुलाकात में संबंधित देशों की सरकारों, प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। जबकि कुछ जगहों के लिए हमने रक्षा संबंधी संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की मांग की है।*

## खुजदार हमले को लेकर दोष मढ़ने पर लगाई कड़ी फटकार, उच्चायोग कर्मी अवांछित व्यक्ति घोषित

# तनाव के बीच पाकिस्तान के खिलाफ भारत के दो बड़े एक्शन



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ दो अहम कदम उठाए। जिनमें से एक में उसे बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार में एक स्कूल बस में हुए भयंकर विस्फोट के मामले में भारत पर दोषारोपण करने के लिए कड़ी फटकार लगाई गई। जबकि दूसरे में नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक अधिकारी को अपने कार्य क्षेत्र से बाहर जाकर संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के लिए अवांछित व्यक्ति घोषित कर उसे 24 घंटे के अंदर देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है।

### आतंकवाद का केंद्र है पाकिस्तान

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत खुजदार की घटना को लेकर पाकिस्तान द्वारा भारत पर लगाए गए निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करता है। हम इस मामले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं। साथ ही ये भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि पाकिस्तान की तरफ से भारत पर किया गया दोषारोपण उसके द्वारा केवल अपनी वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में बनी हुई छवि से ध्यान भटकाकर अपनी विफलताओं को छिपाने की कोशिश का हिस्सा मात्र है। उन्होंने* ▸▸ शेष पेज 7 पर

### 24 घंटे में देश छोड़े पाक अधिकारी

उधर, एक अन्य मामले में भारत सरकार ने पाकिस्तान उच्चायोग के एक अधिकारी को अवांछित व्यक्ति (परसोना नॉन ग्रेटा) घोषित करते हुए 24 घंटे के अंदर देश छोड़ने का निर्देश दिया है। एक बयान में मंत्रालय ने बताया, यह अधिकारी पाक उच्चायोग में कार्यरत था और अपने आधिकारिक कार्यक्षेत्र के बाहर जाकर संदिग्ध गतिविधियों में शामिल था। जिसके चलते उसे अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है। इस संबंध में 21 मई को पाक उच्चायोग के चार्ज-डी-अफेयर्स को तलब कर डिमार्शे (कूटनीतिक विरोध पत्र) ▸▸ शेष पेज 7 पर

## विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बुधवार को निकाला लकी ड्रा

# बम बम भोले, लो आ गई खुशखबरी, 750 लोग करेंगे कैलाश मानसरोवर यात्रा

*30 जून को रवाना होगा तीर्थयात्रियों का पहला जत्था*

*बोले सिंह, मंत्रालय का पूरा सहयोग मिलेगा, पर्यावरण की स्वच्छता को ध्यान में रखें श्रद्धालु*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

इंतजार की घड़ियां आखिरकार खत्म हुईं...भगवान शिव और माता पार्वती के पवित्र निवास स्थान तिब्बत में मौजूद कैलाश पर्वत से जुड़ी 'कैलाश मानसरोवर यात्रा-25' के लिए बुधवार को कुल 750 तीर्थयात्रियों का चयन किया गया है। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने चुने हुए यात्रियों का लकी ड्रॉ निकाला। पांच साल बाद 2025 में यात्रा की शुरुआत हो रही है। इस वर्ष जून से अगस्त तक कैलाश





मानसरोवर यात्रा संपन्न होगी। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 30 जून 2025 को रवाना होगा। मालूम हो कि पूर्व में वैश्विक कोरोना महामारी और उसके बाद 2020 के मध्य से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीन की ▸▸ शेष पेज 7 पर

## मुख्यमंत्री नायब ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर दी बधाई

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ उठाए कड़े कदमः मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की बधाई दी और सेना का आभार जताया। इसके उपरांत हरियाणा भवन नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के जांबाज सैनिकों ने आतंकी ठिकानों को उनकी सर जमीन पर ही मिट्टी में मिलने का काम किया है। ऐसा ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री ही ले सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने कायराना हरकत



कर निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतारा। इस घटना से देश के लोग आहत थे और उनमें रोष था। देश के नागरिक आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई चाहते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और हमारे सैनिकों ने आतंकियों को उन्हीं की सर जमीन पर जाकर धूल में मिलाने का काम किया। उन्होंने ▸▸ शेष पेज 7 पर

# 27 नक्सली ढेर, डेढ़ करोड़ का इनामी खूंखार नक्सली बसव भी मारा गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर (छग)

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में अब तक 27 नक्सलियों के मारे जाने की



खबर है। बताया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। कई नक्सलियों के शव और भारी संख्या में हथियार बरामद होने की खबर है। मुठभेड़ में एक जवान के ▸▸ शेष पेज 7 पर

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY
KIIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India
8th in India (both Govt. & Pvt.) in the Times Higher Education (THE) Asia University Ranking 2025
A++ Grade Accredited by NAAC
Tier 1 Re-accredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
ABET (US) Accreditation
THE 601-800 University Ranking World University Rankings 2024
IET Accredited Programme The Institute of Engineering and Technology
KIIT SCHOOL OF PUBLIC HEALTH
ADMISSION OPEN
Apply Now — Through the website www.kiitee.kiit.ac.in
Last Date to Apply 4th June 2025 — No Examination Fee (Computer-Based Test)
COURSE OFFERED
- Master of Public Health (MPH) 2 years &
- Master of Hospital Administration (MHA) 2 yrs
Eligibility: Graduates from all Streams
- Ph.D
Why KIIT School of Public Health?
- Global Faculty Exposure
- Industry Partnerships
- Diverse Campus
- Highly Qualified Faculty
- Internship Opportunities
- Placement in Leading Hospitals & Organizations
Scan to Apply
Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT Bhubaneswar-751024, Odisha, India | Ph: 8080 735 735 Fax : 0674 - 2741465 | Email: admission@kiit.ac.in Website: www.kiitee.ac.in
CALL Now | +91 0674 7105376 director.ksph@kiit.ac.in
KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

## बदला सा नजर आने लगा है केंद्रीय चुनाव आयोग

# 'कम्युनिकेशन-गैप' को पाटने, नया और बड़ा करने जुटे हैं सीईसी ज्ञानेश कुमार

शिशिर सोनी ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फरवरी में जिम्मेदारी संभालने के बाद केंद्रीय चुनाव आयोग के कामकाज में तेजी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां चुनाव आयोग एक ऐसा नायाब मोबाइल-एप तैयार कर उसका ट्रायल शुरू कर चुका है। एप चुनाव संबंधित जानकारियों का पिटारा होगा। चुनाव के समय किसी तरह की गलत सूचना से बचने के लिए एप के लांच की तैयारी है। मुख्य चुनाव आयुक्त को इस बात का भान है कि देशभर के करोड़ों लोग एक साथ एप डाउनलोड करेंगे तो एप को पूरी तरह सुरक्षित रहना चाहिए। उसी को कसौटी पर इन दिनों कसा जा रहा है।



बिहार विधानसभा चुनाव से पहले इसे लांच कर दिया जाएगा। वहीं, दूसरी तरफ चुनावों के सभी स्टेक-होल्डर्स के साथ बैठकों का सिलसिला चलाकर किसी भी तरह की शिकवा शिकायतों और संशय को दूर करना भी मुख्य चुनाव आयुक्त की 'इटीनरी' में शुमार है। यही वजह है कि उन्होंने इसी महीने में बारी बारी से विभिन्न दलों के नेताओं से अलग अलग ▸▸ शेष पेज 7 पर

### पत्रकारों के माध्यम से जनता तक सटीक जानकारी पहुंचाएंगे

*मुख्य चुनाव आयुक्त हर उनकी समूची टीम को मानना है कि राजनीतिक दलों और मीडिया से अगर खुलकर बातचीत कर बीच के दीवारों को ढहाया जाए तो चुनाव से लेकर परिणाम आने तक तमाम तरह की ऐसी खबरों पर अंकुश लगाया जा सकता है जिनका वास्तविकता से कोई लेना देना नहीं। पत्रकारों से संवाद में चुनावी प्रक्रियाओं, मतदाता जागरूकता, और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी साझा की जाएगी। पत्रकारों के माध्यम से कोशिश की जाएगी कि जनता तक सटीक जानकारी पहुंचे। गलत सूचनाओं और अफवाहों को रोका जा सके।*

### ईसीआई-नेट होगा गेम चेंजर

*भारत निर्वाचन आयोग एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआई-नेट लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है, जो मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के लिए एक सिंगल-पॉइंट समाधान होगा। अलग-अलग ऐप्स डाउनलोड करने और बार-बार लॉगिन करने की आवश्यकता इस एप के आने के बाद खत्म हो जाएगी। एप में चुनाव आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशन्स को एकीकृत किया जाएगा। जिसमें वोटर्स हेल्पलाइन, ई-विजिल, सुविधा, सक्षम, ईएसएमएस, केवाईसी एप और वोटर्स टर्न* ▸▸ शेष पेज 7 पर

## वजीरपुर में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नई दिल्ली। वजीरपुर जेजे कालोनी के एल ब्लॉक सामुदायिक केंद्र के पास बुधवार सुबह एक युवक मृत हालत में पाया गया। मृतक का नाम दीपक कुमार गोंड (26) निवासी ग्राम महेशपुर, तहसील बारूडीह रुद्रपुर, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश बताया गया है। घटना को लेकर पुलिस को शक है कि दीपक की मौत सोते समय छत से गिरने के कारण हुई है। शव को बीजेआरएम अस्पताल की मोर्चरी भेजा गया है। पुलिस के अनुसार सामुदायिक केंद्र, एल ब्लॉक, जेजे कॉलोनीमें सुबह 8 बजकर 58 मिनट पर एक शव मिलने के संबंध पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो एक युवक का शव पड़ा था। शव पर कोई बाहरी चोट नहीं दिख रही थी, हालांकि मुंह और कान से खून बह रहा था। एफएसएल और क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। शव और आसपास के इलाके की गहन जांच की गई।

आसपास के इलाकों में पूछताछ के बाद मृतक की पहचान सुनिश्चित की गई। पता चला कि वह घटनास्थल के बगल वाले कमरे में किराएदार के तौर पर रह रहा था। जांच में पता चला कि मृतक संभवतः सुबह के समय किराए के परिसर की छत से गिर गया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। छत और किराए के कमरे का निरीक्षण क्राइम टीम और एफएसएल अधिकारियों ने किया। छत के कोने पर एक टूटी हुई ईंट मिली और मृतक की सफेद शर्ट वहां एक दीवार पर लटकी हुई थी। निष्कर्षों और गवाहों के बयानों के आधार पर फिलहाल किसी गड़बड़ी का संदेह नहीं है और मौत का कारण ऊंचाई से गिरना माना जा रहा है। किराए के कमरे के मकान मालिक मोहम्मद फिरोज ने बताया कि मृतक ने 4-5 दिन पहले कमरा किराए पर लिया था और वह इलेक्ट्रीशियन था।

### ऑनलाइन शेयर बाजार के माध्यम से निर्दोष लोगों को बनाते थे निशाना

# बीएसएफ के रिटायर्ड इंस्पेक्टर से 24 लाख की ठगी में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले की साइबर पुलिस ने शेयर बाजार रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पकड़े गये दोनों आरोपी ऑनलाइन शेयर बाजार के माध्यम से उच्च रिटर्न के बहाने निर्दोष लोगों को ठगते थे। इनके पास से दो मोबाइल फोन, एक चेक बुक और अपराध में इस्तेमाल तीन बैंक किट बरामद हुई है। गत दिनों इन्होंने बीएसएफ के रिटायर्ड इंस्पेक्टर को 24 लाख से ज्यादा का चूना लगाया था।

पुलिस के अनुसार दक्षिण जिले की साइबर टीम ने 9 अगस्त 2024 को दर्ज ठगी के मामले में रवि वर्मा और नीरज वर्मा की जोड़ी को गिरफ्तार किया है। यह केस पुष्प विहार सेक्टर चार के एफ ब्लॉक में रहने वाले बीएसएफ के रिटायर्ड इंस्पेक्टर की ऑनलाइन शिकायत के बाद दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि उनके साथ आईपीओ, ब्लॉक ट्रेड और




शेयर मार्केट मुनाफे के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 24,54,216 रुपए की ठगी की गई है।

मनी ट्रेल्स के विश्लेषण से पुलिस टीम यह पता लगाने में कामयाब रही कि ठगी गई राशि एक ही लेनदेन में किस बैंक खाते में स्थानांतरित की गई थी। यह खाता नैतिक ट्रेडर्स के नाम से पंजीकृत पाया गया, जो रवि वर्मा निवासी आदर्श नगर, बल्लभगढ़, फरीदाबाद हरियाणा के नाम पर पंजीकृत था। रवि वर्मा को पकड़ लिया गया। उसने अपने साथियों के साथ उपरोक्त अपराध कबूल किया। उसकी निशानदेही पर उसके साथी नीरज वर्मा को भी अरेस्ट किया गया।

# आग से पत्थर मार्केट की आधा दर्जन दुकानें खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के कोटला मुबारकपुर स्थित पत्थर मार्केट में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई। आग टीन शेड की छह दुकानों में लगी थी, जिनमें कपड़े, तिरपाल स्टेशनरी और कॉस्मेटिक का सामान रखा हुआ था। करोड़ों के नुकसान का आंकलन किया गया है। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग लगने से इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया था।

दमकल निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग की सूचना तड़के 4 बजकर 8 मिनट पर मिली थी। दमकल की नौ गाड़ियों को पत्थर मार्केट, कोटला मुबारकपुर घटनास्थल पर भेजे गये। सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। आग कैसे लगी यह पुलिस जांच का विषय है।

# सांसद बिधूड़ी ने किया योजनाओं का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र में देहात के गांवों में लगभग पौने तीन करोड़ रुपए की विकास योजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने विशेष तौर पर दिल्ली देहात के लिए पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था की है। इसलिए अब दिल्ली देहात के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सांसद बिधूड़ी ने दक्षिण दिल्ली क्षेत्र के पालम, खानपुर और मदनगीर



इलाके में इन विकास कार्यों की शुरुआत की। पालम गांव में लगभग 1 करोड़ 55 लाख रुपए की लागत से सड़कों और नालियों का निर्माण किया जाएगा। यह कार्य बुधवार से आरंभ हो गए। मदनगीर गांव में भी 85 लाख रुपए की लागत से सड़कों और नालों के विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा अम्बेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र के खानपुर वार्ड में दो पार्कों के विकास के लिए लगभग 35 लाख रुपए के कार्यों की शुरुआत की गई। इस क्षेत्र में पार्कों की सुविधा से लोगों को बहुत लाभ होगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों के अलावा पालम क्षेत्र के विधायक कुलदीप सोलंकी, निगम पार्षद सीमा पंडित एवं निगम पार्षद ममता यादव भी उपस्थित रहीं।

# दिल्ली सरकार ने अधिकारियों की छुट्टियां रद्द करने का आदेश लिया वापस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने पाकिस्तान के साथ इस महीने की शुरुआत में हुए सैन्य संघर्ष के मद्देनजर अपने अधिकारियों की छुट्टियां रद्द करने के आदेश को बुधवार को वापस ले लिया। दिल्ली सरकार के सेवा विभाग ने कहा कि अधिकारियों/ कर्मचारियों की सभी छुट्टियां रद्द करने संबंधी आठ मई का उसका पिछला आदेश तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है। आठ मई के अपने आदेश में विभाग ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष से उत्पन्न किसी भी आपातकालीन स्थिति के मद्देनजर अगले आदेश तक दिल्ली सरकार के सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी थीं। हालांकि, कुछ दिनों के बाद स्थिति में सुधार हुआ क्योंकि 10 मई को दोनों देशों ने तत्काल प्रभाव से सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला किया। भारतीय सशस्त्र बलों ने छह-सात मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया, जो 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की प्रतिक्रिया थी। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

# 25 हजार का इनामी ड्रग तस्कर गुजरात से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज ने मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में 25 हजार के इनामी भगौड़े अपराधी को गुजरात से गिरफ्तार किया है। 24 वर्षीय आरोपी का नाम उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर निवासी बाजिद खान बताया गया है। वह अपराध शाखा थाने में दर्ज नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में वांछित है। फरवरी में ही इसे भगौड़ा घोषित किया गया था। आरोपी मई 2023 से गिरफ्तारी से बच रहा था। डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि बाजिद खान का नाम पहले पकड़े गये इमरान खान उर्फ साहिल से पूछताछ के दौरान सामने आया था। इमरान को पिछले साल 269 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ के साथ पकड़ा गया था। इमरान ने मादक पदार्थ बाजिद से मिलने की बात



कही थी। पुलिस की टीम ने पहले उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर और बहराइच में छापेमारी की, लेकिन बाजिद खान वहां नहीं मिला। बाद में पता चला कि वह गुजरात के मोरबी में है। टीम 15 मई को गुजरात पहुंची और कई जगहों पर छापेमारी की गई। आखिर में बाजिद खान को मोरबी से गिरफ्तार किया गया।

# ज्वैलरी शॉप में डकैती और पुलिस से गोलीबारी में शामिल रहे दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आर के पुरम पुलिस ने दो शातिर अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास 25 वर्षों से अधिक पुराना है और वे दिल्ली और उत्तर प्रदेश में पुलिस के साथ गोलीबारी, आभूषण की दुकान में डकैती, हत्या का प्रयास, गोलीबारी आदि सहित 40 से अधिक मामलों में शामिल रहे हैं। प्रत्येक आरोपी को अदालतों द्वारा तीन अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है। इनके नाम राशिद उर्फ मोसिन और सुनील है। पुलिस के अनुसार करावल नगर में एक आभूषण की दुकान पर हुई सनसनीखेज डकैती और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ भीषण मुठभेड़ में दोनों बदमाश वांछित थे। दोनों 10 मई को आर.के.पुरम में अयप्पा मंदिर के बाहर दिनदहाड़े सोने की चेन छीनने की घटना में भी शामिल थे। 26 किलोमीटर से अधिक के भीड़भाड़ वाले इलाके में 1200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण करके तीन दिनों तक आरोपियों पर नजर रखी गई। इनके कब्जे से दो टूटी हुई सोने की चेन, एक सोने का लॉकेट, पिघला हुआ सोना और अपराध में इस्तेमाल की गई नकली नंबर प्लेट वाली चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। अन्य मामलों में इनकी संलिप्तता स्थापित करने और आगे की बरामदगी के लिए जांच जारी है।

# हत्या और डकैती केस में हथियार मुहैया करवाने वाला अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की एजीएस टीम द्वारा एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी थाना अशोक विहार के हत्या और डकैती के सनसनीखेज मामले से लिंक पाया गया था। पहले भी द्वारका उत्तर थाना एरिया में भी ऐसे ही मामले में आरोपी शामिल रहा है। डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम के हत्थे चढ़े आरोपी का नाम मनोज उर्फ रॉकी वर्तमान पता जिला गाजियाबाद और स्थायी पता जिला हापुड़, उत्तर प्रदेश है। शातिर अपराधी बार



बार अपना ठिकाना बदल रहा था। 25 फरवरी को इसी साल अशोक विहार थाना एरिया में सनसनीखेज डकैती सह हत्या मामले में इसका नाम सामने आया था। केस में इसने अपने सहयोगी फैयाज उर्फ एलन को हथियार और कारतूस मुहैया कराये थे। घटना के बाद इसने अपना फोन बंद कर दिया था और किसी अज्ञात व्यक्ति के नाम से पंजीकृत दूसरे सिम का इस्तेमाल करने लगा।

इससे पहले उसे द्वारका उत्तर पुलिस थाने में दर्ज डकैती और हत्या के सनसनीखेज मामले में गिरफ्तार किया गया था। इसमें वह 2022 से बेल पर था। इसे गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। पूर्व में आरोपी मनोज दो मामलों में शामिल रहा है। 26 फरवरी को अशोक विहार में इसने एक देशी पिस्तौल से फायरिंग करके बैग में नकदी ले जा रहे शख्स से 16.5 लाख रुपये लूट लिए गए थे। पीड़ित के सीने पर गंभीर चोट आई थी और उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया था। जांच के दौरान स्थानीय पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, जिसमें घटनास्थल पर 6-7 संदिग्ध मौजूद पाए गए और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के दौरान रॉकी का नाम सामने आया क्योंकि उसने आरोपी फैय्याज उर्फ एलन को हथियार और कारतूस उपलब्ध कराये थे। इसके साथियों नागेंद्र और रोहित को थाना द्वारका उत्तर में लूटपाट और हत्या के मामले में पीओ घोषित किया गया है।

**SINDHU TRADE LINKS LIMITED**
**Regd. Office:** 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi -110035
CIN: L63020DL1992PLC121695

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be convened on **Friday, 30th May, 2025 at 03:30 P.M.** to consider and approve the Standalone & Consolidated Audited Financial Results of the Company for the Quarter & Year Ended on 31st March, 2025 at the Corporate Office of the Company at 7th Floor, 701, Tower A, Signature Tower, Sector - 30, Gurugram - 122003 through hybrid mode.

This said information is also available on the Company's website at www.sindhutrade.com and may also be available on the website of the stock exchange at www.bseirdia.com and www.nseindia.com.

By the order of the Board
For Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Suchi Gupta
Place: Gurugram Company Secretary
Date: 21st May, 2025 & Compliance Officer

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that the documents bearing original Conveyance Deed executed between **M/s Signature Global (India) Limited (Formally known as Signature Global (India) Pvt Limited)**, a company registered under the Companies Act, 1956, having its registered office at 13th Floor, Dr. Gopal Dass Bhawan, Barakhamba Road, New Delhi, and **Mr. Abhisek Kumar, S/o Mr. Krishna Murari Gupta**, executed on 18-9-23 and registered at Kadipur, Gurugram, has been lost/ misplaced and is not traceable.

The Report of the same has been lodged at Crime Branch, New Delhi dated 7-5-25 vide LR No. 2817672/2025

Any person(s) finding the aforementioned document or having any information regarding its whereabouts is requested to contact at 9311144624, at Tower A, Signature Tower, South City 1, Gurugram, Haryana.

Any person(s) dealing with the aforementioned document shall do so at their own risk and responsibility.

For & on behalf of
M/s Signature Global (India) Limited
CIN No: L70100DL2000PLC104787
Date: 15.5.25
Place: Gurugram

### दक्षिण जिले की संगम विहार पुलिस की कार्रवाही

# 22 आईफोन के साथ ठक ठक गिरोह के बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले की संगम विहार पुलिस ने कुख्यात ठक-ठक गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनसे 22 चोरी के आई फोन और अपराध में इस्तेमाल किया गया एक ऑटो बरामद हुआ है। पकड़े गये बदमाशों के नाम नासिर उर्फ कालिया और अमजद उर्फ खाऊ है।

डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार 5 मई को शिकायतकर्ता तुगलकाबाद स्थित अपने कार्यालय से घर लौटते समय रतिया मार्ग बस स्टॉप पर ट्रैफिक जाम में फंस गया था। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उसकी कार के बाईं ओर से आया, दस्तक दी और दावा किया कि उसका पैर टायर के नीचे आ गया है। जब शिकायतकर्ता उससे बातचीत कर




रहा था, तो एक अन्य व्यक्ति ने दाईं ओर से कार की खिड़की पर दस्तक दी और उसका ध्यान भंग कर मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गये थे। जांच टीम ने आसपास के क्षेत्रों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। मामले से संबंधित सभी तथ्यों के विश्लेषण से पता चला कि अपराधी कुख्यात ठक-ठक गिरोह से संबंधित हैं। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से टीम ने पाया कि अपराध करने के बाद आरोपी पास में खड़े एक ऑटो की तरफ गए थे, जहां एक व्यक्ति तैयार स्थिति में उनका इंतजार कर रहा था। टीम मुस्तफाबाद पहुंची जहां ऑटो मालिक ने कहा कि उसने एक व्यक्ति को किराए पर दिया है। इसके बाद अमजद और नासिर को पकड़ लिया गया। इनके तीसरे साथी का नाम अनीस पता चला है। नासिर छह और अमजद नौ मामलों में शामिल पाया गया है।

# नशीली दवाओं के अवैध भंडारण में एक अरेस्ट

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने दिल्ली कैंट के मेहरम नगर में नशीली दवाओं के अवैध परिवहन और भंडारण पर कार्रवाई की है। रैकेट से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी प्रतिबंधित दवाइयों और प्रतिबंधित विदेशी सिगरेटों के आयात और निर्यात में शामिल था। यह अवैध कारोबार दुबई स्थित सरगना के इशारे पर चल रहा था। आरोपी दुबई में संचार के लिए जंगी और व्हाट्सएप ऐप का इस्तेमाल करता था। पुलिस के अनुसार इसके पास से जब्त दवाओं में अल्प्राजोलम और जोलपिडेम शामिल है। इन दवाओं की 83,090 गोलियां जब्त की गई। इसके अलावा बिना कानूनी चेतावनी या एमआरपी के प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 26 हजार पैकेट बरामद हुये। पकड़ा गया आरोपी संजय कुमार जिला जौनपुर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। दरअसल पुलिस को इनपुट मिला था कि मेहरम नगर में कुछ कूरियर सेवा संचालक कूरियर सेवा की आड़ में प्रतिबंधित नशीली दवाओं और आयातित सिगरेटों का परिवहन कर रहे हैं। उन्होंने मेहरम नगर इलाके में कुछ गोदाम बनाए हैं, जहां ये प्रतिबंधित सामान रखे जा रहे हैं। सूचना पर तेजी से कार्रवाई करते हुए एएनटीएफ टीम ने महीने भर संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी और आखिर में संदिग्ध के स्थान की सफलतापूर्वक पहचान की। आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। इसके पास दिल्ली और एनसीआर में उक्त वस्तुओं की बिक्री, आयात, निर्यात या भंडारण के लिए लाइसेंस आदि नहीं पाया गया। इन प्रतिबंधित वस्तुओं की आपूर्ति मसालों और कपड़ों के डिब्बों में छिपाकर की जाती थी। प्रतिबंधित नशीली दवाइयां और आयातित सिगरेटें भारत से दुबई, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका तक एयर कार्गो के जरिए गुप्त रूप से भेजी जाती थीं। इससे जुड़े लोगों की तलाश में पुलिस जुटी है।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि पानीपत सह. चीनी मिल्स लिमिटेड, पानीपत | औमा मेक मोटराइज्ड वेल्यूज स्पेयर्स के लिए दर अनुबंध + 44 अन्य कार्य। | 21.05.2025 28.05.2025 | 1121.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9138553300 panipatsugamills@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34973/1/88/7 दि. 21.05.25

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**घोषणा**

नीचे तालिका में वर्णित अनुसार पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद् द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप स्क्रीनिंग टेस्ट्स आयोजित करने का निर्णय लिया है :–

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलिज कैडर) | 52/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 01.06.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | अर्थशास्त्र विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलिज कैडर) | 47/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 01.06.2025 (सायंकालीन सत्र) |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात **http://hpsc.gov.in** पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 26.05.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :–**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 21.05.2025 हस्ता/– उप सचिव
संवाद–1156/13/325/2026/34960/88/7 दि. 21.05.25 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला





## खबर संक्षेप

### एनजीटी ने कहा, पेड़ों की जियोटैगिंग पर विचार करे दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली सरकार से राष्ट्रीय राजधानी में वृक्ष गणना करते समय पड़ों की जियोटैगिंग की व्यवहार्यता का पता लगाने को कहा है। एनजीटी दिल्ली के नाहरपुर गांव के पास हरित पट्टी में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। पंद्रह मई के आदेश में एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने दिल्ली सरकार के वकील की इस दलील पर गौर किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी में वृक्ष गणना की जा रही है। अदालत ने वकील की इस दलील पर भी गौर किया कि रिकॉर्डों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिससे पेड़ों की बार-बार कटाई करने वालों की पहचान करने में मदद मिलेगी। पीठ ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी इस प्रक्रिया में पेड़ों की जियोटैगिंग की व्यवहार्यता का पता लगाएंगे, यदि इसे पहले से शामिल नहीं किया गया है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी तथा न्यायिक सदस्य अफरोज अहमद भी शामिल थे।

### दिल्ली में बिजली की मांग पहुंची 7748 मेगावाट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच बुधवार को बिजली की मांग में और उछाल आया और यह इस साल अब तक की सर्वाधिक मांग 7748 मेगावाट तक पहुंच गई। डिस्कॉम अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली द्वारा अधिकतम मांग दोपहर 15.29 बजे दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि 2020 के बाद से 21 मई को बिजली की यह सबसे अधिक मांग थी। पिछले साल मई महीने में अब तक की सबसे अधिक मांग 8302 मेगावाट दर्ज की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में 19 जून 2024 को अब तक की सर्वाधिक अधिकतम मांग 8656 मेगावाट दर्ज की गई।

### प्रदेश कांग्रेस ने मनाई राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि

**नई दिल्ली।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर प्रदेश कार्यालय में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राजीव गांधी की तस्वीर पर फूल अर्पित किए। प्रदेश कार्यालय में लगे राजीव के स्टेच्यू पर माल्यार्पण किया। इससे पूर्व वीर भूमि पर पहुंचकर देवेन्द्र यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी।

## मनोनीत निगम पार्षद सागर त्यागी को दिलाई शपथ

# दिल्ली नगर निगम सदन बैठक में हुआ हंगामा, फिर चली मैराथन बैठक

### पार्षदों को ढाई साल बाद मिला बोलने का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सत्ता परिवर्तन के बाद बुधवार को सदन बैठक के पहले दिन ही महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह के समय से नहीं पहुंचने पर आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने हंगामा किया और उसके बाद महापौर सिंह ने बैठक में ऐसा समा बांधा कि बैठक रात करीब साढ़े सात बजे तक चलती रही और महापौर सिंह ने नाम बोलकर पार्षदों को अपनी बात रखने का मौका दिया। बता दें कि 25 अप्रैल 2025 को आप पार्षदों का संख्याबल कम होने से निगम की सत्ता से आम आदमी पार्टी बाहर हुई और भाजपा ने सत्ता संभाली और राजा इकबाल सिंह महापौर बने। बुधवार को पहली सदन बैठक का आयोजन महापौर राजा इकबाल सिंह की अध्यक्षता में हुआ। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा निगम में मनोनीत सदस्य सागर त्यागी को सदन बैठक में महापौर सिंह ने शपथ भी दिलाई। बैठक में महापौर ने कहा कि निगम ने यूजर चार्ज वापस ले लिए हैं और सम्पति कर में माफी योजना शुरू कर दी गई है।




### आम आदमी पार्टी का संघर्ष सफल रहा : अंकुश नारंग

नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्लीवालों पर जबरन थोपे गए यूजर चार्ज को खत्म करने को लेकर संघर्षरत थी। हमारा यह संघर्ष सफल रहा और भाजपा को मजबूरन होकर यूजर चार्ज वापस लेना पड़ा है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने 100 वर्ग गज की प्रॉपर्टी पर हाउस टैक्स पूरा माफ और 500 वर्ग गज की प्रॉपर्टी का हाउस टैक्स 50 फीसद माफ करने का प्रस्ताव पास किया था। इस स्कीम को अभी तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने भाजपा के महापौर से अपील की कि इस स्कीम को लागू किया जाए, ताकि दिल्ली की जनता को और राहत मिल सके।

### महापौर सदन में आओ, घड़ी दिखाते हुए आप ने की नारेबाजी

बता दें कि निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में सदन की बैठक के आयोजन का पहले समय 2 बजे निर्धारित था लेकिन इसे फिर ढाई बजे निर्धारित कर दिया गया। सदन बैठक में ढाई बजे भाजपा, आम आदमी पार्टी, इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी और कांग्रेस के पार्षद पहुंच गए थे लेकिन ढाई बजे तक महापौर के सदन बैठक में नहीं पहुंचने से आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने महापौर सदन में आओ, घड़ी में समय दिखाते हुए नारेबाजी की और करीब दस मिनट बाद जब महापौर आए तो हंगामा रूक गया। इसके बाद जैसे ही महापौर ने सदन में भाजपा की तरफ से पार्षद को बात रखने का मौका दिया तो विपक्ष में अन्य दलों के पार्षदों ने नेता सदन नहीं होने का हवाला देते हुए फिर हंगामा शुरू कर किया। फिर बैठक में शोक प्रस्ताव पढ़ा गया उसके बाद सदन में अल्पकालिक प्रश्न डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जलभराव विषय पर चर्चा शुरू कर दी गई। इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी के अध्यक्ष मुकेश गोयल ने कहा कि वह जनहित में कार्य करेंगे और जनता की आवाज को सदन में उठाएंगे। वहीं, कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने कर्नल सोफिया के समर्थन में भाजपा मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### सत्ता पक्ष-विपक्ष के सदस्यों ने खोली पोल

अल्पकालिक प्रश्न डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जलभराव विषय पर चर्चा में विपक्ष के पार्षदों ने कहा कि उनके वार्ड में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। नालों की सफाई नहीं हो पा रही है और जलभराव से दिल्ली को बचाना है तो सभी विभागों में सामंजस्य जरूरी है। इसके अलावा पार्षदों ने सफाई कर्मियों की कमी और डीबीसी कर्मियों की कमी पर भी चर्चा की। विपक्ष के नेता अंकुश नारंग ने कहा कि जनहित में हम सत्तापक्ष के साथ और यदि सत्ता पक्ष जनता के हित में कार्य नहीं करेगा तो हम यहां हंगामे के माध्यम से रोष व्यक्त भी करेंगे। इस दौरान सत्तापक्ष के कई पार्षदों ने सदन बैठक में चर्चा होने का स्वागत किया तो वहीं दूसरी तरफ विपक्ष के पार्षदों ने कहा कि भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए सिर्फ हंगामा किया चर्चा नहीं।

## दिल्ली में निकाली गई 'खालसा तिरंगा यात्रा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एक भी निर्दोष जान की हानि हमें कतई मंजूर नहीं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह संदेश देना चाहती हूं कि देश का युवा हर पल मातृभूमि की सेवा के लिए आपके साथ खड़ा है। ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को सम्मान देने के लिए दिल्ली में सिख समुदाय द्वारा निकाली गई 'खालसा तिरंगा यात्रा' को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाते के बाद यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि आज की तिरंगा यात्रा केवल एक रैली नहीं, बल्कि उन वीर सैनिकों के सम्मान में देश की ओर से एक दृढ़ संदेश है, जिन्होंने हमारी सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। यह दृश्य अपने आप में ऐतिहासिक है, जहां सभी लोग तिरंगे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। यह यात्रा हमारी एकता, संकल्प और देशभक्ति का प्रतीक है। अब समय आ गया है कि पूरा देश एकजुट होकर एक स्वर में बोले, आतंकवाद अब सिर्फ चर्चा का विषय नहीं रह गया है। देशभक्ति और एकता के इस अद्भुत प्रदर्शन में हजारों युवाओं संग मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने भी हिस्सा लिया। इंडिया गेट युद्ध स्मारक पर तिरंगा रैली का समापन हुआ जहां राष्ट्र के शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर देशभक्ति के गीत और नारों से वातावरण गूंज उठा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व करते हुए कहा कि आज राजधानी के हजारों की संख्या में सिख समुदाय के युवक गर्व के साथ दिल्ली की सड़कों पर तिरंगा लेकर हमारी सेना, नौसेना और वायुसेना के साहस को नमन करने के लिए निकले हैं। सिरसा ने कहा कि हम उन वीर सैनिकों को सलाम करते हैं जिन्होंने सैकड़ों किलोमीटर दूर दुश्मन के क्षेत्र में जाकर खतरे का सफाया किया।



## महान राष्ट्रीय नेताओं की तस्वीर लगाने का प्रस्ताव पारित किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को दिल्ली विधान सभा की सामान्य प्रयोजन समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से एक ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव के माध्यम से भारत के तीन महान राष्ट्रीय नायकों वीर विनायक दामोदर सावरकर, महर्षि दयानंद सरस्वती और पंडित मदन मोहन मालवीय की स्मृति में उनकी तस्वीरें दिल्ली विधान सभा परिसर में लगाई जाएंगी। यह निर्णय इन महान विभूतियों के भारत के स्वतंत्रता संग्राम, सामाजिक सुधार और शैक्षणिक जागरण में दिए गए अद्वितीय योगदान को सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल उनके प्रेरणादायी विचारों और कार्यों को चिरस्थायी बनाने की दिशा में है, बल्कि यह विधान सभा की उस परंपरा का भी अनुसरण है जिसके अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तस्वीरें विधानसभा परिसर में स्थापित की गई हैं।

### भाजपा को सावित्री बाई फुले की तस्वीर मंजूर नहीं : आतिशी

नई दिल्ली। भाजपा को दिल्ली विधानसभा में देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की तस्वीर लगाना मंजूर नहीं है। लिहाजा, बुधवार को आयोजित दिल्ली विधानसभा की सामान्य प्रयोजन समिति की बैठक में आम आदमी पार्टी के दो विधायकों द्वारा विधानसभा प्रांगण में सावित्री बाई फुले की तस्वीर लगाने की मांग का लाया गया प्रस्ताव भाजपा ने पारित नहीं किया। 'आप' की वरिष्ठ नेता एवं नेता विपक्ष आतिशी ने एक्स पर कहा कि आज दिल्ली विधानसभा की 'सामान्य प्रयोजन समिति' की बैठक में आम आदमी पार्टी के दो विधायकों ने प्रस्ताव रखा कि विधान सभा में सावित्रीबाई फुले की तस्वीर लगे। परंतु भाजपा ने यह प्रस्ताव पारित नहीं होने दिया। क्यों? क्योंकि भाजपा दलित विरोधी, महिला विरोधी और शिक्षा विरोधी है।

## वाणिज्यिक वाहनों से तेजी से होगी टोल वसूली : एमसीडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के 'टोल प्लाजा' को आधुनिक रूप देने की तैयारी की जा रही है ताकि कर संग्रह ढांचे का उन्नयन किया जा सके। इसके साथ ही दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) वाणिज्यिक वाहनों से 'ईसीसी' सहित तेजी से टोल संग्रह के लिए 156 प्रवेश बिंदुओं को एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) मानकों के अनुरूप बनाने की योजना बना रहा है। एक अधिकारी के अनुसार, 997 करोड़ रुपये की नयी निविदा के तहत, नगर निकाय ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने वाले वाणिज्यिक वाहनों से टोल और पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (ईसीसी) संग्रह के लिए प्रणाली के उन्नयन की योजना बनाई है, जिसमें आरएफआईडी-आधारित व्यवस्था, डिजिटल एकीकरण और मानकीकृत संचालन शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि एमसीडी के टोल टैक्स विभाग ने इन निर्दिष्ट सीमाओं पर टोल और ईसीसी संग्रह का प्रबंधन करने के लिए निजी ठेकेदार की नियुक्ति की खातिर को 'प्रस्ताव हेतु अनुरोध" जारी किया है। निगम के अनुसार चयनित ठेकेदार तीन वर्षों तक एनएचएआई के मानकों के अनुसार टोल प्लाजाओं के उन्नयन, संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार होगा। उसके कार्यकाल को छह महीने तक या नए ठेकेदार की नियुक्ति होने तक बढ़ाया जा सकता है।

## एसैप से जुड़ कर अपनी आवाज करें बुलंद : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के छात्र विंग एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप) के सदस्य युवराज तंवर, दीपक बंसल और यश फोगाट ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर संयुक्त प्रेसवार्ता कर आगे की रणनीति के बारे में जानकारी साझा की। युवराज तंवर ने कहा कि मंगलवार को राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कांस्टिट्यूशन क्लब में सभी छात्रों के लिए एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप) को लॉन्च किया। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की राजनीति में जो करके दिखाया, उसका डंका अपने देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में बजा। उन्होंने देश को एक वैकल्पिक राजनीति प्लेटफार्म दिया। हमारी राजनीति में शिक्षा, गरीबों की बुनियादी सुविधाओं, महिलाओं के हक की बात होने लगी।

## 'भाजपा की आपदा सरकार के शिकार हुए दिल्लीवालों की आवाज बनें आप विधायक'

# तीन महीने में ही शिक्षा माफिया हावी, पानी-बिजली व्यवस्था ठपः आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में तीन महीने में ही शिक्षा माफिया हावी हो गया है और पानी-बिजली व्यवस्था ठप हो गई है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और नेता विपक्ष आतिशी के साथ पार्टी के सभी विधायकों से बुधवार को मुलाकात करने के बाद भाजपा पर निशाना साधते हुए यह बातें कही। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा की आपदा सरकार के शिकार हुए दिल्लीवालों की आवाज आप विधायक बनें। इस दौरान दिल्ली के मौजूदा हालात पर चर्चा हुई। विधायकों ने बताया कि दिल्ली के तमाम इलाकों में साफ पानी की भारी कमी है। सभी विधानसभाओं में जल संकट बढ़ता जा रहा है। इस साल दिल्ली में कही भी पानी की नई पाइप लाइन बिछाने का काम नहीं हुआ है। चर्चा के दौरान सबसे पहले एक-एक विधायक ने अपने क्षेत्र में ठप हुए विकास कार्यों और जनता की समस्याओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि आप सभी से मिले काफी दिन हो गए थे। आज सबसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। आगे भी इसी तरह से नियमित रूप से मुलाकात होती रहेगी। नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि विधायकों ने फीडबैक दिया है कि चार इंजन वाली भाजपा सरकार से जनता परेशान है और केजरीवाल सरकार को याद कर रही है।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा झूठे वादे कर दिल्ली की सत्ता में आईं, इसलिए एक भी वादे पर खरा नहीं उतर पाई। जनता के हर सुख-दुख में खड़े रहें, उनकी समस्याओं का समाधान कराएं। विधायकों ने बताया कि बीते तीन महीने में भाजपा की सरकार गर्वनेंस के मामले में पूरी तरह फिसड्डी साबित हुई है। दिल्ली की जनता ने बड़ी उम्मीदों और सपनों के साथ 27 साल बाद भाजपा को सत्ता में वापसी का मौका दिया था, लेकिन भाजपा के सत्ता में आते ही जनता की सारी उम्मीदों और सपनों पर पानी फिर गया है।

विधायकों ने बताया कि पिछले तीन महीने पूरी दिल्ली में असमय पॉवर कट लग रहे हैं। भीषण गर्मी में बिजली कटौती के चलते लोग परेशान हैं और इनवर्टर लगाने के लिए मजबूर है।



### दिल्ली में जगह-जगह लग रहे हैं घंटों पावर कट : भारद्वाज

दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में जगह-जगह घंटों पावर कट भी लग रहे हैं और लोग बिजली कटौती से परेशान हैं। इस दौरान तय किया गया कि 'आप' विधायकों का एक प्रतिनिधि मंडल बिजली-पानी के मुद्दे पर जल्द ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलने जाएगा। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के कई इलाकों में पानी की समस्या चल रही है। इसलिए 'आप' विधायकों के प्रतिनिधि मंडल का सीएम रेखा गुप्ता से मिलना जरूरी हो गया है। समस्याओं के बारे में जानकारी दी।

## एमसीडी ने आयोजित किया 'प्लास्टिक फ्री पब्लिक स्पेसेस' कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** शहरी जीवन शैली और पर्यावरण जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, खेल एवं युवा मंत्रालय तथा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के सहयोग से बुधवार को रोहिणी जोन स्थित दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) के डॉ. बी. आर. अंबेडकर ऑडिटोरियम में "प्लास्टिक फ्री पब्लिक स्पेस" विषय पर एक मेगा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली प्रतिदिन 11 हजार टन से अधिक कचरा उत्पन्न करती है, जिसमें लगभग 1,100 टन प्लास्टिक शामिल है। उन्होंने नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) द्वारा किए जा रहे सक्रिय प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि इस प्लास्टिक कचरे में से लगभग 858 टन या तो पुनर्चक्रित किया जाता है या ऊर्जा उत्पादन हेतु सह-प्रसंस्करण किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह सही दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिर भी, हमें और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उपमहापौर जय भगवान यादव ने कहा कि प्लास्टिक अपशिष्ट आज के समय का एक गंभीर संकट है, जिसके लिए आधुनिक समाधान आवश्यक हैं।

## खबर संक्षेप

### अरेस्ट करने की बात कहकर 15 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम ईस्ट थाना एरिया में जालसाज ने पुलिस अधिकारी बनकर एक युवक से




उसकी पत्नी को अरेस्ट करने की बात कहकर 15 हजार रुपए की ठगी कर ली। युवक ने अपनी पत्नी से बात की तो पता चला कि वह तो घर पर है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में दरबारीपुर रोड सेक्टर-69 के रहने वाले सरिफुल मौला ने बताया कि उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आई।

### अलग-अलग मामलों में 3 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अवैध हथियार रखने



वालों पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर 65, क्राइम ब्रांच डीएलएफ व क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 3 आरोपियों को 3 देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। सागर निवासी बल्लभगढ़ फरीदाबाद को आगरा मेवात को क्रेसर रोड जोन धौज से देशी कट्टा सहित काबू किया।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित वाहन चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने एक वाहन चोर को



मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गुलफाम निवासी बाबा नगर सैक्टर-19 फरीदाबाद ने पुलिस चौकी सैक्टर-16 फरीदाबाद में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह 11 अप्रैल को रात्री 8 बजे जिम करने के लिए हुडा मार्किट सैक्टर 16 फरीदाबाद आया था जो मैंने मोटरसाईकिल को हुड मार्किट की पार्किंग में खड़ी कर दी थी और मैं जिम करने के लिये जिम के अंदर चला गया था।

## नए सदस्यों को दी गई सदस्यता

# एसोसिएशन ऑफ टैक्स लॉयर्स की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एसोसिएशन ऑफ टैक्स लॉयर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंहा का भव्य स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर उन्हें फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संगठन की एकता और विस्तार को मजबूत करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। बैठक में हरियाणा के महासचिव एडवोकेट संदीप सेठी और सीनियर एडवोकेट विजय शर्मा सहित कई गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। विशेष रूप से नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन की बैच लगाकर सदस्यता प्रदान की गई, जिससे उनका मनोबल और जुड़ाव संगठन से और अधिक गहरा हुआ। बैठक में टैक्स अधिवक्ताओं की व्यावसायिक चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।



एडवोकेट संदीप सेठी ने कहा कि टैक्स लॉयर्स को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए और संगठन को मजबूत बनाना चाहिए। वहीं, एडवोकेट विजय शर्मा ने कहा कि केवल संगठन के माध्यम से ही अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के ज्ञानवर्धन के लिए समय-समय पर सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जानी चाहिए।

शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं ने इस बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर एडवोकेट विजय शर्मा, नरेंद्र सिंह, अमित मदान गाजियाबाद, अमर सिंह, पूर्व महासचिव एडवोकेट राजेश गुप्ता, दलीप कुमार, विवेक अग्रवाल, बृज मोहन सैनी, अरविंद पटेल, तजेंद्र मलिक, निधि सहाई और अतुल शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन की सदस्यता प्रक्रिया को और सरल व पारदर्शी बनाया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा अधिवक्ताओं को इससे जोड़ा जा सके। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शर्मा द्वारा आभार प्रकट करते हुए किया गया।

## सीजन 2 का पहला शुक्रवार रहेगा देश और देशभक्तों के नाम

# अनप्लग्ड लाइव म्युज़िकल फ्राइडेः आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर सजेगी सुरों की महफ़िल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

शुक्रवार, 23 मई से एनसीआरटीसी एक बार फिर से नमो भारत अनप्लग्डः म्युज़िकल फ्राइडे के साथ सुरों की महफ़िल सजाने के लिए तैयार है। यात्रियों के इस पसंदीदा कार्यक्रम के सीज़न 2 का आयोजन इस बार आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर किया जा रहा है।

अब नमो भारत के यात्री और अन्य संगीत प्रेमी हर शुक्रवार शाम 6 बजे स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल पर एक बार फिर से उभरते हुए कलाकारों द्वारा लाइव संगीत प्रस्तुतियों का आनंद ले सकेंगे। यह आयोजन सभी के लिए निशुल्क है।




### पहले सीजन में मिली सफलता से प्रेरित है दूसरा सीजन

गाज़ियाबाद नमो भारत स्टेशन पर आयोजित 'नमो भारत अनप्लग्डः लाइव म्यूजिकल फ्राइडे सीजन-1' यात्रियों के बीच बेहद लोकप्रिय रहा था। इस संस्करण के दौरान संगीतमय शामों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसने शुक्रवार की शाम नमो भारत स्टेशन को मनोरंजन और सामुदायिक जुड़ाव का केंद्र बना दिया। नमो भारत न केवल तेज़, विश्वसनीय, आरामदायक और सुरक्षित परिवहन सेवा प्रदान कर यात्रियों के दैनिक जीवन को आसान बना रहा है, केवल एक स्टॉप के बजाए एक जीवंत, सामाजिक केंद्र में परिवर्तित कर उनकी यात्रा को और सुखद बना देती है।

### इच्छुक कलाकार अपना पंजीकरण कराएं

स्कूल, कॉलेजों और एनसीआर के अन्य उभरते संगीत बैंड या एकल कलाकार नमो भारत अनप्लग्डः लाइव म्यूजिकल फ्राइडे - सीजन 2 में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। अपना पंजीकरण कर सकते हैं और इस संगीतमय सफर का हिस्सा बन सकते हैं। इस मंच के द्वारा उन्हें अपनी प्रतिभा को सैकड़ों श्रोताओं तक एक साथ पहुँचाने का सुनहरा मौका मिलेगा।

### पहला शुक्रवार देशभक्ति और सेना के वीरों के नाम

इस संस्करण का पहला शुक्रवार देश, देशभक्ति और भारतीय सेना के वीर जवानों के अदम्य साहस एवं वीरता के नाम रहेगा। यह भारत माता के सम्मान और गौरव तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति एनसीआरटीसी की अटूट एवं सतत प्रतिबद्धता को सुरों में सजाकर, यात्रियों को भी इसमें शामिल करने की एक छोटी सी कोशिश है। इस शाम की सभी प्रस्तुतियाँ इसी थीम से जुड़ी हुई होंगी। नमो भारत अनप्लग्डः लाइव म्यूजिकल फ्राइडे के इस नए संस्करण में श्रोताओं को भी इस संगीतमय शाम में भागीदारी करने का मौका मिल सके, इसके लिए एनसीआरटीसी एक नए सेगमेंट, ऑन-द-स्पॉट अंताक्षरी की भी शुरुआत कर रहा है। इसमें वहाँ उपस्थित श्रोता भी इस सुर संध्या में भाग ले सकेंगे। म्युज़िकल फ्राइडे स्कूल, कॉलेजों और एनसीआर के अन्य उभरते संगीत बैंड्स या एकल कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने संगीत से एक साथ हज़ारों श्रोताओं का दिल जीत सकते हैं। साथ ही, दिन के अंत में थककर लौटते हुए यात्रियों का मनोरंजन कर उन्हें भी एक मौका देता है कि वे दो पल ठहर कर, अपने तनाव भूल कर, एक खूबसूरत शाम का आनंद ले सकें।

## कांग्रेसी नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

# भारत में सूचना क्रांति स्व. राजीव गांधी की ही देनः बलजीत कौशिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 34 पुण्यतिथि जिले के कांग्रेसी नेताओं ने श्रद्धापूर्वक मनाई। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने ओल्ड फरीदाबाद स्थित स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा को गंगाजल से साफ करके उस पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए बलजीत कौशिक ने कहा कि राजीव गांधी भारत में सूचना क्रांति के जनक माने जाते हैं।

देश के कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रान्ति का श्रेय उन्हें जाता है। इतना ही नहीं बल्कि स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत रिजर्वेशन दिलवाने का काम उन्होंने ही किया। कौशिक ने कहा कि मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार राजीव गांधी ने दिलवाया। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में राजीव गांधी के सहयोग को नकारा नहीं जा सकताए आज भारत देश जो उन्नति के शिखर पर पहुंचा है उसकी नींव राजीव गांधी द्वारा ही रखी गई थी।

कौशिक ने कहा कि राहुल गांधी स्व. राजीव गांधी के सपनों को साकार करने में जुटे है और उन्नत भारत निर्माण में अपना योगदान दे रहे है क्योंकि कांग्रेस पार्टी इस देश के विकास के लिए सदैव समर्पित रही है और समर्पित रहेगी। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी के आदर्शो पर चलने का संकल्प लेते हुए देश व समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर विनोद कौशिक चेयरमैन विचार विभाग हरियाणा प्रदेश, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, एआईपीसी (वाईस चेयरमैन) हरियाणा प्रदेश डॉ. सौरभ शर्मा, उमेश कौशिक, राजा सैनी, मेहरचंद पाराशर, नरेश शर्मा, चेयरमैन अब्दुल गफ्फार कुरैशी, हब्बन प्रधान, महेन्द्र यादव आदि।

# रिलेशन बनाने के बाद शादी से मना करने पर युवती ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

फर्रुखनगर एरिया में युवक द्वारा रिलेशन बनाने के बाद शादी से मना करने से आहत होकर युवती ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और मामले में छानबीन कर रही है। हिसार के नारनौंद के इंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी अन्नू फर्रुखनगर स्थित एक कंपनी में नौकरी करती थी। वह श्मशान घाट के पास एक पीजी में रहती थी। अन्नू की मुलाकात उसी कंपनी में काम करने वाले करनाल के चिरोह गांव के रोहित से हुई थी। रोहित अक्सर अन्नू के पीजी में आता-जाता था। आरोप है कि रोहित ने शादी का झांसा देकर अन्नू के साथ शारीरिक संबंध बनाए। लेकिन बाद में वह शादी से मुकर गया। जिससे आहत होकर अन्नू ने बीती 11 मई 2025 को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय पिता सदमे में होने के कारण शिकायत नहीं कर पाए। अब उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मृतका के कमरे से रोहित का आधार कार्ड भी बरामद हुआ है। पिता ने अन्नू का मोबाइल फोन भी पुलिस को सौंप दिया है।

### साइबर थाना एनआईटी की टीम ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी में सेक्टर 21 सी निवासी एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान नंबर से व्हाट्सप कॉल आया। आप को मुंबई क्राइम ब्रांच से बताया और कहा कि आपके आधार कार्ड का प्रयोग करके आपके नाम से केनरा बैंक में अकांउट खुलवाकर उस अकांउट में जेट एयरवेज के मालिक के साथ धोखाधड़ी का पैसा डलवाया है। इस धोखाधड़ी में आपका नाम केस में आया हुआ है और यदि तुम इस केस में से अपना नाम कटवाकर, केस का निपटारा करना चाहते हो तो हमारे बतलाए अनुसार बैंक खाता में पैसा डाल दिजिए। जिसके बाद ठगों ने उसे गिरफ्तारी का डर दिखा कर 77,00,000 रुपए ऐंठ लिए।

# टैगोर की 'चित्रांगदा' पर आधारित नृत्य-नाटिका में गूंजी नारी शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अटोरियम फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिका 'चित्रांगदा – स्त्री की सर्वोच्च ध्वनि' ने दर्शकों के हृदय को गहराई से छू लिया। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की कालजयी रचना पर आधारित यह मंचन केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि नारीत्व, आत्मबोध और सामाजिक पहचान की एक सशक्त अभिव्यक्ति बनकर सामने आया।



कथक, मयूरभंज छाऊ और उदय शंकर स्टाइल जैसी विविध नृत्य शैलियों का मोहक संयोजन, प्रतीकात्मक मंच सज्जा और दिवेंदु घोष की मूल संगीत रचना ने इस प्रस्तुति को एक समृद्ध और प्रभावशाली रंगमंचीय अनुभव में परिवर्तित कर दिया। युद्धभूमि की वीरता से लेकर आत्म-स्वीकृति की यात्रा तक, चित्रांगदा की कहानी को अत्यंत भावनात्मक गहराई के साथ प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे प्रख्यात नृत्यांगना और पद्मश्री से सम्मानित प्रतिभा प्रह्लाद ने संपन्न किया। इस शुभारंभ ने पूरे कार्यक्रम को एक गरिमामय भाव प्रदान किया और कला प्रेमियों व विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक स्वागत हुआ।

निर्देशक राहुल रे ने कहा कि चित्रांगदा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी अपने समय में थी। हर वह महिला जो अपनी पहचान खुद गढ़ना चाहती है, वह कहीं न कहीं चित्रांगदा ही है। दर्शकों की प्रतिक्रिया ने इस बात को और भी स्पष्ट कर दिया। कोरियोग्राफर निशा रे ने बताया कि शास्त्रीय और समकालीन नृत्य रूपों, विशेषकर कथक, मयूरभंज छाऊ और उदय शंकर स्टाइल, ने हमें चित्रांगदा के भीतर की जटिलताओं को उजागर करने का एक सशक्त माध्यम दिया। वह सिर्फ एक योद्धा या प्रेमिका ही नहीं, बल्कि एक नेता और सबसे पहले एक औरत है।


**आभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**(धारा 82 (2) (2020ii) Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल पुत्र सीता राम निवासी मकान नं. बी-ब्लॉक, मंगोलपुरी, दिल्ली** ने एफआईआर सं. **526/2020, अन्तर्गत धारा 279/304ए, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **526/2020, अन्तर्गत धारा 279/304ए, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.07.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री रीतिका जैन**
एलडी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (उ.-प.)
कमरा नं. 105, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/6094/OD/2025 (Court Matter)**


# ठगी करने के मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले को किया गिरफ्तार

## आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया

**फरीदाबाद।** कस्टमर केयर कर्मचारी बन ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने आरोपी प्रांशु यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामला में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर-30 फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि 3 फरवरी को उसने अपना फोन रिचार्ज करना चाहा जो गलती से किसी और नम्बर पर रिचार्ज हो गया। रिचार्ज के रुपए वापिस प्राप्त करने के लिए उसने गूगल से ऑनलाइन कस्टमर केयर का नंबर लिया। कॉल किया तो कॉल नही लगा परंतु कुछ समय बाद एक अंजान नम्बर से उसके पास कॉल आया जिसने मेरी समस्या का समाधान करने का झांसा देकर विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 12,39,626 रुपए अलग-अलग अकांउटों में ट्रांसफर करवा लिए। में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। सेंट्रल की टीम ने आरोपी प्रांशु यादव निवासी गांव रूटोल जिला फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।


MCF MUNICIPAL CORPORATION OF FARIDABAD

**नगर निगम फरीदाबाद**
**सार्वजनिक सूचना**

**खोरी लक्कड़पुर के जिन आबंटियों द्वारा अभी तक आबंटन पत्र प्राप्त नहीं किए गए हैं उनके आबंटन पत्र रद्द करने से पूर्व अन्तिम अवसर देने बारे ।**

खोरी लक्कडपुर के योग्य पाए गए उन सभी आवेदनकर्ताओं जिनको नगर निगम फरीदाबाद द्वारा ई०डबल्यू०एस० फ्लैट आबंटित किया गया है लेकिन उन्होने अभी तक आबंटन पत्र प्राप्त नहीं किया है, को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायलय के SLP No. 7220-21/2017 में पारित आदेश दिनांक 17-03-2025 के अनुसार ऐसे सभी आबंटियों को अन्तिम अवसर देते हुए आबंटन पत्र प्राप्त करने एवं सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने उपरान्त फ्लैट का कब्जा लेने बारे नोटिस जारी किए जाने हैं तथा नोटिस प्राप्ति के तीन सप्ताह के अन्दर यदि आबंटी नियमानुसार कब्जा लेने में विफल रहता है तो उसका आबंटन पत्र रद्द करने बारे आदेश दिए जाने हैं।

सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायलय के उपरोक्त आदेशानुसार नगर निगम फरीदाबाद द्वारा ऐसे सभी आबंटियों को दिनांक 08-05-2025 को नोटिस जारी कर दिए गए हैं तथा सभी नोटिसों की एक प्रति खोरी वैब पोर्टल https://onemapfmda.gmda.gov.in/khori पर भी उपलब्ध करा दी गई है। इसके अतिरिक्त आबंटियों के उपलब्ध मोबाइल नं० पर whatsapp के माध्यम से भी नोटिस की प्रति प्रेषित की गई है व सूचित किया गया है। लेकिन कुछ आबंटियों के फोन नं० उपलब्ध न होने, गलत नं० होने या फोन नं० बन्द होने के कारण व्यक्तिगत सम्पर्क नहीं हो सका।

अतः वर्तमान सूचना के माध्यम से भी सभी आबंटियों से अनुरोध है कि वे किसी भी कार्य दिवस में कमरा नं0 45, सम्पदा शाखा, नगर निगम मुख्यालय नजदीक वी०के० चौक, एन० आई०टी० फरीदाबाद में उपस्थित होकर अपने आबंटन पत्र प्राप्त करते हुए दिनांक 12-06-2025 तक नियमानुसार आबंटित फ्लैट का कब्जा प्राप्त करें अन्यथा इसके पश्चात आवंटन पत्र रद्द माना जाएगा।

दिनांक 20-05-2025

**आयुक्त, नगर निगम, फरीदाबाद**



**हरियाणा सरकार** | **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड-5054 (डब्ल्यू.पी.2024-25) (ग्रुप-3) (जीएसटी के बिना) के तहत सिरसा निर्वाचन क्षेत्र में सिरसा जिले में 4 अदद रोड को चौड़ा करना / मजबूतीकरण, ऊपर उठाना और सीसीबी, आईपीबी / 20 मिमी पीसी पुनः बिछाने के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. सिरसा-नत्तार-मोडिया खेड़ा रोड कि.मी. 0 से 0.30 पर सीसीबी पुनः बिछाने / ऊपर उठाने का प्रावधान (रोड आईडी : 5830) 2. सलारपुर लिंक रोड कि.मी. 0 से 1.01 पर 20 मिमी पीसी का प्रावधान (रोड आईडी : 5878), 3. खाजा खेड़ा से नत्तार रोड कि.मी. 0 से 0.85 तक रोड पर आईपीबी / मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी : 10990), 4. सलारपुर से मंगाला-ऐलनाबाद रोड कि.मी. 0 से 2.90 तक रोड का सुधार (रोड आईडी : 2193) + 1 कार्य। | 20.05.2025 30.05.2025 | 405.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड 3054 के तहत सिरसा जिले में रानियां निर्वाचन क्षेत्र में (डब्ल्यू.पी. 2025-26) कि.मी. 19.535 से 19.935 में सिरसा-ओटू-रानियां डबवाली रोड (एसएच-32) (रोड आईडी 5804) पर सीसीपी के प्रावधान हेतु डीएनआईटी। | 20.05.2025 30.05.2025 | 123.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में आवासीय एक्मॉडेशन सहित गांव निग्धु में सीएचसी का निर्माण (मुख्य भवन के लिए सोलर वाटर हीटिंग सिस्टम का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 21.05.2025 27.05.2025 | 41.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा में बोलने और सुनने में बाधित व्यक्तियों के लिए आर.के.जे. कल्याण केन्द्र में सोलर पावर प्लांट (ग्रिड पर) का प्रावधान। | 20.05.2025 27.05.2025 | 8.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज हिसार | खरड़, हिसार1, धानक चौपाल का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 10 कार्य। | 20.05.2025 02.06.2025 | 64.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव सालवान खण्ड असंध, जिला करनाल में एक्सचेंज वाली गली के निर्माण का विस्तृत आकलन + 4 कार्य। | 20.05.2025 09.06.2025 | 59.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव पबाना हस्सनपुर खण्ड मुनक में मोसम के मकान से नकली राणा के खेत तक रास्ता के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन। | 14.05.2025 03.06.2025 | 18.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज नारनौल | गौड, खण्ड नारनौल - उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 20 कार्य। | 20.05.2025 27.05.2025 | 629.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज पंचकूला | गढ़ी कोताहा - गांव गढ़ी कोताहा खण्ड रायपुर रानी, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 19.05.2025 26.05.2025 | 54.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज रेवाड़ी | रेवाड़ी में जिला परिषद भवन में विद्युत स्थापना कार्य का प्रावधान। | 19.05.2025 29.05.2025 | 832.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव पंचगांव खण्ड बाढड़ा में एससी चौपाल का निर्माण + 2 कार्य। | 20.06.2025 26.05.2025 | 48.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | नवनिर्मित तालाब गांव ढिलनवास के अंदर आउटफॉलिंग और बाढ़ के पानी को निकालने के लिए निर्मित गोरिया पम्प हाउस पर विद्युत कनेक्शनों का प्रावधान (आंतरिक कार्य)। | बंद होने की तिथि 26.05.2025 | 17.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | माधोगढ़ ब्रांच के कि.मी. 7.300 एल/एस से गांव नवां के धोभावाली तालाब को भरने के लिए भूमिगत पाइप लाइन 350 एनपी3 बिछाना + 4 कार्य। | 14.05.2025 26.05.2025 | 60.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 14 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | हरियाणा रोडवेज के डिपो में एक वर्ष की आवश्यकता पूरी करने के लिए विभिन्न आकारों के पॉलीप्रोपिलीन कंटेनर ऑटोमोटिव बैटरियों की खरीद के लिए नई ऑनलाइन निविदा सूचना, लागत रु. 3.37 करोड़ लगभग। | 27.05.2025 16.06.2025 | 3.37 करोड़ | http://wwwhartrans.gov.in | 1722709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 15 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | हरियाणा रोडवेज के डिपो में एक वर्ष की आवश्यकता पूरी करने के लिए थर्मल पेपर रोल्स हेतु नई ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना कुल लागत रु. 1.46 करोड़ लगभग। | 27.05.2025 16.06.2025 | 1.46 करोड़ | http://wwwhartrans.gov.in | 1722709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/300/34986/I/88/7 दि. 21.05.25

# विकसित भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम



## राजस्थान की जनता के लिए ₹26,000 करोड़ के उपहार



देश भर में पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों

एवं

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत सेक्टर की विभिन्न परियोजनाओं का

## उद्घाटन

चूरू – सादुलपुर रेल खंड का दोहरीकरण (58 कि.मी.)
एवं
विद्युत, सड़क परिवहन और राजमार्ग, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर्स तथा राजस्थान सरकार की विभिन्न परियोजनाओं का
**शिलान्यास**

बीकानेर और मुंबई के बीच देशनोक रेलवे स्टेशन से नई एक्सप्रेस ट्रेन का
**शुभारम्भ**

विद्युतीकृत रेल खंड
सूरतगढ़ – फलोदी | फुलेरा – डेगाना | उदयपुर – हिंमतनगर
फलोदी – जैसलमेर | समदड़ी – बाड़मेर
एवं
सड़क परिवहन और राजमार्ग सेक्टर की विभिन्न परियोजनाओं का
**राष्ट्र को समर्पण**

# नरेन्द्र मोदी
## प्रधानमंत्री

के कर कमलों द्वारा

**गुरुवार 22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे | देशनोक, बीकानेर (राजस्थान)**

### गरिमामयी उपस्थिति

**हरिभाऊ किसनराव बागडे**
राज्यपाल, राजस्थान

**ओम बिरला**
अध्यक्ष, लोक सभा

**भजन लाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**भूपेन्द्र यादव**
केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री

**गजेन्द्र सिंह शेखावत**
केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

### पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों की मुख्य विशेषताएँ

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

### अन्य परियोजनाओं के लाभ

- चूरू–सदुलपुर रेल लाइन की डबलिंग से ट्रेन संचालन में वृद्धि, यात्रा समय में कमी और स्थानीय व्यापार में वृद्धि
- एक्सप्रेस ट्रेन से व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ
- विद्युतीकृत रेल खंडों से ऊर्जा की बचत

डीडी न्यूज पर लाइव प्रोग्राम देखें | /RailMinIndia हमें फॉलो करें





डॉक्टर सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## धूप लगने पर अगर हो सिर दर्द-आए चक्कर



**मेरी उम्र 29 वर्ष है। गर्मी के मौसम में जरा सी धूप लगने पर ही मुझे चक्कर आने लगते हैं, सिर दर्द होने लगता है। कृपया इससे बचाव करने का कोई उपाय बताएं।**

**-अक्षत, बिलासपुर**

गर्मी के मौसम में धूप की वजह से कई लोगों को सिर दर्द की समस्या होती है, लेकिन इसके साथ अगर आपको चक्कर भी आ रहे हैं तो समस्या गंभीर हो सकती है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। एक बार आपको न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए। फिलहाल कोशिश करें कि आप कम से कम धूप में निकलें और पानी का सेवन अधिक से अधिक करते रहें।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। जब कभी मैं ज्यादा वॉक कर लेता हूं तो पैरों में सूजन हो जाती है। फिर ये अपने आप ठीक हो जाती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है और इससे बचाव के क्या उपाय हैं?**

**-रामप्रकाश, भोपाल**

कई बार पैरों में सूजन, ब्लड शुगर लेवल बढ़ने की वजह से होता है। हालांकि नसों की एक बीमारी भी होती है, जिससे सूजन आ जाती है, इसलिए सबसे पहले आप एक बार ब्लड शुगर की जांच कराएं। अगर वह नॉर्मल आती है तो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। चेकअप के बाद ही डॉक्टर इसका सही इलाज कर पाएंगे।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। 6 महीने पहले हेयर ट्रांसप्लांट कराया था। शुरुआत में ईचिंग और इरिटेशन हुई थी। अब कुछ दिनों से फिर से ईचिंग और इरिटेशन हो रही है। अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-केतन, रायपुर**

बेहतर होगा कि आपने जहां से हेयर ट्रांसप्लांट कराया है, उन्हीं से संपर्क करना चाहिए, क्योंकि डॉक्टर चेंज करने से आपको परेशानी हो सकती है। आपको क्या ट्रीटमेंट दिया गया है और किस तरह की चीजों से बचना है, यह वही डॉक्टर अच्छी तरह से बता सकते हैं, इसलिए आपको किसी दूसरे डॉक्टर से संपर्क करने की जरूरत नहीं है।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मेरा वेट 110 किलो है। वेट लॉस के लिए जिम भी जा रहा हूं, प्रॉपर डाइट प्लान फॉलो करता हूं, लेकिन इन सबके बावजूद मेरा वेट कम नहीं हो रहा। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-एक पाठक, ईमेल से**

आपको एक बार अपना थायरॉइड भी चेक करवा लेना चाहिए, क्योंकि इसके डिसफंक्शन की वजह से भी वजन बढ़ता है। पर जैसा आप बता रहे हैं कि आप जिम जा रहे हैं और प्रॉपर डाइट ले रहे हैं, इसके बाद भी वजन बढ़ रहा है तो आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। आपकी डाइट में हो सकता है, कुछ ऐसा हो जिससे लगातार वजन बढ़ रहा हो। डॉक्टर सही सलाह देंगे।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। हर साल गर्मी के दिनों में मुझे अकसर लूज मोशन होने लगते हैं। इससे डिहाइड्रेशन हो जाता है। ऐसा न हो, इसके लिए कृपया कोई उपचार बताएं।**

**-रमेश, रोहतक**

गर्मी के मौसम में वाटर ऑर्न डिजीज होने की संभावना अधिक रहती है, इसलिए घर से बाहर निकलें तो अपना पानी साथ ले जाएं। बाहर इधर-उधर का पानी न पिएं। जहां पानी साफ हो, वहीं पिएं। इसके साथ ही बाहर के कटे हुए फल या दूसरे खुले में बिकने वाली ऐसी चीजें ना खाएं, जिसमें मक्खी या अन्य कीट बैठ सकते हों। इस तरह थोड़ा चेंज करके आपको राहत मिल सकती है। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. गौरव गुप्ता
वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ, निदेशक-तुलसी हेल्थ केयर, नई दिल्ली-गुरुग्राम

अनुमान के मुताबिक दुनिया भर में प्रति 100 व्यक्तियों में एक व्यक्ति अपने जीवन काल में सिजोफ्रेनिया से प्रभावित हो सकता है। सिजोफ्रेनिया एक मानसिक विकार है, जिसमें व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके में नकारात्मक बदलाव आते हैं। सिजोफ्रेनिया मानसिक स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति वास्तविकता से संपर्क खो सकता है। इसके परिणामस्वरूप उन्हें दैनिक जीवन में कई कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है।

### प्रमुख लक्षण

सिजोफ्रेनिया के मरीजों में लक्षणों की गंभीरता भी अलग-अलग हो सकती है। प्रमुख लक्षण इस प्रकार हैं-

**भ्रम में जीना:** सिजोफ्रेनिया के मरीज ऐसी बातों पर विश्वास करते हैं, जो वास्तविक नहीं होतीं। वे सोच सकते हैं कि कोई उन्हें नुकसान पहुंचा रहा है या परेशान कर रहा है, जबकि ऐसा नहीं है। वे सोच सकते हैं कि वे बहुत संपन्न, क्षमतावान और सशक्त व्यक्ति हैं, जबकि ऐसा नहीं होता है।

**मतिभ्रम:** ऐसे मनोरोगियों को मतिभ्रम किसी भी इंद्रिय से हो सकता है, लेकिन आवाजें सुनना सबसे आम है। ऐसे लोग इस तरह की चीजें देखते या सुनते हैं, जिन्हें दूसरे लोग नहीं देख पाते। सिजोफ्रेनिया से पीड़ित रोगी को ये चीजें वास्तविक लगती हैं।

**बात करने में दिक्कत:** सिजोफ्रेनिया से पीड़ित रोगियों के लिए दूसरे लोगों से बात करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे लोग सवालों के जो जवाब देते हैं, वे पूछे जा रहे सवाल से संबंधित नहीं हो सकते हैं या हो सकता है कि सवालों का पूरा जवाब न दिया गया हो।



**असामान्य व्यवहार:** किसी कार्य विशेष के संदर्भ में वयस्क होने के बावजूद वे छोटे बच्चों जैसी हरकतें कर सकते हैं या फिर मूर्खतापूर्ण कार्य कर सकते हैं। उनका व्यवहार किसी लक्ष्य पर केंद्रित नहीं होता। वे लोग आमतौर पर किसी के निर्देशों का पालन नहीं करना चाहते हैं। वे ऐसे तरीके से आगे बढ़ सकते हैं, जो सामान्य नहीं हैं या सामाजिक स्थिति के संदर्भ में उपयुक्त नहीं हैं।

इसके अलावा कुछ अन्य लक्षण इस प्रकार हैं-

- वे सामाजिक रूप से स्वयं को अलग-थलग महसूस करते हैं।
- वे बीमारी की वजह से दिनचर्या के कार्यों को सही तरीके से अंजाम देने में विफल रहते हैं। जैसे नहाना और अन्य क्रियाएं सही तरह से न कर पाना।
- भावनाओं को व्यक्त करने में दिक्कत।
- आंख से आंख मिलाकर बात करने में कठिनाई।
- ध्यान एकाग्र करने में दिक्कत।
- याददाश्त का कमजोर होना।
- निर्णय लेने में कठिनाई।

स्पेशल: वर्ल्ड सिजोफ्रेनिया-डे, 24 मई

यह सही है कि सिजोफ्रेनिया एक गंभीर रोग है लेकिन इस धारणा से बाहर निकलने की जरूरत है कि यह लाइलाज मनोरोग है। मनोचिकित्सक की देख-रेख में इसका इलाज संभव है। लेकिन इसके साथ ही पेशेंट की प्रॉपर केयर और सपोर्ट भी बहुत इंपॉर्टेंट होते हैं। इस रोग के लक्षण और उपचार के बारे में डिटेल में बता रहे हैं।

## गंभीर मानसिक रोग सिजोफ्रेनिया करें प्रॉपर केयर-मेडिकल ट्रीटमेंट



### रिस्क फैक्टर्स

सिजोफ्रेनिया नामक यह मानसिक रोग किसी एक कारण विशेष से नहीं होता। कई ऐसे कारण हैं, जो इस समस्या को उत्पन्न कर सकते हैं। जैसे-

**आनुवंशिक कारण:** अगर अतीत में परिवार के किसी सदस्य को सिजोफ्रेनिया की समस्या रही है, तो अगली पीढ़ी के सदस्यों में इस मनोरोग के होने का जोखिम बढ़ सकता है।

**मस्तिष्क की संरचना और न्यूरोट्रांसमीटर:** ब्रेन में रिलीज होने वाले डोपामाइन और ग्लूटामैट के असामान्य होने पर सिजोफ्रेनिया के होने का जोखिम बढ़ सकता है।

**गर्भस्थ शिशु की समस्या:** जो महिलाएं गर्भावस्था के दौरान कुपोषण या किसी तरह के संक्रमण से ग्रस्त होती हैं, उनके शिशुओं में कालांतर में सिजोफ्रेनिया होने का खतरा बढ़ सकता है।

**बहुत ज्यादा तनाव और मादक पदार्थों का सेवन:** एक अरसे तक अत्यधिक तनावग्रस्त रहने या फिर किशोरावस्था या युवावस्था की शुरुआत में ड्रग्स या अन्य किसी मादक पदार्थ की लत से सिजोफ्रेनिया होने का खतरा बढ़ सकता है।

### ट्रीटमेंट के तरीके



रोगी का ट्रीटमेंट करने से पहले मनोचिकित्सक इस बात का मूल्यांकन करते हैं कि मरीज में सिजोफ्रेनिया से संबंधित जो लक्षण हैं, वे किसी अन्य मनोरोग जैसे डिप्रेशन आदि से संबंधित तो नहीं हैं। इसके बाद ही वह इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। सिजोफ्रेनिया के इलाज के कुछ प्रमुख तरीके इस प्रकार हैं-

**दवाओं से इलाज:** सिजोफ्रेनिया को नियंत्रित करने में 'एंटी साइकोटिक ड्रग्स' दी जाती हैं, जो मरीज की विभ्रम और मतिभ्रम की स्थिति को नियंत्रित करने में मददगार होती हैं।

**साइकोथेरेपी:** इसके अंतर्गत मनोचिकित्सक मरीज को कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी-सीबीटी देते हैं, जिससे मरीज को अपनी दिनचर्या के कार्यों को करने में मदद मिलती है।

**पुनर्वास (रीहैबीलिटेशन):** मरीज को सामाजिक रूप से सक्रिय करने के लिए उसे प्रशिक्षित किया जाता है, किसी कार्य-रोजगार का भी उसे प्रशिक्षण दिया जाता है। इन सबसे उसकी रिकवरी जल्दी होने में मदद मिलती है।

**परिवार के सदस्यों की मदद:** मरीज के उपचार में उसके परिवार के सदस्यों की मदद ली जाती है और मरीज की विभिन्न मानसिक स्थितियों से निपटने के लिए उन्हें मनोचिकित्सक परामर्श देते हैं।

### लापरवाही से बिगड़ सकती है कंडीशन

यदि समय रहते सिजोफ्रेनिया का समुचित उपचार नहीं करवाया गया तो ऐसी स्थिति में मरीज के लिए इस मर्ज के साथ ही अन्य मनोविकार या मानसिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जो उसके जीवन को बदतर बना सकती हैं। जैसे-

- सिजोफ्रेनिया से पीड़ित लोगों के दिमाग में आत्महत्या के विचार कहीं ज्यादा मंडराते हैं। इसलिए इस रोग से ग्रस्त रोगियों को कभी भी अकेले नहीं छोड़ना चाहिए।
- सिजोफ्रेनिक व्यक्ति को अवसाद या डिप्रेशन की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।
- पीड़ित व्यक्ति शराब या अन्य मादक पदार्थ का भी लती हो सकता है।
- वह ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर नामक मनोरोग से भी ग्रस्त हो सकता है।

### इनसे करें परहेज

अल्कोहल लेने से मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर का संतुलन बिगड़ता है। इसलिए सिजोफ्रेनिया और अन्य मनोरोगों से ग्रस्त लोगों को शराब या किसी भी मादक पदार्थ के सेवन से दूरी बनाए रखना चाहिए। इस संदर्भ में मरीजों के परिजनों को ध्यान देना चाहिए। अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थ और शुगर युक्त पेय पदार्थों से परहेज करना चाहिए। जंक फूड्स, प्रोसेस्ड फूड्स और अत्यधिक तले-भुने खाद्य पदार्थ से दूरी बनाए रखना लाभप्रद है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### खान-पान पर भी दें ध्यान



**मानसिक स्वास्थ्य** को बेहतर बनाए रखने के लिए स्वस्थ और सकारात्मक सोच, स्वास्थ्यकर दिनचर्या के साथ-साथ हेल्दी-न्यूट्रिशस डाइट का भी अपना महत्व है। सिजोफ्रेनिया और अन्य मानसिक रोगों से ग्रस्त रोगियों के खान-पान पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए, क्योंकि मरीज को इस संदर्भ में जानकारी नहीं होती, इसलिए उसके परिजनों को पौष्टिक भोजन देना चाहिए।

- विटामिन सी से परिपूर्ण आंवला, नीबू, जामुन, संतरा और अन्य साइट्रस फ्रूट्स (खट्टे फल) मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद हैं। क्योंकि ये स्ट्रेस हार्मोन-कॉर्टिसोल के स्तर को कम करने में सहायक हैं।
- साबुत अनाजों जैसे ब्राउन राइस, ज्वार, बाजरा, ओट्स आदि को खान-पान में वरीयता देना लाभप्रद है।
- दालें, चना, बींस को खान-पान में प्राथमिकता देना फायदेमंद है।
- बादाम, अखरोट और फ्लेक्स सीड्स मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।

औषधीय फल / शिवचरण चौहान

## उदर रोगों के लिए कारगर बेल

साधारण बोलचाल की भाषा में बिल्व वृक्ष को बेल का पेड़ कहते हैं। गर्मी में इसमें फल लगते हैं, जो बहुत कठोर होते हैं। पके फल का छिलका तोड़ने पर अंदर केसरिया या पीले रंग का गूदा निकलता है। इसके गूदे का आयुर्वेद में बहुत औषधीय महत्व है। गूदे का शरबत गर्मी के मौसम में पीने से पेट को शीतलता मिलती है और कई उदर रोग ठीक हो जाते हैं। केवल फल ही नहीं बेल वृक्ष की जड़, छाल, पत्ते और बीज भी अपने-अपने गुणों के कारण उपयोगी हैं। इसके पोषक और रोगनाशक गुणों के कारण इसे दिव्यफल भी कहा जाता है। बेल की दो जातियां होती हैं-एक जंगली और दूसरी रोपित। जंगली बेल जहां आकार में छोटा, कड़ा, अत्यंत बीजयुक्त और स्वादहीन होता है, वहीं रोपित फल बड़ा होता है, उसका छिलका पतला, गूदा सुनहरे रंग का, बीज बहुत कम और खाने में मीठा होता है। आयुर्वेद के अनुसार कच्चा बेल फल, वात, कफ, उदर शूलनाशक और आंतों के लिए



शक्तिप्रद होता है। पका हुआ बेल का फल मधुर, सुगंधित, रुचिकर, मृदुविरेचक, अधोवायु निस्सारक और पाचक होता है। इसमें कच्चे फल से कम गुण होते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार बेल के फल में कार्बोहाइड्रेट 16.2 प्रतिशत, प्रोटीन 67 प्रतिशत, शर्करा 4.7 प्रतिशत, वसा 0.7 प्रतिशत और विटामिन सी भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इसके अतिरिक्त गूदे और छिलके में टैनिन भी मिलता है। इसके फल में भी रासायनिक तत्व पाए जाते हैं, उनका प्रभाव मुख्यतता आंत और रक्त संस्थान पर पड़ता है। बेल गिरी का शर्बत अनेक उदर रोगों में प्रयोग किया जाता है।

**ऐसे करें सेवन:** आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह पर आप यहां बताए जा रहे रोगों के उपचार में बेल का सेवन कर सकते हैं।

- जिन्हें बार-बार दस्त लगने की शिकायत बनी रहती है, वे लगभग 20 ग्राम बेल के गूदे का नियमित सेवन करें।
- दस्त से राहत के लिए कच्चे बेल का गूदा और आम की गुठली की गिरी को कूटकर काढ़ा तैयार करें। इसमें शहद या गुड़ इच्छानुसार मिलाकर सेवन करें।
- नेत्र रोगों में इसका सेवन लाभकारी है।
- बहुमूत्र रोग होने पर पके बेल के गूदे का शहद के साथ सेवन करना चाहिए।
- भूख न लगने पर बेल के चूर्ण में मिश्री का चूर्ण और छोटी पिप्पली का चूर्ण मिलाकर अदरक के रस के साथ दिन में दो-तीन बार सेवन करना कारगर है।
- हैजा होने पर बेल चूर्ण को पुराने गुड़ के साथ खाने और साथ में बेल का शर्बत पीने से बहुत लाभ मिलता है। दूध के साथ बेल का चूर्ण और मिश्री मिलाकर नियमित रूप से सेवन करने से शारीरिक कमजोरी दूर होती है।
- खून की कमी यानी एनीमिया में भी इसके सेवन से लाभ होता है।
- बच्चों को दस्त होने पर बेलगिरी तीन भाग और सफेद जीरा, छोटी इलायची एक-एक पानी में पीस कर छानने के बाद पिलाने से दस्त बंद हो जाते हैं। *

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'वीर हनुमान' में एक्टर माहिर पंधी बाली और सुग्रीव की भूमिका निभा रहे हैं। माहिर अपनी मस्कुलर बॉडी और फिटनेस को मेंटेन करने के लिए क्या एफर्ट्स करते हैं? माहिर का फिटनेस फंडा जानिए, उन्हीं की जुबानी।

## फिटनेस के लिए जरूरी है एक रूटीन

फिटनेस फंडा

माहिर पंधी

एक्टर माहिर पंधी बहुत फिट दिखते हैं। इसके लिए वे बहुत एफर्ट करते हैं। वर्कआउट से लेकर डाइट तक पर वे एक निश्चित रूटीन फॉलो करते हैं। इस बारे में वे यहां और डिटेल में बता रहे हैं।

**डाइट प्लान:** मेरी डाइट में ज्यादातर फूड आइटम्स ब्वॉयल्ड होते हैं। चावल, गेहूं और दूध अवॉयड करता हूं। 260 ग्राम क्लीन और लीन प्रोटीन के साथ बहुत सारी सब्जियां मेरी डेली डाइट में शामिल होती हैं।

**वर्कआउट रूटीन:** वर्कआउट में पुशअप्स, पुल और लेग्स एक्सरसाइज पर ज्यादा फोकस करता हूं। मैंने अपना वर्कआउट रूटीन ऐसा बना रखा है कि हर बॉडी पार्ट हफ्ते में कम से कम दो बार ट्रेन होते रहें। हालांकि बिजी शेड्यूल की वजह से समय निकालना टफ होता है लेकिन यह भी एक स्किल है, जो यह एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री हमें सिखा देती है। हमको खुद ही तरीके ढूंढने होते हैं कि कैसे रेस्ट लिया जाए। कई बार ऐसा होता है, जब पैकअप रात में देर से होता है, फिर भी अगली सुबह 6:30 बजे जिम जाना होता है। इसलिए सुबह 6 बजे उठता हूं। जल्दी से प्री-वर्कआउट मील लेकर जिम पहुंचने के लिए दौड़ता हूं। 15 मिनट लगते हैं, जिम पहुंचने में। फिर वहां पहुंचकर वार्मअप करके वर्कआउट खत्म करके 9 बजे सेट पर



वापस लौटना होता है। यह एक टास्क जैसा होता है, लेकिन डेली करने से यह एक रूटीन बन जाता है, जिसे आपको अपनाना ही पड़ता है।

**मेंटल हेल्थ:** यह सही है कि फिजिकल हेल्थ का अपना महत्व है लेकिन मेरा मानना है कि इंसान के लिए मेंटल हेल्थ सबसे ज्यादा जरूरी होती है। मेरे विचार से इसके लिए अच्छी और मोटिवेशनल किताबें पढ़ना बहुत जरूरी और कारगर होता है। मेंटली हेल्दी रहने के लिए मेडिटेशन करना भी जरूरी है। मेरा मेडिटेशन, मेरी स्पिरिचुएलिटी से आता है। मैं रोजाना प्रार्थना करता हूं। जब भी मैं सेट पर तैयार होता हूं, कोई ना कोई सबद, भजन, हनुमान चालीसा या बजरंग बाण का ऑडियो जरूर चलता रहता है। यह मेरे मन को शांत करता है और ध्यान में मदद करता है। जब मैं सोने जाता हूं, तब भी कोई मधुर, कर्णप्रिय और स्पिरिचुअल म्यूजिक का ऑडियो बजता रहता है। ये सब मेरी परवरिश का हिस्सा रहा है, इसलिए यह अब मेरी लाइफस्टाइल बन गई है। इससे मुझे मानसिक रूप से बहुत मदद मिलती है। मुझे पढ़ना बहुत पसंद है। इसलिए मैं डेली कुछ अच्छा जरूर पढ़ता हूं, इससे भी मेंटली पॉजिटिविटी आती है। नेगेटिविटी खत्म होती है।

**रीडर्स को सजेशन:** मैं रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि फिटनेस मेंटेने करने के लिए आपका एक रूटीन होना चाहिए। डेली कम से कम 15,000 से 20,000 स्टेप्स जरूर चलें और स्वच्छ, शुद्ध और पौष्टिक खाएं। स्वच्छ खाने से मतलब है-ताजी और मौसमी सब्जियां खूब खाएं। जहां तक संभव हो प्रिजरवेटिव्स और पैक्ड फूड से दूर रहें और घर का बना हुआ शुद्ध और पौष्टिक खाना ही खाएं। जंक फूड्स, फास्ट फूड्स और स्ट्रीट फूड्स खाना अवॉयड करें। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

अधोमुखश्वानासन वैसे है तो आसान योगासन लेकिन इससे कई तरह के फायदे होते हैं। इसे करने से गर्मी का अहसास भी कम होता है। इसे कैसे करें, करते समय क्या सावधानियां बरतें, इस बारे में विस्तार से यहां बता रहे हैं।

## गर्मी के मौसम में लाभकारी अधोमुखश्वानासन

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'



अधोमुखश्वानासन, तीन शब्दों से मिलकर बना है। अधस जिसका मतलब है, नीचे की ओर। मुख का मतलब है मुंह और श्वान का मतलब है कुत्ता। सूर्य नमस्कार ए और सूर्य नमस्कार बी के एक स्टेप के रूप में इस्तेमाल होने वाला यह सबसे शुरुआती योगासन है। यह बहुत आसान होते हुए भी बहुत फायदेमंद योगासन है। इसलिए जो व्यक्ति भी योगासनों की शुरुआत करता है, सबसे पहले उसे यही योगासन करने की सलाह दी जाती है।

**आसन करने की विधि:** इसे करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं। दोनों पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें। इसके बाद धीरे-धीरे नीचे की ओर झुकें, जिससे आपके शरीर की 'वी' शेप बने। पैरों की तरह दोनों हाथों के बीच भी थोड़ी दूरी बनाकर रखें। कम से कम 30 सेकेंड तक कुछ न करें, इसी मुद्रा में रहें। इसके बाद सांस लें और सांस लेते समय अपने पैरों की अंगुलियों की मदद से कमर को पीछे की तरफ खींचें। इस दौरान कोशिश करें कि आपके हाथ और पैर न मुड़ें। ऐसा करने से शरीर के पीछे हाथों और पैरों को खिंचाव मिलेगा। मुंह से एक लंबी सांस लें और फिर करीब 30 सेकेंड तक या थोड़े कम समय तक इसी मुद्रा में रहें।

**आसन करने के फायदे:** यह आसन शरीर को स्ट्रेच करके और रक्त परिसंचरण को बेहतर बनाकर शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। अधोमुखश्वानासन रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाता है, जिससे पीठ दर्द से राहत मिलती है और रीढ़ की हड्डी लचीली होती है। यह आसन शरीर के निचले हिस्से, हाथ और पैरों को स्ट्रेच करता है, जिससे शरीर का लचीलापन और ताकत बढ़ती है। अधोमुखश्वानासन मन को शांत करता है और चिंता को कम करने में मदद करता है। यह आसन सिर में रक्त परिसंचरण को बढ़ाकर बालों को पोषक तत्व प्रदान करता है। यह आसन पाचन तंत्र को उत्तेजित करता है, जिससे पाचन क्रिया बेहतर होती है और एसिडिटी, अपच की समस्या से राहत मिलती है। अधोमुखश्वानासन करने से हाथों और पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह आसन शरीर का संतुलन बनाए रखने में मदद करता है, जिससे शरीर का संतुलन बेहतर होता है।

**ये भी होते हैं लाभ:** अधोमुखश्वानासन करने से पेट सही रहता है, पाचन में सुधार होता है, मस्तिष्क का तनाव कम होता है। अवसाद यानी डिप्रेशन को दूर करने में इस आसन से मदद मिलती है। जो महिलाएं रजोनिवृत्त हो चुकी हों यानी जिनके पीरियड्स खत्म हो चुके हों, उन्हें इस आसन के करने से घबराहट और बेचैनी से मुक्ति मिलती है। इसे करने से बीपी नॉर्मल रहता है। साइटिका और साइनस की समस्या में भी इससे मदद मिलती है।

**बरतें सावधानियां:** योग्य प्रशिक्षक से सीखने के बाद ही इस आसन का अभ्यास करना चाहिए।

- पीठ में चोट लगी हो तो कभी भी यह आसन न करें।
- गर्भवती महिलाओं को यह नहीं करना चाहिए।
- आप अपनी शारीरिक क्षमता से ज्यादा जोर न लगाएं। अगर यह आसन करने में कोई दिक्कत हो रही हो तो तुरंत करना छोड़ दें। अगर कोई भी शारीरिक समस्या हो तो पहले डॉक्टर से संपर्क करें। *



## खबर संक्षेप


### ट्रैक्टर की टक्कर से छात्रा की मौत, दो घायल

लखनऊ। बीए की परीक्षा देकर लौट रहे बाइक सवार छात्रों को अज्ञात ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बीए की माल थाना क्षेत्र की थावर गांव निवासी 22 वर्षीय छात्रा कांति की मौके पर ही मौत हो गई। छात्र बबलू गौतम 19 वर्ष, अंकुल गौतम 20 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। बुधवार सुबह लगभग 11 बजे की घटना बताई जा रही है।



### गर्लफ्रेंड की शादी में गया प्रेमी, सुबह मृत मिला

दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले से प्रेम प्रसंग में एक युवक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सिंहवाड़ा के सिमरी थाना क्षेत्र के कंसी गांव में प्रेमी की हत्या का आरोप दुल्हन के भाई और पिता पर लगा है। मृतक का नाम आकाश सहनी है। उसका गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। घर वालों ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी थी। प्रेमिका की शादी की खबर मिली तो वह तुरंत गांव पहुंचा।



### दो भाइयों को कुत्ते ने काटा, एक की मौत

आरा। बिहार के आरा में पागल कुत्ते के काटने से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसके भाई की हालत गंभीर है। घटना शहर के जीरो माइल स्थित आदित्य नगर मोहल्ले में बुधवार को हुई। मरने वाले बच्चे की उम्र 6 साल है। उसका ढाई साल का भाई गंभीर रूप से जख्मी है। दोनों बच्चे गर्मी की छुट्टियों में अपने ननिहाल आए थे। घर के बाहर खेल रहे थे, तभी कुत्ते ने उन्हें काट लिया। मृत बच्चे की पहचान गड़हनी ब्लॉक के असलान गांव निवासी आयांश के रूप में हुई है।



# रामनगरी अयोध्या को मिलेंगे महाकुंभ में लगे चेंजिंग रूम और मोटरबोट

### मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने अफसरों के साथ ऑनलाइन बैठक कर कार्ययोजना पर बात की

महाकुंभ में आई मोटरबोट और चेंजिंग रूम रामनगरी आयोध्या भेजे जाएंगे। इसके लिए मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने अफसरों के साथ ऑनलाइन बैठक कर कार्ययोजना पर बात की। इस दौरान तय हुआ कि मोटरबोट अयोध्या व चंदौली भेजेंगे।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

महाकुंभ में आई मोटरबोट और चेंजिंग रूम रामनगरी आयोध्या भेजे जाएंगे। इसके लिए मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने अफसरों के साथ ऑनलाइन बैठक कर कार्ययोजना पर बात की। इस दौरान तय हुआ कि मोटरबोट अयोध्या व चंदौली भेजी जाएगी, वहीं टिपर कांपैक्टर को नगर निगम प्रयागराज को भेजा जाएगा।

महाकुंभ के समापन के बाद जब 27 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज आए थे तो उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया था कि यहां आए सामान कहां पर इस्तेमाल हो सकते हैं इसकी रिपोर्ट तैयार करें। जिससे प्रदेश के दूसरे जिलों में इसका प्रयोग हो।



महाकुंभ के बाद सभी विभागों के कौन-कौन से सामान बचे और दूसरे जिलों में इस्तेमाल हो सकते हैं, इसकी एक व्यापक रिपोर्ट तैयार की गई। सोमवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने ऑनलाइन बैठक की। जिसमें कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद भी जुड़े थे। जल निगम के जेनरेट सभी 17 नगर निगम भेजे जाएंगे। मेले में लगाए गए वाटर एटीएम को अयोध्या, विंध्याचल, मथुरा, कानपुर पनकी के लिए भेजा जाएगा।

इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी की चकर्ड प्लेट और पांटून मिर्जापुर, गोरखपुर, लमीखपुर और कानपुर भेजे जाएंगे। वहीं चकर्ड प्लेट का प्रस्ताव मंगलवार सुबह मंडलायुक्त के सामने रखा जाएगा।

**स्वास्थ्य विभाग के उपकरण यहीं रहेंगे**

स्वास्थ्य विभाग के सभी उपकरण यहीं पर रहेंगे। इसमें मेले के दौरान आई पैथोलॉजी लैब की मशीनें, एक्सरे मशीन व अन्य उपकरण को एसआरएन, बेली और कॉल्विन भेजा जाएगा।

**ननि प्रयागराज को देंगे सफाई वाहन**

महाकुंभ के दौरान सफाई वाहन खरीदे गए थे। वर्तमान में यह वाहन मेला प्राधिकरण कार्यालय में हैं। इसे नगर निगम प्रयागराज को देंगे। कुछेक वाहन मेला प्राधिकरण अपने पास रखेगा और कुछ वाहनों को दूसरे जिलों में भेजेगा।

### एक करोड़ से अधिक बच्चों का नामांकन पूरा, सीएम योगी देंगे सौगात

# निःशुल्क बैग, ड्रेस, स्वेटर व अन्य सामग्री के लिए अभिभावकों के खाते में भेजेंगे 1200 रु.

**प्रदेश के 1.33 परिषदीय विद्यालयों में पिछले सत्र 2024-25 में लगभग 1.51 करोड़ बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। जबकि नए सत्र 2025-26 के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले एक करोड़ से ज्यादा बच्चों को निःशुल्क बैग, ड्रेस, स्वेटर, जूता-मोजे के लिए 1200 रुपए डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर (डीबीटी) किया जाएगा। यह डीबीटी बच्चों के अभिभावकों के खाते में भेजा जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से इसके लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम के लिए समय मांगा गया है।

प्रदेश के 1.33 परिषदीय विद्यालयों में पिछले सत्र 2024-25 में लगभग 1.51 करोड़ बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। जबकि नए सत्र 2025-26 के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत एक करोड़ से ज्यादा बच्चों का नामांकन पूरा हो चुका है। इसमें नए सत्र में कक्षा एक और छह में लगभग 4 लाख नए बच्चों के नामांकन भी हुए हैं। विभाग का प्रयास है कि नए सत्र की शुरुआत में ही बच्चों के अभिभावकों के खाते में यह पैसे भेज दिए जाएं ताकि गर्मी की छुट्टियों के बाद जब स्कूल खुले तो बच्चे पूरे ड्रेस में बैग आदि के साथ आएं। पूर्व के वर्षों में डीबीटी होने में काफी समय लग जाता था। इसके तहत पिछले साल भी इसे जून-जुलाई में कराया गया था। इस साल इसे मई के आखिरी सप्ताह में भी कराने की तैयारी है। इसके लिए शासन व समग्र शिक्षा आदि मद से बजट का प्रावधान भी कर लिया गया है।



**ऐसे होगा भारांक**

दिव्यांग आवेदक को 20 नंबर, दंपती के राजकीय सेवा में होने पर 20 नंबर, गंभीर बीमार होने या बच्चों के दिव्यांग होने पर 15 नंबर, सेवानिवृत्ति के दो साल से कम होने पर 15 नंबर, पहली नियुक्ति की तिथि से दस साल की सेवा पर अधिकतम 20 नंबर दिए जाएंगे। तबादले अधिकतम 10 फीसदी तक ही होंगे और प्रक्रिया 15 जून तक पूरी होगी।

### राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के तबादलों में भी माइनस मार्किंग

राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के वार्षिक तबादला नीति के तहत ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए शासन ने निर्देश जारी किए हैं। इसमें शिक्षकों के तबादले के लिए भारांक जारी करने के साथ ही माइनस मार्किंग को भी लागू किया गया है। लघु दंड पाने वाले शिक्षक के पांच नंबर और पिछले तीन साल में वृहद दंड पाने पर 10 नंबर काटे (नकारात्मक) जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव उमेश चंद्र की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि उन्हीं विद्यालयों में रिक्तियां प्रदर्शित की जाएंगी, जहां पर तीन या तीन से कम सहायक अध्यापक हैं। इंटर स्तर के विद्यालयों में तीन सहायक अध्यापक व तीन प्रवक्ता से कम शिक्षक कार्यरत हैं। इससे अधिक होने पर रिक्तियां नहीं दिखाई जाएंगी। हालांकि, आकांक्षी जिलों में सभी रिक्तियां प्रदर्शित की जाएंगी। तबादले ऑनलाइन आवेदन से होंगे। इच्छुक शिक्षक खाली पदों के लिए 10 विद्यालयों की वरीयता दे सकेंगे। 31 मार्च 2022 के बाद नियुक्त शिक्षक ऑनलाइन तबादले के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। राजकीय बालिका इंटर व हाईस्कूल के लिए केवल महिला अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकेंगी। एक पद आवेदकों का गुणांक समान होने पर अधिकतम आयु वाले को वरीयता मिलेगी।

### लखनऊ जिले में पहले चरण में 1.35 लाख बच्चों के खातों में जाएगी रकम

जिले में संचालित परिषदीय स्कूलों के बच्चों को डीबीटी का लाभ देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग अभी से तैयारियों में जुट गया है। नये सत्र में नामांकित कुल बच्चों में 92 फीसदी बच्चों की ऑनलाइन जांच प्रक्रिया पूरी हो गई है। इनमें 1.35 लाख बच्चों का डाटा वेरीफाई कर लॉक कर दिया गया है। शीघ्र सीएम योगी आदित्यनाथ के हाथों उनके अभिभावकों के खाता में ऑनलाइन रकम भेजी जायेगी। बेसिक शिक्षा विभाग से 2464 परिषदीय स्कूल, 54 एडेड बेसिक स्कूल, 55 एडेड माध्यमिक स्कूल, 14 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, 24 एडेड मदरसा, संस्कृत बोर्ड, समाज कल्याण विभाग से संचालित समेत कुल 2665 स्कूलों में 202725 अभिभावकों के 208082 बच्चें प्रेरणा पोर्टल पर नामांकित हैं।



# बीपीएमएस के निःशुल्क शिविर में दो सौ नेत्र रोगियों की जांच

▶▶ 55 लोगों का किया जाएगा ऑपरेशन, चयन किया गया

▶▶ और तेज किया जाएगा जरूरतमंदों की सहायता का मिशनः राजेश चेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

श्रीमती लाली देवी एवं मामराज कोकड़ा की पुण्य स्मृति में भिवानी के प्रतिष्ठित कोकड़ा परिवार द्वारा आयोजित भिवानी परिवार मैत्री संघ के 27 वें निःशुल्क नेत्र एवं शिविर में प्रचंड गर्मी के बावजूद नेत्र रोगी उमड़ पड़े।

लगभग दो सौ नेत्र रोगियों की ओपीडी जांच हुई तथा लगभग 55 रोगियों का निःशुल्क लैंस आपरेशन के लिए चयन किया गया। शिविर में इसके अलावा कई रोगियों की फ्री कैंसर स्क्रीनिंग भी की गई। भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) ने फिर साबित कर दिखाया कि गरीबों, बीमारों, जरूरतमंदों की सेवा के लिए वह सबसे आगे है। 'नर सेवा ही नारायण सेवा' की भावना को आत्मसात करके अधिकतम मरीजों को हर संभव चिकित्सकीय मदद देकर संस्था ने मिसाल कायम की है। स्थानीय श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में बीपीएमएस का शिविर आज सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक चला। शिविर में कोकड़ा परिवार की ओर से विवेक कोकड़ा एवं सारिका कोकड़ा उपस्थित रहीं।

भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय कवि राजेश चेतन ने बताया कि शिविर में राजीव गांधी कैंसर अस्पताल और अरुणोदया डेसेरेट आई हास्पिटल(एडीईएच), गुरुग्राम के दक्ष डाक्टरों ने मेडिकल व नेत्र जांच की। उन्होंने बताया कि मरीजों की नेत्र जांच के बाद चिकित्सकों के परामर्श पर लेंस प्रत्यारोपण संस्था की ओर से बिल्कुल निःशुल्क करवाया जाएगा। यहीं नहीं, नेत्र आपरेशन के लिए मरीजों को भिवानी से गुरुग्राम अस्पताल तक ले जाने और वापस लाने का खर्च भी बीपीएमएस की ओर से वहन किया जाएगा। 15 दिन की दवा एवं चश्मे भी फ्री दिए जाएंगे।

## पेज एक का शेष

### नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल...

आदान-प्रदान की भारत की दीर्घकालिक परंपराओं का एक मूर्त प्रतीक है। जिसके जरिए भारत अपनी समृद्ध जहाज निर्माण की विरासत को गर्व के साथ पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत करना चाहता है।

**कारवार में होगी तैनाती :** कौंडिन्य जहाज की तैनाती नौसेना के कारवार बेस पर होगी। अब ये जहाज अपने अगले ऐतिहासिक चरण में प्रवेश करेगा। जिसमें इसकी गुजरात से ओमान तक की पहली समुद्री यात्रा की शुरुआत होगी। जो इस वर्ष के अंत में निर्धारित है। नौसेना में इसे लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। यह मार्ग देश के प्राचीन व्यापारिक मार्गों के अलावा एक पार महासागरीय मार्ग के रूप में भी जाना जाता है।

**जहाज की प्रमुख विशेषताएं :** नौसेना ने बताया कि जहाज में सांस्कृतिक रूप से कई विशेषताएं मौजूद हैं। जिनमें इसके पालों में गंडभेरुंड और सूर्य की आकृतियां नजर आती हैं। जबकि इसके धनुष पर एक गढ़ा हुआ सिंह यली है और इसके डेक को एक प्रतीकात्मक हड़प्पा शैली के पत्थर का लंगर सुशोभित करता है। कौंडिन्य का प्रत्येक तत्व प्राचीन भारत की समृद्ध समुद्री परंपराओं को दर्शाता है।

**कॉयर रस्सी, नारियल फाइबर का किया प्रयोग :** कौंडिन्य अजंता की गुफाओं की चित्रकारी में दर्शाए गए 5वीं शताब्दी के जहाज पर आधारित है। सितंबर 2023 में इसका निर्माण शुरू हुआ था। जिसमें केरल के कुशल कारीगरों की एक टीम ने सिलाई की पारंपरिक विधि का उपयोग किया। इस दल का नेतृत्व मास्टर शिपराईट बाबू शंकरन कर रहे थे। जहाज को बनाने के लिए कई महीनों तक कॉयर रस्सी, नारियल फाइबर और प्राकृतिक राल का उपयोग कर जहाज के पतवार पर लकड़ी के तख्तों को बड़ी मेहनत से सिल दिया गया। कौंडिन्य को इस साल की शुरुआत में फरवरी महीने में गोवा में लांच किया गया था। जहाज निर्माण के लिए 2023 में संस्कृति मंत्रालय, नौसेना और मेसर्स होदी इनोवेशन के बीच हुए एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था।

**नौसेना की निर्माण में बड़ी भूमिका :** नौसेना ने इस परियोजना में अहम भूमिका निभाते हुए जहाज के डिजाइन, तकनीकी सत्यापन और निर्माण प्रक्रिया की देखरेख की। ऐसे जहाजों के कोई ब्लूप्रिंट न होने की वजह से इसके डिजाइन को लेकर प्रतीकात्मक स्त्रोतों से अनुमान लगाया जाना था। बल ने जहाज निर्माता के साथ मिलकर पतवार के आकार, पारंपरिक रिगिंग को फिर से बनाया। साथ ही ये सुनिश्चित किया कि डिजाइन को समुद्री इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी मद्रास में हाइड्रोडायनेमिक मॉडल परीक्षण, आंतरिक तकनीकी मूल्यांकन के जरिए मान्य किया गया था।

### आईएनएसवी तारिणी के...

*देश की निगाहें उस पर टिकी रहती हैं। क्योंकि ये भारत की समुद्री ताकत, लचीलेपन, नारी शक्ति और आकांक्षा का प्रतीक है।*

### 1,100 करोड़ की लागत...

सुगम, आरामदायक और यात्रियों के लिए अधिक उपयोगी बनाना है। इसके तहत स्टेशन की एंट्री और एग्जिट को बेहतर बनाना, प्रतीक्षालय, शौचालय, प्लेटफॉर्म और छतों की गुणवत्ता सुधारना, जहां जरूरत हो वहां लिफ्ट, एस्केलेटर और मुफ्त वाई-फाई जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना शामिल है। साथ ही, नई साइनेज और सूचना प्रणाली से यात्रियों को सही दिशा में जानकारी मिल सकेगी। कुछ स्टेशनों पर एग्जीक्यूटिव लॉन्ज और व्यापारिक बैठकों के लिए विशेष क्षेत्र भी बनाए जा रहे हैं।

### आतंकवाद का केंद्र है ....

कहा कि यह पाकिस्तान की उस पुरानी आदत का हिस्सा है, जिसमें वो अपने आंतरिक मामलों में भारत पर आरोप मढ़ता है। लेकिन दुनिया की आंखों में धूल झोंकने की उसकी ये कोशिश अब विफल होने लगी है। यहां बता दें कि मामले को लेकर पाकिस्तान की सेना के मीडिया सेल आईएसपीआर ने भारत पर आरोप लगाए थे। इस घटना में कुल करीब पांच लोगों की मौत हुई है, जिसमें तीन बच्चे शामिल हैं। जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हैं।

### 24 घंटे में देश छोड़े...

सौंपा गया है। जिसमें उन्हें स्पष्टता के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि कोई भी पाक राजनयिक और अधिकारी भारत में अपने विशेषाधिकार और दर्जे का किसी भी तरह से दुरुपयोग न करे।

### बम बम भोले, लो आ गई...

सेनाओं के बीच हुए विवाद की वजह से ये यात्रा बंद थी। लेकिन पिछले साल 21 अक्टूबर को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने विवाद से जुड़े बाकी बचे हुए दो इलाकों (देपसांग, डेमचौक) में तनाव खत्म होने के साथ ही दोनों देशों के बीच विवाद की पूरी तरह से समाप्ति की घोषणा की थी। उसके बाद संबंधों को सामान्य बनाने से जुड़े मुद्दों में एक कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से बहाली का था। एलएसी विवाद के खत्म होने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान शहर में हुई द्विपक्षीय बैठक ने बेहद अहम भूमिका निभाई थी।

**5 हजार से अधिक ने कराया पंजीकरण :** विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने चुने हुए तीर्थयात्रियों को यात्रा के लिए बधाई दी और कहा कि जो लोग इस बार नहीं जा पा रहे हैं। वो बिलकुल निराश न हों, उन्हें भविष्य में मौका जरूर मिलेगा। मंत्रालय इस दिशा में प्रयासरत रहेगा कि हर साल ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग इस पवित्र यात्रा के लिए जाएं। श्रद्धालुओं के चयन में नई तकनीक के साथ, कंप्यूटरीकृत, रेंडम, लैंगिग संतुलित पारदर्शी प्रक्रिया का प्रयोग किया गया। 2025 में यात्रा के लिए कुल 5 हजार 561 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। जिनमें 4 हजार 24 पुरुष और 1 हजार 537 महिलाएं थीं। अंत में 750 लोगों का चयन किया गया। ये 15 बैच में यात्रा करेंगे। प्रत्येक बैच में 2 लॉयजन अधिकारी (एलओ) समेत 50 तीर्थ यात्री होंगे। उत्तराखंड के लिपुलेख से 5 बैच में 250 श्रद्धालु और सिक्किम के नाथुला से 10 बैच में 500 श्रद्धालु कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए निलकेंगे।

**यात्रा की दोनों सड़कों पर दौड़ेंगी गाड़ियां :** विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि पहले यात्रा से जुड़े दोनों मार्गों (लिपुलेख, नाथुला) पर सड़कों की हालत बहुत अच्छी नहीं थी। लेकिन जिस वक्त ये यात्रा बंद थी। उस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए काम की वजह से अब यह दोनों मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हैं। जिसका सबसे बड़ा फायदा अधिक उम्र वाले तीर्थयात्रियों को होगा। वर्तमान में यात्रा का बहुत कम रास्ता पहाड़ी चढ़ाई वाला है। चुने हुए यात्रियों को विदेश मंत्रालय ने एसएमएस और ईमेल संदेश के जरिए सूचित कर दिया है। यात्री HTTPS://KMY.GOV.IN नामक वेबसाइट और हेल्पलाइन नंबर 011-23088133 पर जाकर भी अपना स्टेटस चेक कर सकते हैं। जो लोग यात्रा के लिए दिल्ली आएंगे। उन्हें ठहराने के लिए गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर भवन में व्यवस्था की गई है।

**पर्यावरण संरक्षण की अपील की :** सिंह ने कहा कि यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाना विदेश मंत्रालय का कर्तव्य है। जिसे लेकर हम यह भरोसा दिलाते हैं कि इस संबंध में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा, लॉयजन अधिकारी के अलावा मंत्रालय का पूर्ण प्रशिक्षित स्टाफ भी यात्रियों के लगातार संपर्क में रहेगा और उन्हें पड़ने वाली प्रत्येक आवश्यकता के दौरान मदद पहुंचाएगा। मंत्रालय ने कुमाऊं विकास निगम लिमिटेड और सिक्किम पर्यटन विकास निगम की सहायता के लिए दोनों का धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने तीर्थयात्रियों से अपील की कि सभी लोग यात्रा के दौरान एक-दूसरे का ध्यान रखें और पर्यावरण संरक्षण यानी स्वच्छता के प्रति भी जागरूक रहें। विनम्रता और सावधानी के साथ यात्रा करें।

**22 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई :** गौरतलब है कि भगवान शिव का निवास स्थान होने की वजह से हिंदू धर्म में कैलाश पर्वत का बेहद खास स्थान है। इसकी समुद्री तल से ऊंचाई कुल करीब 22 हजार 28 फीट है। यह पर्वत और इसके आसपास का इलाका हमेशा बर्फ की मोटी चादर से आच्छादित रहता है। पर्वत के चीन के अधिकार क्षेत्र वाले तिब्बत में पड़ने की वजह से यह स्थान हिंदू के अलावा बौद्ध और जैन धर्म का भी बड़ा और महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र बना हुआ है। जिसकी वजह से हर साल यहां बड़ी तादाद में श्रद्धालु, साधु संत और दार्शनिक आते हैं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने...

कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। प्रधानमंत्री ने ऐसी कार्यवाही करके देश को मजबूत, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है। अब देश में संतुष्टि का भाव है और आतंकियों में भय का माहौल बना है। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पाक का असली चेहरा पूरे विश्व के सामने आ गया है। पाक भारत को बदनाम कर रहा था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाक का आतंकी चेहरा पूरी दुनिया के सामने लाकर खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री को हरियाणा में चल रही विकास योजनाओं के बारे में भी अवगत करवाया गया है। प्रधानमंत्री ने डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर कई विकास परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब-जब प्रधानमंत्री का हरियाणा का दौरा होता है तो जनता को नई ऊर्जा और स्फूर्ति मिलती है। एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में जासूसी के मामलों की पुलिस गहनता से जांच कर रही है। ऐसे लोगों की गहनता से जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### 27 नक्सली ढेर...

बलिदान होने और एक जवान घायल होने की भी खबर है। माड़ के इलाके में सुबह से फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि डीआरजी के जवानों ने बड़े नक्सली लीडर्स को घेर लिया है। डीआरजी के जावानों ने नक्सलियों के बड़े कमांडरों को घेर रखा है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। करीब 27 नक्सलियों के मारे जाने खबर सामने आ रही है, मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। इस मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी शीर्ष नक्सली बसव राजू भी मारा गया है। कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है। इस अभियान को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर अबूझमाड़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जहां उनका मजबूत गढ़ माना जाता है। इस सफलता से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

**यह पहली बार जब इतना कुख्यात नक्सली मारा गया :** शीर्ष नक्सली नेता-सीपीआई-माओवादी महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू के मारे जाने पर अमित शाह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में पहली बार महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है।

**माओवाद के खिलाफ ऐतिहासिक उपलब्धिः पीएम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि माओवाद के खिलाफ इस ऐतिहासिक सफलता के लिए हमारे बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद के खतरे को समाप्त करने और हमारे लोगों के लिए शांति और प्रगति से भरपूर जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**यह पहली बार जब इतना कुख्यात नक्सली मारा गयाः शाह :** शीर्ष नक्सली नेता-सीपीआई-माओवादी महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू के मारे जाने पर अमित शाह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में पहली बार महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है।

### 'कम्युनिकेशन-गैप' को पाटने...

बात, मुलाकात की। विषय की गंभीरता को देखते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती भी बैठक में अपने सवालों से लैस होकर पहुंचीं। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी ऑपरेशन सिंदूर शुरू हो जाने की वजह से अब तक इस विशेष बैठक का हिस्सा नहीं बन पाई है। जल्द ही कांग्रेस के नेताओं के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त मुखातिब होंगे।

**देशभर के पत्रकारों को बुलाया जाएगा दिल्ली :** केंद्रीय चुनाव आयोग के पूरे शीर्षासन में सबसे अनूठा ये होने जा रहा है कि देशभर के पत्रकारों को दिल्ली में आमंत्रित कर उन्हें चुनाव संचालन और उससे जुडी तमाम गतिविधियों के हर पहलू से उन्हें बावस्ता किया जाएगा ताकि किसी भी तरह की किंतु-परंतु और पत्रकारों के मन में उठने वाले सवालों का सीधा जवाब दिया जा सके। जाहिर है पत्रकारों के इस खास जमावडे में ईवीएम, वीवीपी-पैट को भी कसौटी पर कसा जाएगा। पत्रकारों की टोली बनाकर चुनाव आयोग के अधिकारियों की देखरेख में उन्हें इस बात के लिए एजुकेट किया जाएगा कि ईवीएम में किसी तरह के घपले घोटाले की गुंजाइश किंचित मात्र भी नहीं। चुनावों में चुनिंदा पत्रकारों को 'प्रीजायडिंग ऑफिसर' बनाने पर भी विचार चल रहा है ताकि पत्रकार चुनावों की गूढ़ता को उसका हिस्सा बन कर अनुभव कर सके। इसके लिए उन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा।

### ईसीआई-नेट होगा गेम ...

आउट एप प्रमुख हैं। ये एक यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस होगा जिसे 100 करोड मतदाता, 10.5 लाख बूथ लेवल अधिकारी, 15 लाख राजनीतिक एजेंट, 45 लाख पोलिंग अधिकारी, 15 हजार 597 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी, 4 हजार 123 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी, और 767 जिला चुनाव अधिकारी इस प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे।

### लेखन में फिर...

इन लेखिकाओं ने न केवल साहित्यिक उत्कृष्टता का परिचय दिया, बल्कि भारतीय समाज, संस्कृति, और इतिहास की गहरी समझ को विश्व के सामने प्रस्तुत किया।

**बुकर पुरस्कार और अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार में अंतरः** बुकर पुरस्कारः 1969 में स्थापित, पहले इसे बुकर प्राइज फॉर फिक्शन और 2002-2019 तक मैन बुकर प्राइज के नाम से जाना गया। अंग्रेजी में लिखे गए उपन्यासों के लिए इस पुरस्कार को रखा गया है। ऐसे बुक्स जो यूके या आयरलैंड में प्रकाशित होते हैं। शुरू में केवल राष्ट्रमंडल, आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, और जिम्बाब्वे के लेखकों के लिए था, लेकिन 2014 से सभी अंग्रेजी भाषा के उपन्यासों के लिए खुला है।

**अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार :** 2005 में शुरू हुआ, यह गैर-अंग्रेजी भाषा में लिखे गए और अंग्रेजी में अनुवादित उपन्यासों या लघु कथा संग्रहों के लिए है। पुरस्कार राशि लेखक और अनुवादक के बीच साझा की जाती है। यह पुरस्कार विश्व साहित्य को बढ़ावा देने के लिए है, विशेष रूप से उन भाषाओं को जो वैश्विक मंच पर कम प्रतिनिधित्व करती हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साहिम, पुत्रः नफीसुद्दीन, पातः 1613, सुईवालान गली, ताजरान, दरियागंज, दिल्ली** ने **FIR No. 802/2023, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **साहिम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **साहिम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 802/2023, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली** के अभियुक्त **साहिम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सायशा चड्ढा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–08**
**केंद्रीय, कमरा नं. 272**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6173/N/2025**



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | पुनरोत्थान सुधार-आधारित और परिणाम-जुड़ी हुई स्कीम (हिसार) के तहत टर्नकी आधार पर 46 अदद मौजूदा 33 केवी सब स्टेशनों के संवर्धन हेतु सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, प्रचालन (स्थल आवश्यकता के अनुरूप सिविल कार्य समेत)। | 17.05.2025 12.06.2025 | ईएमडी 1.57 करोड़ | www.dhbvn.org.in | 01662-223216 cepdc@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | इंक्वायरी नं. टीएसजीपी-31/आरडीएसएस/2025-26 के तहत आरडीएस स्कीम के तहत गुरूग्राम-1 वृत्त, डीएचबीवीएन के आईएमटी मानेसर में 66 केवी सब स्टेशनों सेक्टर-1, 2, 3, 4, 8 से केवी फीडर्स (शहरी एवं औद्योगिक) इमेनेटिंग की 11 वितरण अवसंरचना का विकास। | 14.05.2025 27.06.2025 | 143.02 करोड़ | www.dhbvn.org.in | 7840087603 cesmartcity@dhbvn.org.in |
| 3 | डीएचबीवीएन | टीआरडब्ल्यू भिवानी में वॉशरूम और सीमेंट कंक्रीट फ्लोरिंग का निर्माण तथा सीवर लाइन और कुछ सम्बद्ध कार्यों का प्रावधान। | 16.05.2025 09.06.2025 | 34.73 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 4 | डीएचबीवीएन | पुनरोत्थान सुधार-आधारित और परिणाम-जुड़ी हुई स्कीम के तहत टर्नकी आधार पर प्रत्येक सब स्टेशन के लिए सम्बद्ध 33 केवी लाइंस और 11 केवी लाइंस के साथ-साथ 11 केवी ब्रेकर के 8 पैनल सैट निहित 'ओपी' वृत्त, डीएचबीवीएनएल, हिसार के तहत 'ओपी' वृत्त, डीएचबीवीएनएल फतेहाबाद और जाखोद खेड़ा के तहत 'ओपी' वृत्त, डीएचबीवीएनएल, सिरसा, इन्दाछोई और थार्वा के तहत 6 अदद नये 33 केवी सब स्टेशनों नामतः हांडी खेड़ा, दलीप नगर और किशनपुरा की रचना हेतु सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, प्रचालन (सिविल कार्य समेत)। | 19.05.2025 12.06.2025 | ईएमडी 87.37 लाख | www.dhbvn.org.in | 1662223216 cepdc@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/80/34970/I/88/7 दि. 21.05.25

## चिंतन

# सरकार के प्रयास रंग लाए दम तोड़ रहा नक्सलवाद

पिछले छह दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब खत्म होने के कगार पर है। इन छह दशकों के दौरान नक्सलवाद ने न केवल देश को आर्थिक नुकसान पहुंचाया बल्कि समानांतर सरकारें भी चलाई। नक्सलवाद प्रभावित जिलों में उनकी हुकूमत चलती थी। वहां केंद्र व राज्य सरकार का कोई असर नहीं दिखता था। नक्सलियों का फरमान ही अंतिम आदेश होता था जिसे लोग मानने को मजबूर थे। एक समय था जब देश के 38 जिले पूरी तरह से नक्सलवाद के शिकंजे में थे। अब जिलों की संख्या घटकर 6 हो गई है। वर्ष 2004 से 2014 तक देश में नक्सलवाद से जुड़ी 16,463 हिंसक घटनाएं हुई थीं। लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसमें 53 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2004 से 2014 तक विभिन्न नक्सली हमलों और नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान 1851 सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। लेकिन पिछले 10 सालों में सुरक्षाबलों के हताहत होने की संख्या 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई है। वहीं 2004 से 14 के बीच नक्सली हमलों में 4,766 नागरिकों की मौत हुई थी। 2014 से 2024 के बीच यह आंकड़ा 70 प्रतिशत घटकर 1495 रह गया है। अब तो परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। वर्ष 2025 में अब तक 148 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। बुधवार को ही छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान शहीद हो गया है। महज एक सप्ताह पहले ही ऑपरेशन कर्रेगुट्टा के तहत छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर स्थित पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 16 महिला और 15 पुरुष नक्सली शामिल थे। संदेश साफ है कि अब सरकार किसी भी सूरत में नक्सलवाद को सहन करने को तैयार नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण एक तरफ जहां नक्सलियों पर दबाव बढ़ा है वहीं उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों में विकास की योजनाएं प्रारंभ होने से उन्हें मिलने वाला जन समर्थन समाप्त हो गया है। इससे आने वाले समय में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति व्याप्त होगी, जो सरकार व आमजन की एक बड़ी जीत होगी। बस जरूरत इस बात की है कि नक्सलियों पर कसा गया शिकंजा कमजोर न होने पाए और विकास का पहिया तेज रफ्तार से चलता रहे।



**अटल पेंशन योजना**
सतीश सिंह

अटल पेंशन योजना के 10 साल पूरे हो गए हैं। इस योजना का आगाज 9 मई 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। यह योजना असंगठित क्षेत्र के लोगों को वृद्धावस्था में आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की पहल है। इसके तहत 60 साल की उम्र पूरा होने पर हर महीने 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की पेंशन दी जाती है। बीते 10 सालों में इस योजना के नाम कई उपलब्धियां रही हैं। समग्र रूप से कह सकते हैं कि अटल पेंशन योजना ने असंगठित क्षेत्र के करोड़ों लोगों को बुढ़ापे में आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही, महिलाओं के सशक्तिकरण में भी यह योजना महती भूमिका निभा रही है।

# सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा का दायरा बढ़ा

आठ मई 2025 को अटल पेंशन योजना के 10 साल पूरे हो गए। इस योजना का आगाज 9 मई 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। यह योजना असंगठित क्षेत्र के लोगों को वृद्धावस्था में आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की पहल है। इसके तहत 60 साल की उम्र पूरा होने पर हर महीने 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की पेंशन दी जाती है। बीते 10 सालों में इस योजना के नाम कई उपलब्धियां रही हैं। अटल पेंशन योजना के लिए 18 से 40 साल उम्र के सभी भारतीय, जो आयकर के दायरे में नहीं आते, पात्र हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति का बचत खाता, आधार कार्ड और एक्टिव मोबाइल नंबर होना चाहिए। इच्छुक व्यक्ति 1,000 रुपये या 2,000 रुपये या 3,000 रुपये या 4,000 रुपये या 5,000 रुपये के पेंशन का विकल्प चुन सकता है। इस योजना के तहत योगदान की गई राशि आयकर की धारा 80 सीसीडी के तहत कर छूट के योग्य है।

अटल पेंशन योजना के तहत 60 साल उम्र पूरी होने पर हर महीने 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की पेंशन राशि चुने गए विकल्प के अनुसार दी जाती है। 18 साल से 40 साल तक का व्यक्ति इस योजना हेतु अपना नामांकन करवा सकता है। पेंशन का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को कम से कम 20 साल तक निवेश करना होगा या 60 वर्ष की उम्र पूरी होने तक निवेश करना होगा। अगर इस योजना का विकल्प चुनने वाले की उम्र 40 वर्ष है तो वह 60 वर्ष की उम्र यानी 20 साल तक निर्धारित राशि की किस्त जमा करेगा। वहीं,अगर उसकी आयु 18 वर्ष है तो वह 42 साल तक पेंशन पाने के लिए निर्धारित राशि की किस्त जमा करेगा। इस योजना के अंतर्गत आपके निवेश की राशि इस बात पर निर्भर करती है कि आप 60 साल की उम्र पूरी होने के बाद कितनी राशि पेंशन के रूप में प्राप्त करना चाहते हैं। 1 हजार रुपये से 5 हजार तक प्रतिमाह पेंशन पाने के लिए 18 साल के इच्छुक व्यक्ति को 42 साल तक 210 रुपये प्रतिमाह पेंशन फंड में जमा करना होगा। वहीं, यदि कोई व्यक्ति 40 साल की उम्र में इस योजना का विकल्प चुनता है तो उसे 291 रुपये से लेकर 1,454 रुपये तक प्रतिमाह पेंशन फंड में राशि निवेश करनी होगी। पेंशन फंड में जमा मासिक किस्त के अनुरूप इच्छुक व्यक्ति को 60 साल की उम्र पूरी होने पर 1,000 रुपये से 5,000 रुपये तक की पेंशन प्रति माह मिलेगी। अगर 18 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 42 रुपये जमा करेगा तो उसे 60 साल के बाद हर महीने 1,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 84 रुपये जमा करेगा तो 2,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 126 रुपये जमा करेगा तो 3,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 168 रुपये जमा करेगा तो 4,000 रुपये पेंशन मिलेगी और अगर 210 रुपये जमा करेगा तो 5,000 रुपये पेंशन मिलेगी। अगर 40 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 291 रुपये जमा करेगा तो उसे 60 साल के बाद हर महीने 1,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 582 रुपये जमा करेगा तो उसे 2,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 873 रुपये जमा करेगा तो 3,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 1,164 रुपये जमा करेगा तो 4,000 रुपये पेंशन मिलेगी, और अगर 1,454 रुपये जमा करेगा तो 5,000 रुपये पेंशन मिलेगी। बता दें कि 19 वर्ष से 39 वर्ष उम्र वाले लोगों के लिए पेंशन राशि के अनुरूप जमा की जाने वाली राशि अलग-



अलग होगी और इसकी जानकारी ऑनलाइन या बैंक जाकर प्राप्त की जा सकती है। अटल पेंशन योजना के तहत मासिक के अलावा निवेशक त्रैमासिक या छमाही आधार पर भी निवेश कर सकते हैं। बैंक में खाते से ऑटो-डेबिट की रजामंदी देने के बाद चयनित राशि खाते से स्वतः डेबिट होकर पेंशन खाते में जमा हो जाएगी। अगर पेंशन का विकल्प चुनने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसके जीवनसाथी को पेंशन का भुगतान किया जाएगा और अगर पेंशनर और जीवनसाथी दोनों की मृत्यु हो जाती है तो 60 साल की आयु तक जमा की गई पेंशन राशि नॉमिनी को वापस कर दी जाएगी। वहीं, अगर 60 साल से पहले पेंशन ग्राहक की मृत्यु होती है तो उसका जीवनसाथी अटल पेंशन योजना खाते में योगदान जारी रख सकता है। ग्राहक का पति या पत्नी वही पेंशन राशि प्राप्त करने का हकदार होगा जो ग्राहक को निर्धारित समय के बाद मिलनी थी। हालांकि, वह अटल पेंशन योजना खाते में जमा की गई पूरी राशि की निकासी भी कर सकता है।

अटल पेंशन योजना का खाता खोलना अब बेहद ही आसान हो गया है। अगर आप भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक हैं और आपने इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा ले रखी है तो आपको अटल पेंशन योजना खाते को खुलवाने के लिए बैंक के किसी शाखा में जाने की जरूरत नहीं है। अटल पेंशन योजना के लिए बचत खाता होना जरूरी है, मासिक किस्त जमा करने की तारीख पहली किस्त जमा करने की तारीख के आधार पर निर्धारित होती है। अटल पेंशन योजना में नॉमिनी रखना भी जरूरी है, कोई भी व्यक्ति अटल पेंशन योजना का सिर्फ एक खाता खोल सकता है, अगर मासिक किस्त के लिए खाते में पैसे नहीं हैं तो निवेशक को जुर्माना देना होता है। मई 2015 से अप्रैल 2025 तक, 7.65 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने इस योजना के लिए अपना नामांकन करवाया है। सरकार द्वारा समर्थित इस पेंशन योजना का उद्देश्य भारत के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बुढ़ापे में आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराना है। सिर्फ वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इस योजना से 1.17 करोड़ नये ग्राहक जुड़े, जबकि उसके पिछले 2 सालों में इस योजना से 1 करोड़ से अधिक लोग जुड़े थे। ये आंकड़े बताते हैं कि लोगों का भरोसा इस योजना पर बढ़ा है और देश में सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का दायरा भी बढ़ा है। इस योजना के तहत 44,780 करोड़ रुपयेकी राशि जमा की गई है और उसपर 9.11% का आकर्षक वार्षिक प्रतिफल मिला है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इस योजना से जुड़े लोगों में महिलाओं की भागीदारी लगभग 55% रही,जो महिलाओं में बढ़ती जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और इस योजना की प्रभावशीलता को दर्शाता है। उत्तरप्रदेश ने मामले में उम्दा कार्य किया है। यहाँ से इस योजना से 1.25 करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं। इतना ही नहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तरप्रदेश में निर्धारित लक्ष्य से अधिक 104.22% लोग इस योजना से जुड़े। हालांकि, कुछ राज्यों जैसे, पंजाब में 20.4% लोगों ने इस योजना में योगदान करना बंद कर दिया है, जिसका कारण उनकी कमजोर आर्थिक स्थिति रही थी। समग्र रूप से कह सकते हैं कि अटल पेंशन योजना ने असंगठित क्षेत्र के करोड़ों लोगों को बुढ़ापे में आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही, महिलाओं के सशक्तिकरण में भी यह योजना महती भूमिका निभा रही है। इसके समक्ष परिचालन से जुड़ी हुई कुछ चुनौतियां जरूर बरकरार हैं,लेकिन बुढ़ापे में मिलने वाली आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा,सरकारी समर्थन और अन्य लाभों की वजह से ग्रामीण, कस्बाई और शहरी इलाकों के असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के बीच इस योजना की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।

(लेखक एसबीआई गांधीनगर में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## कृषि

रवि शंकर



# बेहतर मानसून से किसानों को मिल सकेगी राहत

मौसम विभाग ने 2025 के लिए एक अत्यंत उत्साहवर्धक और राहत प्रदान करने वाली भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के मुताबिक बीते छह सालों की तुलना में इस साल का मानसून भारत में समय से पहले दस्तक दे सकता है। दरअसल, आईएमडी ने 27 मई को केरल में मानसून के प्रवेश करने की संभावना जताई है। इसका अर्थ है कि इस बार औसत से लगभग 105 फीसदी वर्षा होने का अनुमान है। यह शुभ समाचार कृषि प्रधान क्षेत्रों के लिए एक नई आशा की किरण लेकर आया है, जहां खेती मुख्य रूप से वर्षा पर ही निर्भर करती है। अगर मौसम विभाग की भविष्यवाणी यदि सही होती है तो ये देश की अर्थव्यवस्था से लेकर खेती-किसानी के लिए रामबाण हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर बारिश से किसानों को बुवाई का सही समय मिलेगा, जिससे फसल उत्पादन में सुधार हो सकता है। इससे ग्रामीण मांग में भी सुधार आएगा जो अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मदद करेगी। साथ ही, जलाशयों, नहरों और भूजल स्त्रोतों को रिचार्ज करने में यह बारिश अहम भूमिका निभाएगी। मालूम हो, भारत में हर साल करोड़ों किसान मानसून की पहली फुहार का बेसब्री से इंतजार करते हैं। अच्छी बारिश का असर खरीफ फसलों के उत्पादन पर पड़ता है, जिससे कुछ खास खाद्य पदार्थों के दाम घट सकते हैं। चावल, बाजरा, रागी, अरहर, मूंगफली, कपास, मक्का, सोयाबीन आदि खरीफ फसलें हैं और इनका उत्पादन अधिकतर अच्छे मानसून पर निर्भर करता है। इनकी बुवाई जून-जुलाई से शुरू होती है। ऐसे में मानसून के दौरान अच्छी बारिश खरीफ फसलों के उत्पादन को बढ़ा सकती है, जिससे महंगाई पर कुछ हद तक नियंत्रण किया जा सकता। महंगाई घटेगी तो पूरी इकोनॉमी को इसका फायदा मिलेगा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मानसून भारतीय खेती की लाइफलाइन है। एक अनुमान के मुताबिक मानसून पर 2 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है और कम से कम 50 प्रतिशत कृषि को पानी वर्षा के जरिए ही हासिल होता है। लगभग 800 मिलियन लोग गांवों में निवास करते हैं और वे कृषि पर ही निर्भर हैं, जो कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 14 है। वहीं, मानसून में होने वाली बारिश देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिए भी जरूरी है। मालूम हो, कि खेत से लेकर खाने की टेबल तक एक बड़ी चेन जुड़ी होती है। ऐसे में कमजोर मानसून पूरी वैल्यू चेन को बिगाड़ सकता है। इससे पूरी आर्थिक एक्टिविटी गड़बड़ा जाती है। मानसूनी बारिश से खरीफ फसलों को लाभ होता है। साथ ही रबी सीजन यानी सर्दियों में बोई जाने वाली फसलों के लिए भी मिट्टी को नमी मिल जाती है। जब वर्ष 2025 में एक अच्छा मानसून संभावित है, तब सरकार को, किसानों को मुस्कुराहट देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाभप्रद बनाने के लिए रणनीतिक कदम आगे बढ़ाना चाहिए। यह सत्य है कि पिछले दो दशकों में भारत मौसम विज्ञान विभाग की मानसून संबंधी भविष्यवाणियां पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय हुई हैं। मार्च 2025 में एडवांस एरोसोल लिडर सिस्टम की तैनाती से वर्षा के पूर्वानुमान की सटीकता में और सुधार हुआ है। फिर भी कुछ जिलों में स्थानीय स्तर पर सटीक मौसम पूर्वानुमान और वास्तविक समय पर मौसम की निगरानी प्रणाली की कमी अभी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। किसानों को बुवाई, सिंचाई और फसल कटाई जैसे महत्वपूर्ण कृषि कार्यों की योजना बनाने के लिए सटीक और समय पर मौसम संबंधी जानकारी की आवश्यकता होती है। इस जटिल समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर केंद्रित रणनीतियों में निहित है। इसमें नदी और अन्य तालाबों से गाद को प्रभावी ढंग से हटाना शामिल है, ताकि बारिश के पानी का बहाव अवरुद्ध न हो और वह स्टोर हो सके। सिंचाई के लिए उपयोग की जा रही पुरानी नहरों का आधुनिकीकरण और मौजूदा जलाशयों का विस्तार करना भी आवश्यक है, ताकि हर खेत तक पर्याप्त पानी पहुंच सके। इसके अतिरिक्त, बाढ़ की पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने और जल-संरक्षण संबंधी बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है। निःसंदेह आर्थिक विकास दर को बढ़ाने में अच्छे मानसून की अहम भूमिका है। साफ है, अगर इस साल मानसून समय से पहले आता है, तो यह देश की खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए भी बड़ा सकारात्मक संकेत होगा। कृषि क्षेत्र के अलावा परिवहन, ऊर्जा, ग्रामीण विकास, और यहां तक कि शेयर बाजार में आईपीओ जैसे आर्थिक कारकों पर भी इसका असर देखा जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं।

# सुख शांति चाहते हैं तो काम हमेशा ईमानदारी से करें



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत के आंतरिक मामले और बाह्य शक्तियां

सबसे पहले शैतान सेना के बड़े गुलाम पाकिस्तान जैसे नापाक और दुष्ट देश को यह कहना-बताना अनिवार्य हो जाता है कि, 'कागज का है लिबास, चिरागों का शहर है, चलना संभल-संभल के, क्योंकि तुम नशे में हो!' जहां तक भारत के अपने आंतरिक मामलों का संबंध है, तो ठीक ही तो है, प्रतिपक्ष में होने के नाते हम भारत सरकार से बहस करेंगे और पूरा हिसाब-किताब भी मांगेंगे, लेकिन जब हमारे देश की सुरक्षा और समृद्धि की बात आएगी, तो हम सभी एक सौ चालीस करोड़ हिंदुस्तानी नागरिक एकता के अटूट बंधन से बंधे रहे हैं और हमेशा ऐसे ही रहेंगे। बाहरी देशों को प्रतिनिधिमंडल भेजना कूटनीतिक विषय है। बाहरी शक्तियां इस भ्रम में न रहें कि हम हिंदुस्तानी विभाजित हो जाएंगे।

*-कमल ठाकुर, चंद्रपुर*

## ट्रेंड

### सैन्य बलों पर गर्व



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और अपने लोगों के लिए शांतिपूर्ण और प्रगतिशील जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### शेरों की आबादी बढ़ी



गुजरात में शेरों की आबादी बढ़कर 891 हो चुकी है। भारत की शान सामान एशियाई शेरों का एकमात्र प्राकृतिक आवास गुजरात है। यह केंद्र और राज्य सरकार के सन्निष्ठ प्रयासों और स्थानिकों के सराहनीय सहयोग का सुखद परिणाम है।

-भूपेन्द्र पटेल, सीएम, गुजरात

### पिक्चर अभी बाकी है!



ऐसी सॉफ्ट बॉल चलाई है दिल्ली से, कि अगर चले तो सीधा पाकिस्तान जाकर रुके। पूरे विश्व को यह भी बता दीजिए।अभी जो आतंकवादियों के साथ हुआ, वह तो सिर्फ एक सॉफ्ट बॉल थी, पिक्चर अभी बाकी है!

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### राज्यपालों का दुरुपयोग



भारत की ताकत इसकी विविधता में निहित है - राज्यों का एक संघ, जिनमें से प्रत्येक की अपनी आवाज़ है। मोदी सरकार उन आवाजों को दबाने और निर्वाचित राज्य सरकारों को बाधित करने के लिए राज्यपालों का दुरुपयोग कर रही है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# एआई के साथ गूगल के सर्च इंजन का होगा कायाकल्प

गूगल ने अपने सर्च इंजन के कायाकल्प को गति देने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी का एक और चरण शुरू किया है, जो लोगों के सूचना प्राप्त करने के तरीके को बदल रहा है और वेबसाइटों पर इंटरनेट ट्रैफिक के प्रवाह को कम कर रहा है। गूगल के वार्षिक डेवलपर्स सम्मेलन में इस अगले चरण का उल्लेख किया गया जिसमें अमेरिका में एक नया 'एआई मोड' विकल्प जारी करना शामिल है। यह सुविधा गूगल के सर्च इंजन के साथ बातचीत को किसी विशेषज्ञ के साथ बातचीत करने जैसा बनाती है जो लगभग किसी भी विषय पर सवालों के जवाब देने में सक्षम है। कंपनी द्वारा 'लैब्स डिवीजन' के सीमित दर्शकों के साथ परीक्षण शुरू करने के महज ढाई महीने बाद ही अमेरिका में सभी के लिए एआई मोड की पेशकश की जा रही है। गूगल अपने नवीनतम एआई मॉडल 'जेमिनी 2.5' को भी अपने खोज एल्गोरिदम में शामिल कर रहा है और जल्द ही अन्य एआई सुविधाओं का परीक्षण शुरू करेगा, जैसे कि स्वचालित रूप से संगीत समारोहों के लिए टिकट खरीदना और लाइव वीडियो के माध्यम से खोज करने की क्षमता आदि। यह विस्तार एक वर्ष पहले शुरू हुए परिवर्तन पर आधारित है, जिसमें 'एआई ओवरव्यूज' नामक संवादात्मक सारांशों की शुरुआत की गई थी।




## ऑफ बीट

# क्या बिल्लियां दूध पी सकती हैं ? पुरानी मान्यता है हां

बिल्लियों का इंसानों के साथ संबंध का एक लंबा इतिहास है। वे 9,000 साल से भी ज्यादा समय से इंसानों के साथ रह रही हैं। हमारे पूर्वजों को परेशान करने वाले चूहे जब मानव बस्तियों की ओर आए तो उन्होंने बिल्लियों को चूहे पकड़ने में उपयोगी पाया और धीरे-धीरे उन्हें पालतू बना लिया। किसानों ने उन्हें कीट नियंत्रक के रूप में काम पर रखना शुरू कर दिया। इसी संबंध के जरिए बिल्लियों और दूध का पहली बार परिचय हुआ। पालतू जानवरों के भोजन के व्यावसायीकरण से पहले, बिल्लियों को ज्यादातर परिवार में बचे हुए खाने पर पाला जाता था। उनकी पोषण संबंधी जरूरतों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। स्कॉटिश चिकित्सक गॉर्डन स्टेबल्स ने पहली बार बिल्लियों पर 1877 में लिखी अपनी पुस्तक में रेखांकित किया कि बिल्लियों को दो कटोरे की जरूरत होती है एक पानी के लिए और दूसरा दूध के लिए। उन्होंने बिल्लियों के लिए बेहतरीन नाश्ते के रूप में दलिया और दूध का सुझाव दिया था। इसके आधार पर कला, पुस्तकों, फिल्मों और कार्टूनों में दूध-प्रेमी बिल्लियों का चित्रण किया गया। इससे बिल्लियों और दूध की छवि जन भावना में और अधिक गहराई तक बैठ गई। यहां तक कि एक आदर्श रूपक में भी दर्शाया गया।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# भारत में 72,000 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने 2,000 करोड़ आवंटित

## पीएम ई-ड्राइव के तहत राष्ट्रीय ईवी चार्जिंग ग्रिड के काम में तेजी, कुमारस्वामी ने की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

**बीएचईएल को डिमांड एग्रीगेशन और एकीकृत ईवी सुपर एप के विकास के लिए नोडल एजेंसी माना जाएगा**

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने आज पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यान्वयन की समीक्षा करने और इसमें तेजी लाने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। योजना का उद्देश्य स्वच्छ परिवहन को सक्षम बनाने और जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता को कम करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी ईवी-अनुकूल इको-सिस्टम का निर्माण करना है। 2,000 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ, पीएम ई-ड्राइव योजना देश भर में लगभग 72,000 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना का समर्थन करेगी। इन स्टेशनों को 50 राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों के साथ-साथ मेट्रो शहरों, टोल प्लाजा, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, ईंधन आउटलेट और राज्य राजमार्गों जैसे सघन यातायात वाले स्थानों पर रणनीतिक रूप से तैनात किया जाएगा।

**प्रमुख शहरों, राजमार्गों, हवाई अड्डों और औद्योगिक गलियारों को कवर करने के लिए चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर**



### पीएम ई-ड्राइव योजना एक परिवर्तनकारी पहल

कुमारस्वामी ने कहा, पीएम ई-ड्राइव योजना एक परिवर्तनकारी पहल है, हम केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर ही नहीं बना रहे हैं, बल्कि हम ऊर्जा सुरक्षा और हरित आर्थिक विकास की नींव भी रख रहे हैं। बीएचईएल (भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) को डिमांड एग्रीगेशन और एकीकृत डिजिटल सुपर ऐप के विकास के लिए नोडल एजेंसी के रूप में माना जा रहा है, जो पूरे भारत में ईवी उपयोगकर्ताओं के लिए एकल मंच के रूप में काम करेगा। ऐप में पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर तैनाती को ट्रैक करने के लिए रियल-टाइम स्लॉट बुकिंग, भुगतान एकीकरण, चार्जर उपलब्धता की स्थिति और प्रगति डैशबोर्ड की सुविधा होगी। चार्जर स्थापना के प्रस्तावों को संकलित करने और उनका मूल्यांकन करने के लिए बीएचईएल राज्यों और मंत्रालयों के साथ समन्वय भी करेगा।

---

## खबर संक्षेप

### गुजरात में 5 वर्ष में शेरों की संख्या 217 बढ़ी

**अहमदाबाद।** गुजरात में एशियाई शेरों की संख्या में बीते पांच वर्षों में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई



2024 में गणना के अनुसार अब राज्य में शेरों की संख्या 891 हो गई है, जो कि 2020 में 674 थी। यानी शेरों की संख्या में 217 का इजाफा हुआ है। सीएम भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया शेर 11 जिलों में फैले हैं।

### गाजीपुर में करंट लगने से 4 मरे और 3 गंभीर

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले के मरदह क्षेत्र में बुधवार को करंट लगने से चार लोगों की मौत हो गई तथा तीन



अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सपा के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना के लिए जिम्मेदार बिजली कर्मियों को बर्खास्त करने और मृतकों के परिजनों तथा घायलों को मुआवजा देने की मांग की है।

### विजयपुरा जिले में सड़क दुर्घटना में 6 की मौत

**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में बुधवार की सुबह दो 'स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल' और



एक निजी बस के बीच हुई सड़क दुर्घटना में 6लोगों की मौत हो गई। सोलापुर की ओर जा रही एक महिंद्रा एसयूवी-300 अनियंत्रित होकर सड़क का डिवाइडर पार कर गई और मुंबई से बल्लारी आ रही एक निजी बस से टकरा गई।

### मजदूरों से भरा टेंपो पलटा, 3 की मौत

**नई दिल्ली।** द्वारका में बुधवार दोपहर सड़क दुर्घटना में दो बच्चों सहित तीन की मौत हो गई। हादसे में करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। पुलिस के अनुसार द्वारका सेक्टर-9 से द्वारका सेक्टर 20-21 की ओर जाने वाली सड़क पर दोपहर 3:54 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। इसके बाद दोपहर 3:58 बजे एक और कॉल प्राप्त हुई जिसमें द्वारका एक्सप्रेसवे पर गुड़गांव की ओर सेक्टर 23 फ्लाईओवर के पास एक दुर्घटना की सूचना दी गई।

---

### मुर्शिदाबाद हिंसा रिपोर्ट को लेकर टीएमसी पर बरसी भाजपा, बोले सुधांशु

# हिंदू विरोधी सरकार की क्रूरता वीभत्स रूप में दिखाई, पानी रोका, चुनिंदा घरों में आग लगाई



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुए दंगों को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने प्रदेश की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। इसके बाद भाजपा ने टीएमसी पर आरोपों की झड़ी लगा दी है। पार्टी ने उस पर चौतरफा हमला बोल दिया है। टीएमसी की कलई तो कोलकाता हाईकोर्ट ने खोल ही दी है। इस बीच भाजपा ने विपक्ष के धर्मनिरपेक्ष होने का चोला भी सामने ला दिया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि टीएमसी सरकार की हिंदू विरोधी क्रूरता अपने पूरे वीभत्स रूप में सामने आ गई है। दरअसल वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में बीते अप्रैल में हिंसा हुई थी। जिसमें 3 लोगों की जान चली गई थी।रिपोर्ट के आने के बाद त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया था। इसमें तीन सदस्य थे। उन्होंने 11 अप्रैल 2025 को हुई घटनाओं पर रिपोर्ट दिया है, जिससे टीएमसी, इंडिया गठबंधन और तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के स्वयं नायकों का मुखौटा पूरी तरह उतर गया है।

**विपक्ष का धर्मनिरपेक्षता का मुखौटा उतरा**

#### हाईकोर्ट की रिपोर्ट में पूरी सच्चाई उजागर

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इस समय देश में जिस तरह से एक खास तरह की राजनीति चल रही है, उससे ऐसा लगता है कि कुछ लोग देश की आंतरिक सुरक्षा और ढांचे को नष्ट करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार नजर आती हैं। ऐसी स्थिति कई बार पश्चिम बंगाल में देखा जा चुका है। आज कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी की रिपोर्ट आने के बाद पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार की हिंदू विरोधी क्रूरता अपने पूरे वीभत्स रूप में उजागर हो गई है।

#### कलकत्ता हाईकोर्ट ने प्रदेश की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार को कठघरे में खड़ा किया



#### उच्च न्यायालय की समिति में ये थे शामिल

हाईकोर्ट ने एक तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के रजिस्ट्रार (कानून) जोगिंदर सिंह, पश्चिम बंगाल विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सत्य अर्णब घोषाल और पश्चिम बंगाल न्यायिक सेवा के रजिस्ट्रार सौगत चक्रवर्ती शामिल थे। जांच टीम ने 17 मई को कलकत्ता हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी। रिपोर्ट में बताया गया कि हिंसा के दौरान इलाके में रह रहे हिंदुओं को निशाना बनाया गया। इतना ही नहीं इस हिंसा में टीएमसी का एक नेता भी शामिल था। इस रिपोर्ट में बताया गया कि बेटबोना गांव में 113 घरों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया गया।

**स्थानीय पार्षद की तरफ से निर्देशित किए गए थे हमले, पुलिस थी मूकदर्शक**

रिपोर्ट में कहा गया कि हमले स्थानीय पार्षद से निर्देशित किए गए थे और पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि लोग अपनी सुरक्षा के लिए स्थायी बीएसएफ कैंप और केंद्रीय सशस्त्र बल चाहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोई जवाब नहीं दिया।

#### हिंदुओं को खिलाफ अत्याचार सबने देखा

त्रिवेदी ने कहा कि मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के संबंध में हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त समिति की एसआईटी रिपोर्ट के बाद टीएमसी सरकार के तहत किए गए हिंदू विरोधी अत्याचार स्पष्ट रूप से सामने आ गए हैं। तीन सदस्यों में से एक मानवाधिकार अधिकारी और दो बंगाल की न्यायिक सेवा से थे। उन्होंने रिपोर्ट दिया है, जिससे टीएमसी, इंडिया गठबंधन और तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के स्वयं नायकों का मुखौटा पूरी तरह उतर गया है। पाकिस्तान के साथ युद्ध क्यों? सवाल करने वालों ने मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा है। पिता और पुत्र हरगोविंद दास और चंदन दास की क्रूर हत्या के बारे में एक भी शब्द नहीं कहा गया है। फिर भी, इन्हीं लोगों ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। इसमें विपक्ष अब तक चुप रहा।

#### महिलाओं और बच्चों के कपड़ों में तेल डालकर लगाई थी आग

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बदमाशों ने पानी का कनेक्शन काट दिया ताकि आग को पानी से न बुझाया जा सके। इसमें कहा गया है कि बदमाशों ने घर के सभी कपड़ों को मिट्टी के तेल से जला दिया और घर की महिला के पास तन ढंकने के लिए कपड़े नहीं थे।

**संबित पात्रा ने भी राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया**



#### हिंदुओं से नफरत करती है बंगाल सरकार मुस्लिम होते तो आंदोलन करतीं ममता

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने ममता पर यह तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी 'हिंदुओं से नफरत' करती हैं। पात्रा ने ममता पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अगर 'मुस्लिम भाइयों' के साथ ऐसा होता तो ममता बनर्जी जरूर आंदोलन करतीं और धरना देतीं।

---

### कहा, बीबीएमबी के पुनर्गठन की मांग नीति आयोग के समक्ष उठाई जाएगी

## बीबीएमबी केंद्र की कठपुतली बनी, पंजाब के पास अतिरिक्त पानी नहीं: भगवंत मान

- पंजाब का बीबीएमबी के पास लगभग 142 करोड़ रुपए बकाया: सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के पुनर्गठन का मुद्दा



शनिवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक में उठाएगी। पंजाब में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस मुद्दे को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में उठाएंगे। उन्होंने कहा कि चूंकि पानी का स्तर बार-बार बदल रहा है, इसलिए हर जल समझौते की हर 25 साल बाद समीक्षा की जानी चाहिए।

मान ने कहा कि जिस तरह से बीबीएमबी राज्य के पानी के जायज हिस्से को छीनने के लिए एक पक्ष बन गया है, वह दुर्भाग्यपूर्ण और अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने इस साल मार्च में अपने हिस्से का पानी खत्म कर दिया था, लेकिन बीबीएमबी ने केंद्र और हरियाणा सरकार की कठपुतली की तरह काम किया ताकि राज्य का पानी छीना जा सके। यह वही बीबीएमबी है, जिसने अपने महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए पंजाब से 32 करोड़ रुपये लिए थे और यह पैसा कभी भी राज्य को वापस नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पंजाब का बीबीएमबी के पास लगभग 150 करोड़ रुपए (सही मायने में 142 करोड़ रुपए) बकाया हैं और राज्य सरकार जल्द ही इस पैसे की वसूली के लिए दावा करेगी।

#### एक बूंद पानी चोरी नहीं करने दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 20 दिनों तक राज्य के मेहनती और जागरूक लोगों ने हरियाणा और केंद्र को पंजाब से एक भी बूंद पानी चोरी नहीं करने दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतलुज नदी पहले ही सूख चुकी है और इसमें से एक बूंद भी पानी साझा करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इसके बजाय गंगा और यमुना का पानी सतलुज नदी के माध्यम से पंजाब को आपूर्ति किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में पानी की कमी की चिंताजनक स्थिति के मद्देनजर यह एकमात्र व्यवहार्य विकल्प है, जिस पर विचार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्रफल में छोटा होने के बावजूद हरियाणा को पंजाब से अधिक पानी मिल रहा है और दुख की बात यह है कि वह पंजाब के हिस्से के पानी की मांग कर रहा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अगर हमारे अपने खेत सूखे हैं तो हम हरियाणा को पानी कैसे दे सकते हैं।


---

**भाजपा ने इसे सेना का अपमान बताया और कहा- सैन्य अभियान की गंभीरता को कम किया**

## ऑपरेशन सिंदूर को 'स्मॉल वार' कहे जाने पर खड़गे पर भड़की भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली






भाजपा सांसद एवं प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को 'स्मॉल वार' कहे जाने पर उनकी कड़ी आलोचना की। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह बयान भारतीय सेना की बहादुरी का अपमान है और सैन्य अभियानों की गंभीरता को कम करता है।

बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने नई दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधा। डॉ. त्रिवेदी ने खड़गे के बयान को भारतीय सेना के शौर्य का अपमान बताया और कहा कि इस तरह की बातें न सिर्फ सैन्य अभियानों की अहमियत को कम करती हैं, बल्कि ऑपरेशन में शामिल जवानों की मेहनत और बहादुरी का भी अनादर करती हैं।

त्रिवेदी प्रेस वार्ता के दौरान आगे बोले कि, 'ऑपरेशन सिन्दूर को छोटी घटना कहना न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि ये भारतीय सेना के शौर्य और 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं का अपमान है। इससे पहले भी राहुल गांधी ने भारतीय विमान और बाकी मुद्दों पर कई बेबुनियाद बातें की हैं।' त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि खरगे और राहुल गांधी के बयान कोई इत्तेफाक नहीं हैं, बल्कि एक बड़ी सोची-समझी रणनीति का हिस्सा हैं।

#### बंगाल सरकार पर भी हमला

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने ममता बनर्जी की सरकार पर मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) कानून के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद में जो हिंसा हुई, उस पर बनी फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की रिपोर्ट से साफ है कि यह हिंसा हिंदुओं को निशाना बनाकर की गई थी।

---

### कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका पर विवादित टिप्पणी का मामला

**जमानत बांड भरें**

## प्रो.खान को सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त अंतरिम जमानत, 3 सदस्यीय एसआईटी करेगी जांच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अली खान महमूदाबाद को महिला सैन्य अफसरों कर्नल कुरैशी और



विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने महमूदाबाद को सीजेएम, सोनीपत की संतुष्टि के लिए जमानत बांड भरने को भी कहा है। खान महमूदाबाद को निर्देश दिया है कि वे दोनों पोस्ट से संबंधित कोई भी ऑनलाइन लेख नहीं लिखेंगे या भाषण नहीं देंगे जो जांच का विषय है। कोर्ट ने उन्हें भारतीय धरती पर आतंकवादी हमलों या हमारे राष्ट्र द्वारा दी गई जवाबी प्रतिक्रिया के बारे में कोई भी टिप्पणी करने से रोक दिया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। 3 आईपीएस अधिकारियों वाली एक एसआईटी के गठन का भी आदेश दिया है। इसमें एक महिला अधिकारी भी शामिल होगी जो राज्य से बाहर की होगी। 24 घंटे के भीतर एसआईटी का गठन किया जाए।

#### पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा को भी दी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने आईएएस की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा



खेडकर को अग्रिम जमानत दे दी। उन पर परीक्षा में धोखाधड़ी, ओबीसी, दिव्यांगता श्रेणी के तहत आरक्षण का गलत लाभ का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पूजा जांच में सहयोग करें।

---

### नकद जब्ती मामले में उच्चतम न्यायालय ने की सुनवाई

**सरकार को रिपोर्ट भेजी**

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की याचिका को कर दिया खारिज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से नकदी



बरामद होने के मामले में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि 8 मई को शीर्ष अदालत द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अंकित है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश ने आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट और न्यायाधीश के जवाब को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया है।

#### याचिकाकर्ता को उचित प्राधिकारियों के समक्ष निराकरण करना होगा

पीठ ने कहा कि आदेश की मांग करने से पहले याचिकाकर्ता को उचित प्राधिकारियों के समक्ष अपना पक्ष रखकर अपनी शिकायत का निवारण करना होगा। इसलिए हम इस रिट याचिका पर विचार करने से इनकार करते हैं। इस स्तर पर अन्य याचिकाओं पर गौर करना आवश्यक नहीं है। आंतरिक जांच समिति द्वारा वर्मा को दोषी ठहराए जाने के बाद पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने उन्हें इस्तीफा देने का संकेत दिया था। जब न्यायमूर्ति वर्मा ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया तो खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। विवाद के बीच वर्मा का स्थानांतरण दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय कर दिया गया। अधिवक्ता मैथ्यूज नेदुम्परा और तीन अन्य द्वारा दायर याचिका में आपराधिक कार्यवाही तत्काल शुरू करने का अनुरोध किया गया।

---

### तटीय राज्य गोवा में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा

# आर्थिक विकास युद्ध जैसे हालात में संभव नहीं होगा

एजेंसी ▸▸ पणजी

गोवा की राजधानी पणजी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को गोवा के वास्को शहर में मुरमुगांव पोर्ट अथॉरिटी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र, विकसित भारत बने, इसके लिए प्रति व्यक्ति आय में 8गुना वृद्धि आवश्यक है। यह तभी संभव है जब हमारे सीमाओं पर शांति हो। आर्थिक विकास युद्ध जैसे हालातों में नहीं हो सकता। विकास और प्रगति के लिए शांति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आज का भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति और समुद्री शक्ति दोनों के रूप में उभर रहा है, जो शांति, सतत विकास और प्रगति के प्रति प्रतिबद्ध है। हम पहले ही दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक अग्रणी शक्ति के रूप में उभर रहे हैं। हमारे समुद्र आज हमारे लिए पहले से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण हैं।

#### विकास और प्रगति के लिए शांति का होना अत्यावश्यक



**पीएम मोदी काम के प्रति प्रतिबद्ध**

धनखड़ ने कहा कि आज लगभग 300 करोड़ की लागत वाली तीन परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की गईं। नरेंद्र मोदी सरकार की एक विशेषता है-वे समर्पण करते हैं, मतलब काम को तेजी से पूरा करते हैं। प्रधानमंत्री का जुनून विकास के लिए है, विकास उनका मिशन है। वे तेज और बड़े पैमाने पर निष्पादन में विश्वास करते हैं। आज जिन परियोजनाओं को समर्पित किया गया है, वे भारत की बदलती छवि को परिभाषित करती हैं।

**ताबूतों ने दिया 'ऑपरेशन सिंदूर' का सबूत**

धनखड़ ने गोवा के वास्को शहर में मुरमुगांव पोर्ट अथॉरिटी के कार्यक्रम में कहा कि आतंकियों ने खुद ही 'ऑपरेशन सिंदूर' का सबूत पूरी दुनिया को दे दिया है। जिन आतंकियों को इस ऑपरेशन में निशाना बनाया गया, उनके ताबूतों को पाक सेना और आतंकी संगठन खुद ले जा रहे थे।

#### समुद्रों में नियम आधारित व्यवस्था होना जरूरी

धनखड़ ने यह भी कहा कि तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में जहां वैश्विक व्यापार, सामरिक चोक पॉइंट्स, साइबर खतरे और अंतरराष्ट्रीय अपराध आपस में जुड़े हैं, समुद्र में नियम आधारित व्यवस्था को लागू करना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। यह अत्यंत आवश्यक है कि समुद्रों में नियम आधारित व्यवस्था बनी रहे। भारत की समुद्री सुरक्षा लचीली, सक्रिय और भविष्य के लिए तैयार होनी चाहिए। हमें शिपबिल्डिंग में तेजी लानी होगी और इसमें नेतृत्व करना होगा। हम माल का लगभग 70 फीसदी समुद्री रास्ते ले जाते हैं।

# भारतीय मूल के वैभव तनेजा ने सैलरी के मामले में पिचाई, नडेला को पीछे छोड़ा

## टेस्ला के सीएफओ तनेजा ने 2024 में 1,139 करोड़ रुपए की सैलरी कमाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मूल के टेस्ला के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) वैभव तनेजा ने 2024 में कुल 139.5 मिलियन डॉलर करीब 1,139 करोड़ रुपए की सैलरी कमाई है। यह उनकी बेस सैलरी से कहीं ज्यादा है, जो सिर्फ 4 लाख डॉलर रही। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी ये कमाई खास तौर से स्टॉक ऑप्शन और इक्विटी अवॉर्ड के जरिए हुई, जो उन्हें प्रमोशन के बाद मिले थे।

### स्टॉक ग्रोथ ने बढ़ाई वैल्यू

वैभव तनेजा को यह स्टॉक बेस्ड कंपनसेशन 2023 में उनके सीएफओ बनने के बाद दिया गया था। उस समय टेस्ला का शेयर करीब 250 डॉलर था, जो 4 साल की वेस्टिंग पीरियड के साथ अलॉट किया गया। 19 मई 2025 तक टेस्ला का शेयर 342 डॉलर तक पहुंच गया, जबकि कंपनी इस दौरान ईवी डिलीवरी में गिरावट और लो प्रॉफिट मार्जिन जैसी चुनौतियों से जूझ रही थी।

### कौन हैं वैभव तनेजा?



वैभव तनेजा का जन्म भारत में हुआ है। यानी वो मूल रूप से भारतीय हैं और 1999 में दिल्ली यूनिवर्सिटी से कॉमर्स की पढ़ाई की है। उन्होंने साल 2000 में आईसीएआई से चार्टर्ड अकाउंटेंट और फिर 2006 में अमेरिका से सीपीए की डिग्री हासिल की। वह 2017 में टेस्ला से जुड़े थे। इससे पहले वह सोलार सिटी में काम कर रहे थे, जिसे टेस्ला ने 2016 में खरीद लिया था। वहां वह वाइस प्रेसिडेंट और बाद में कॉर्पोरेट कंट्रोलर के पद पर थे। उन्होंने सोलार सिटी और टेस्ला के इंटीग्रेशन की जिम्मेदारी भी संभाली थी।

### 20 साल से ज्यादा का फाइनेंस अनुभव

वैभव तनेजा को इस फील्ड में दो दशकों यानी 20 साल से ज्यादा का एक्सपीरिएंस है। वह टेस्ला की ग्लोबल ग्रोथ और फाइनेंशियल प्लानिंग का अहम हिस्सा हैं। उनकी यह सैलरी न केवल टेस्ला के अंदर उनकी अहमियत को दिखाती है, बल्कि इंडियन टैलेंट की ग्लोबल पहचान का भी एक शानदार उदाहरण है।

### सीएफओ के लिए अब तक का सबसे बड़ा पैकेज

टेस्ला सीएफओ को मिला यह पैकेज निकोला कंपनी के 2020 में मिले 86 मिलियन डॉलर के पुराने रिकॉर्ड से भी बड़ा है। निकोला बाद में 2024 में बैंकरप्ट हो चुकी है। इस लिहाज से वैभव तनेजा का कंपनसेशन अब तक का सबसे हाई सीएफओ सैलरी पैकेज माना जा रहा है। बता दें कि वैभव तनेजा यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग पैकेज ऐसे समय में सामने आया है जब टेस्ला इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री की बड़ी चुनौतियों से जूझ रही है।

टेस्ला के सीएफओ के तौर पर वैभव तनेजा ने सैलरी के मामले में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला की 2024 की सैलरी को भी पीछे छोड़ दिया। रिपोर्ट के अनुसार, सत्य नडेला को 2024 में 79.1 मिलियन डॉलर का कंपनसेशन मिला, जबकि सुंदर पिचाई की कमाई सिर्फ 10.73 मिलियन डॉलर रही। वैभव तनेजा की सैलरी को अब तक के सबसे बड़े सीएफओ कंपनसेशन में से एक माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### लॉजिस्टिक्स एजिस वोपैक का आईपीओ 26 मई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** एजिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी एजिस वोपैक टर्मिनल्स ने अपने 2,800 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 223-235 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी बयान के अनुसार, आईपीओ 26 मई को खुलेगा और 28 मई को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 23 मई को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, यह निर्गम पूरी तरह से 2,800 करोड़ रुपये के नए शेयर पर आधारित है और इसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई घटक नहीं है।

### घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या अप्रैल में आठ प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने अप्रैल में घरेलू मार्गों पर सालाना आधार पर 8.45 प्रतिशत अधिक 143.6 लाख यात्रियों को सेवाएं प्रदान कीं। यह हवाई यातायात की बढ़ती मांग को दर्शाता है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, घरेलू हवाई यातायात में इंडिगो की हिस्सेदारी सबसे अधिक 64.1 प्रतिशत रही। इसके बाद एयर इंडिया समूह (27.2 प्रतिशत), अकासा एयर (पांच प्रतिशत) और स्पाइसजेट (2.6 प्रतिशत) का स्थान रहा। डीजीसीए ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा, ''जनवरी-अप्रैल, 2025 के दौरान घरेलू एयरलाइन कंपनियों ने 575.13 लाख यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित की। पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 523.46 लाख था। इसमें वार्षिक आधार पर 9.87 प्रतिशत और मासिक आधार पर 8.45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।'' घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या अप्रैल में 143.16 लाख रही जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 132 लाख थी। घरेलू एयरलाइन कंपनियों के 'ऑन टाइम परफॉर्मेंस' (ओटीपी) के संदर्भ में बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई के चार महानगर हवाई अड्डों की गणना की गई।

## जेएलआर टाटा समूह की लक्जरी वाहन विनिर्माता कंपनी

# भारतीय कारोबार में बैटरी-इलेक्ट्रिक वाहन की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी : जेएलआर

एजेंसी ▶▶| गेडॉन (ब्रिटेन)

टाटा समूह की लक्जरी वाहन विनिर्माता कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को उम्मीद है कि अगले तीन-चार साल में भारत में उसके कारोबार में इलेक्ट्रिक वाहनों का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा, क्योंकि कंपनी देश में हरित वाहनों की तेजी से स्वीकार्यता की उम्मीद के बीच अपना पोर्टफोलियो बना रही है।

**भारत में हरित वाहनों की तेजी से स्वीकार्यता बढ़ रही**

कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाले इस प्रमुख ब्रांड की योजना 2030 तक देश में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) के लगभग आठ संस्करण उतारने की है। इसमें रेंज रोवर बीईवी भी शामिल है, जिसे अगले साल भारत में पेश किए जाने की उम्मीद है। जेएलआर के पास फिलहाल देश में अपने पोर्टफोलियो में कोई भी बीईवी नहीं है।

### कंपनी 2030 तक बाजार में बीईवी के आठ संस्करण उतारेगी

#### उपभोक्ता का भरोसा बढ़ेगा

जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने यहां कहा, "मुझे लगता है कि ईवी उन चीजों में से एक है जो एक ऐसे बिंदु पर पहुंच जाएगी जहां यह तेजी से आगे बढ़ेगी। यह पहले से ही तेजी से आगे बढ़ रही थी, लेकिन थोड़ी धीमी हो गई। अब जब हर विनिर्माता निवेश कर रहा है, तो मुझे लगता है कि कई लोगों की शक्ति इस (खंड) को और आगे बढ़ाएगी, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ेगा।"



#### बैटरी की कीमतों में कमी लाने के प्रयास जारी

अंबा ने कहा कि सरकार की सही नीतियों के कारण बैटरी की कीमतों में कमी और 'माइलेज' में वृद्धि के साथ, देश में ईवी क्षेत्र सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। अंबा ने कहा, किसी भी कारण से, इसकी (ईवी बिक्री) थोड़ी धीमी हो गई है, शायद विदेशी भावना से प्रभावित होकर।

#### लक्जरी खंड में ईवी की स्वीकार्यता बढ़ी

अंबा ने कहा कि जब कई ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माता) आगे आते हैं, तो इससे बाजार बनाने में मदद मिलती है, जो तब संभव नहीं होता जब केवल एक ही इकाई इस क्षेत्र में काम कर रही हो। अंबा ने कहा कि घरेलू बाजार में लक्जरी खंड में ईवी की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ी है और पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न वाहन विनिर्माताओं को अपनी कुल मात्रा के मामले में पहले ही लाभ मिल चुका है।

#### चार्जिंग ढांचा बनाने में तेजी लाई जाएगी

अंबा ने उम्मीद जताई कि बाजार की धारणा को देखते हुए, रेंज रोवर बीईवी से भी घरेलू बाजार में मजबूत मांग पैदा होने की उम्मीद है। अंबा ने कहा कि एकमात्र कमी जो है और जिसे तेज करने की जरूरत है, वह है चार्जिंग अवसंरचना बनाने में तेजी, जिससे संभावित ग्राहकों को भरोसा मिलेगा।

#### कंपनी अन्य के साथ मिलकर काम कर रही

अधिकारी ने कहा कि जेएलआर इस संबंध में टाटा मोटर्स और समूह की अन्य कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। अपने वैश्विक पर्यावरण अनुकूल लक्ष्य के तहत, जेएलआर का लक्ष्य 2039 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करना है।

# सोने में 1910 और चांदी में 1660 रुपये की तेजी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने से सुरक्षित निवेश के तौर पर खरीदारी का दौर शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,910 रुपये बढ़कर 98,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

- वैश्विक अनिश्चितता के बीच सोना बढ़कर 98,450 रुपये पर

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 96,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1,870 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया, जो पिछले दिन 96,130 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''कमजोर डॉलर ने सोने की कीमतों को सहारा दिया। मूडीज द्वारा राजकोषीय घाटे की चिंताओं के कारण अमेरिकी साख रेटिंग को नीचा किये जाने के बाद निवेशक सॉवरेन जोखिम का भी मूल्यांकन कर रहे हैं।''

### सोने ने 3300 डॉलर का स्तर पुनः पाया

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ शोध विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी राजकोषीय चिंताओं के बीच बुधवार को सोने ने 3,300 डॉलर के स्तर को पुनः प्राप्त कर लिया।''

### टीटी लिमिटेड का टीटी बाजार-आम भारतवासी का फैशन बाज़ार

**नई दिल्ली।** टीटी लिमिटेड के स्वामित्व वाला टीटी बाजार देशभर में अपनी पहुंच को तेजी से बढ़ा रहा है। अब तक टीटी बाजार ने 100 से अधिक स्टोर्स सफलतापूर्वक खोल लिए हैं, और अगले वर्ष तक इस संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। टीटी बाजार का उद्देश्य है – उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्र और रोजमर्रा के उपयोगी उत्पादों को सस्ती कीमतों पर आम जनता तक पहुंचाना। यहां ग्राहकों को महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए विस्तृत वस्त्र संग्रह, अंडरगारमेंट्स, एसेसरीज और कई घरेलू उपयोगी वस्तुएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होती हैं। टीटी लिमिटेड, जो वर्षों से भारत में वस्त्र उद्योग का एक भरोसेमंद नाम रहा है, अब खुदरा क्षेत्र में भी आम उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन रहा है। टीटी बाजार का हर स्टोर ग्राहकों को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और भरोसेमंद खरीदारी अनुभव देता है। हमारी योजना हर शहर में एक टीटी बाजार स्टोर खोलने की है ताकि भारत के हर कोने में गुणवत्ता और किफायत दोनों का संगम पहुँचे।

### पीएम बीकानेर- बान्द्रा टर्मिनस (मुम्बई) रेल सेवा को देशनोक स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

**नई दिल्ली।** यात्रियों की सुविधा हेतु बान्द्रा टर्मिनस ( मुम्बई) - बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस ( मुम्बई) सुपर फास्ट साप्ताहिक नई रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकिरण के अनुसार पीएम द्वारा दिनांक 22.05.2025 को बीकानेर- बान्द्रा टर्मिनस ( मुम्बई ) उद्घाटन स्पेशल रेल सेवा को देशनोक स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर बान्द्रा टर्मिनस मुम्बई ) के लिए रवाना किया जायेगा। गाड़ी संख्या 04707, बीकानेर- बान्द्रा टर्मिनस (मुम्बई) उद्घाटन स्पेशल रेल सेवा दिनांक 22.05.2025 को 10.30 बजे देशनोक से रवाना होकर 11.15 बजे बीकानेर स्टेशन पहुंचेगी तथा बीकानेर स्टेशन से 12.35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शुक्रवार को 12.00 बजे बान्द्रा टर्मिनस (मुम्बई ) पहुंचेगी। उद्घाटन स्पेशल रेल सेवा मार्ग में नोखा, नागौर, मेडतारोड, जोधपुर, पालीमारवाड, मारवाडजं, फालना, आबूरोड, पालनपुर , महेसाना, साबरमती, नडियाद, आणंदजं., वडोदरा, भरूच , सूरत , वापीवबोरीवली स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** – आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** – परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** – धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** – वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।


## शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थमी

# बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 410 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 410 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 130 अंक के लाभ में रहा।

एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख के बीच एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 410.19 अंक चढ़कर 81,596.63 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 129.55 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,813.45 अंक पर बंद हुआ।



सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, नेस्ले, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड और आईटीसी शामिल हैं।

साख निर्धारित करने वाली एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने बुधवार को बयान में कहा कि भारत, अमेरिकी शुल्क एवं वैश्विक व्यापार बाधाओं के नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है।

### एशियाई बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे, जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में रहे थे।

## असत्यापित लोगों से आने वाले अनचाहे संदेशों से किया आगाह

# सेबी ने निवेशकों को सोशल मीडिया की धोखाधड़ी को लेकर किया आगाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को निवेशकों को असत्यापित लोगों से आने वाले अनचाहे संदेशों के प्रति आगाह किया और उनसे ऐसे व्हाट्सएप 'ग्रुप' या 'कम्युनिटीज' का हिस्सा न बनने को कहा।

सेबी की यह चेतावनी ऐसे मामलों में बढ़ोतरी के बीच आई है, जहां कुछ कंपनियां प्रतिभूति बाजार में भोले-भाले निवेशकों को लुभाने और धोखाधड़ी के लिए सोशल मीडिया मंच का उपयोग कर रही हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी जांच में पाया है कि ऐसी इकाइयां निवेशकों का भरोसा और विश्वास जीतने के लिए कई तरह की रणनीति अपनाती हैं। ये इकाइयां संभावित ग्राहकों को लक्षित करके व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल होने के लिए अक्सर 'वीआईपी ग्रुप' या 'फ्री ट्रेडिंग कोर्स' (शेयर बाजार कारोबार का निःशुल्क पाठ्यक्रम) जैसे नामों से लिंक के रूप में अनचाहे निमंत्रण भेजती हैं। खुद को भरोसेमंद दिखाने के लिए ये इकाइयां अक्सर नकली प्रोफाइल बनाती हैं जो उन्हें प्रतिभूति बाज़ार के विशेषज्ञ के रूप में दर्शाती हैं। कई मामलों में वे सेबी के पास पंजीकृत मध्यस्थों, मशहूर सार्वजनिक हस्तियों या स्थापित संगठनों के सीईओ/ एमडी का भी फर्जी रूप धारण करते हैं। ये इकाइयां बड़े मुनाफे के फर्जी प्रमाण दिखाकर निवेशकों का शोषण करते हैं। ये प्रमाण भी कथित तौर पर समूह के अन्य सदस्य ही पेश करते हैं जो असल में इस घोटाले में मददगार होते हैं। ऐसे में भोले-भाले निवेशक इस भ्रामक चित्रण से प्रभावित होकर इन कंपनियों के बैंक खातों में धन हस्तांतरित करने के लिए प्रेरित हो जाते हैं।



### टीसीएस को बीएसएनएल से मिला 2903 करोड़ का ठेका


**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सरकारी दूरसंचार निगम बीएसएनएल से करीब 2,903 करोड़ रुपये का अतिरिक्त अग्रिम खरीद ठेका (एपीओ) मिला है। टीसीएस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह एपीओ 18,685 साइट पर 4जी मोबाइल नेटवर्क की योजना, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, उसकी शुरुआत और वार्षिक रखरखाव से जुड़ा है। कंपनी ने कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा कंपनी को एपीओ में उल्लिखित कुछ शर्तें पूरी करने एवं दस्तावेज दाखिल करने के बाद विस्तृत खरीद आदेश जारी किए जाएंगे।

**PUBLIC NOTICE**

I, Satish Kumar Jain S/o. Late Shri Ram Kumar Jain R/o D-47/2, Yadav Nagar, Samaipur, Delhi-110042 have disowned and debarred my son Mr.Ankit Jain S/o. Satish Kumar Jain from my all moveable and immoveable properties , Assets, Bank Accounts and from my personal life due to his bad behavior and misconduct and severed my all relations with him. If anybody will deal with him in any manner shall do so at their own risk and responsibility. Myself and any of my family member shall not be responsible for any acts and dealings of my son in future.

Satish Kumar Jain

## शब्द पहेली - 5874




**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5873 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | वा | र |
| न | | क | रा | मा | त | | म | य | | ग |
| भा | गी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | य | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | इ | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रू | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |






# भारत को 24 को मिलेगा नया टेस्ट कप्तान, इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित होगी टीम!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेस्ट टीम को नया कप्तान 24 मई को मिल सकता है। कप्तानी की दौड़ में शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे चल रहे हैं। रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान कौन होगा।

भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है और इसके लिए अगले कुछ दिनों में टीम घोषित हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार को चयन समिति की बैठक होगी जिसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस भी हो सकती है।

### गिल और पंत दावेदार

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय टीम का ऐलान शनिवार को दोपहर 12 बजे हो सकता है। टेस्ट कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और ऋषभ पंत आगे चल रहे हैं। हालांकि, ऐसी भी खबरें आई थी कि बुमराह ने खुद को दावेदारी से अलग कर लिया है और अब गिल तथा पंत कप्तानी की दौड़ में हैं। कार्यभार प्रबंधन के चलते बुमराह का पांचों टेस्ट में खेलना मुश्किल है।

### चयन समिति की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होने की संभावना



### नए चेहरों को मिलेगी जगह

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारत ए टीम का ऐलान किया था। इसके लिए करुण नायर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह मिली थी, जबकि दूसरे टेस्ट के लिए गिल और साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया था।

### डब्ल्यूटीसी के नए चक्र की शुरुआत करेगा भारत

रिपोर्ट में बताया गया था कि एक चयनकर्ता गिल को कप्तानी सौंपने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उनका मानना है कि गिल ने अभी तक टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं की है। यह सुझाव दिया गया कि उपकप्तान बनाना इस समय 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए बेहतर होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र की शुरुआत करेगी।

### भारत के लिए कठिन होगा इंग्लैंड का दौरा

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर का मानना है कि युवा भारतीय टीम के लिए इंग्लैंड दौरा कठिन होगा जिसके तीन दिग्गज खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। शुभमन गिल का टेस्ट कप्तान बनना तय लग रहा है जबकि शीर्ष और मध्यक्रम नया होगा। राठौर ने कहा, 'यह दौरा कठिन होगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी रिटायर हो चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा। इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा।'



खास खबर

## डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे रोरी मैकलरॉय



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के ग्रैंडस्लैम विजेता गोल्फर रोरी मैकलरॉय ने इस साल के अंत में भारत में होने वाली 40 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली पहली 'डीपी वर्ल्ड इंडिया' चैंपियनशिप में भाग लेने की पुष्टि की है जिससे देश के गोल्फ को बढ़ावा मिलेगा।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मैकलरॉय की यह भारत में पहली प्रतियोगिता होगी। 'डीपी वर्ल्ड इंडिया' चैंपियनशिप 16 से 19 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित की जाएगी।वर्ष 2025 मास्टर्स टूर्नामेंट के चैंपियन मैकलरॉय ने अप्रैल में यादगार अंदाज में करियर ग्रैंडस्लैम पूरा किया था और वैश्विक गोल्फ 'आइकन' बने। 2011 यूएस ओपन, 2012 और 2014 में यूएस पीजीए चैंपियनशिप तथा 2014 में 'द ओपन' में जीत के साथ उन्होंने अप्रैल में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रतियोगिता को वैश्विक स्मार्ट लॉजिस्टिक्स प्रदाता डीपी वर्ल्ड और डीपी वर्ल्ड टूर ने लांच किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 9 | 3 | 18 |
| बैंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 6 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 5 | 7 | 10 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
617 रन
गुजरात

पर्पल कैप




प्रसिद्ध कृष्णा
21 विकेट
गुजरात

## सूर्यकुमार का अर्धशतक, बुमराह और सैंटनर को तीन-तीन विकेट

# मुंबई प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम, दिल्ली को 59 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार यादव (नाबाद 73 रन) के अर्धशतक के बाद मिचेल सैंटनर और जसप्रीत बुमराह के तीन तीन विकेट की बदौलत बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अहम मुकाबले में दिल्ली कैपिट्स को 59 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम बन गई। गुजरात टाइटन्स (18), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17), पंजाब किंग्स (17) पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थीं। मुंबई इंडियंस के इस जीत से 16 अंक हो गए जिससे उसने 11वीं बार नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया। दिल्ली कैपिटल्स (13) की टीम बाहर हो गई। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार के अर्धशतक और अंत में नमन धीर (नाबाद 24 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 21 गेंद में उनकी नाबाद 57 रन की साझेदारी से धीमी पिच पर पांच विकेट पर 180 रन बनाने में सफल रही।




दिल्ली कैपिटल्स ने पावरप्ले में 49 रन के स्कोर तक तीन विकेट गंवा दिए थे और पूरी टीम 18.2 ओवर में 121 रन पर सिमट गई। मुंबई इंडियंस के लिए स्पिनर सैंटनर ने चार ओवर में महज 11 रन देकर तीन जबकि तेज गेंदबाज बुमराह ने 3.2 ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, विल जैक्स और कर्ण शर्मा ने एक एक विकेट प्राप्त किए। दिल्ली ने दूसरे ओवर में कार्यवाहक कप्तान फाफ डुप्लेसी (06), तीसरे ओवर में केएल राहुल (11 रन) और पांचवें ओवर में अभिषेक पोरेल (06) के विकेट सस्ते में गंवा दिए। फिर समीर रिज्वी (39) एक छोर पर टिककर खेले लेकिन दूसरे छोर पर विप्रज निगम (20) और ट्रिस्टन स्टब्स (02) के आउट होने से टीम ने 10 ओवर में पांच विकेट खो दिए थे। 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर समीर भी पवेलियन लौट गए जिन्हें सैंटनर ने बोल्ड किया और दो गेंद बाद आशुतोष शर्मा (18 रन) भी स्टंप आउट हो गए। इससे पहले सूर्यकुमार ने 43 गेंद की बेहतरीन नाबाद पारी खेली जिसमें सात चौके और चार छक्के जड़े थे। उनके अलावा तिलक वर्मा ने 27 रन और रेयान रिकलटन ने 25 रन का योगदान दिया। नमन ने अंत में आठ गेंद में दो चौके और इतने ही छक्के से नाबाद 24 रन का योगदान दिया। वानखेड़े स्टेडियम की असामान्य पिच पर स्पिनरों के लिए काफी टर्न था।

### जीत से गुजरात की बादशाहत होगी मजबूत आज प्रतिष्ठा बचाने के लिए खेलेगा लखनऊ



**अहमदाबाद।** पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स से खेलेगी तो उसका इरादा जीत की लय को कायम रखते हुए शीर्ष दो में जगह पक्की करने का होगा। अब तक 12 मैचों में 18 अंक ले चुकी टाइटंस प्लेआफ में जगह बना चुकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के 17 अंक हैं और शीर्ष दो के लिए मुकाबला रोचक है। गुजरात ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसके शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाज आरेंज कैपधारी बी साइ सुदर्शन (617 रन), कप्तान शुभमन गिल (601) और जोस बटलर (500) शानदार फॉर्म में है और अधिकांश मैचों में टीम की जीत के सूत्रधार रहे हैं। तीनों मिलकर 16 अर्धशतक और एक शतक जमा चुके हैं। उनके इस प्रदर्शन के चलते मध्यक्रम को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी है। गुजरात के गेंदबाजों ने भी अनुशासित प्रदर्शन किया है। भारत के प्रसिद्ध कृष्णा सर्वाधिक 21 विकेट ले चुके हैं जबकि मोहम्मद सिराज और बी साइ किशोर को 15-15 विकेट मिले हैं। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल के बाद निलंबन पूरा करके वापिस आ चुके हैं।

## चोटिल आर्चर वनडे श्रृंखला से बाहर, वुड टीम में शामिल



**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दाहिने अंगूठे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। टीम ने बुधवार को यह जानकारी दी। टीम ने कहा कि इंग्लैंड की मेडिकल टीम अगले दो सप्ताह में आर्चर की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करेगी जिससे कि यह निर्धारित किया जा सके कि वह कब मैदान पर वापसी कर सकते हैं। आर्चर की जगह ल्यूक वुड को टीम में शामिल किया गया है। श्रृंखला का पहला मैच 29 मई को एजबेस्टन में होगा। वर्ष 2019 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूम मचाने के बाद से आर्चर कोहनी और पीठ की चोटों से जूझ रहे हैं। हालांकि इस साल राजस्थान रॉयल्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी प्रतिबद्धताओं के अलावा आर्चर ने साल की शुरुआत से इंग्लैंड के 11 में से नौ सीमित ओवरों के मुकाबलों में हिस्सा लिया है। टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर होने के बाद रॉयल्स ने आईपीएल के अंतिम हिस्से के लिए इस स्टार तेज गेंदबाज को वापस नहीं बुलाने का फैसला किया।

## खबर संक्षेप

### सिमरनजीत कौर बनीं पेशेवर मुक्केबाज



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज सिमरनजीत कौर पेशेवर बनने वाले भारतीय मुक्केबाजों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं।एशियाई चैंपियनशिप की दो बार की पदक विजेता 29 साल की सिमरनजीत ने टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पूर्व अमेरिकी पेशेवर मुक्केबाज रॉय जोन्स जूनियर और भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा से अनुबंध करके पेशेवर मुक्केबाजी से जुड़ने का फैसला किया। मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 65 किग्रा वर्ग में उप विजेता रहीं सिमरनजीत इस साल पेशेवर बनने वाली तीसरी भारतीय मुक्केबाज है।

### अब ग्वालियर में होगी मध्यप्रदेश टी20 लीग

**ग्वालियर।** मानसून के आने की संभावना से मध्यप्रदेश टी20 लीग अब 27 मई से 12 जून को इंदौर की बजाय ग्वालियर में खेली जाएगी। इस सत्र के मुकाबले शंकरपुर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम पर होंगे। आयोजकों द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 'इंदौर में मानसून जल्दी आने की संभावना और इंडियन प्रीमियर लीग के देर से खत्म होने के कारण मध्यप्रदेश लीग अब इंदौर की बजाय ग्वालियर में होगी।'' ग्वालियर में पिछले साल पहला सत्र भी खेला गया था।



### आईपीएल ने बदल दी मेरी जिंदगी : निगम

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला विपराज निगम का मानना है कि आईपीएल से उनके जीवन में काफी बदलाव आए हैं। बीस वर्ष के निगम को दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रुपए में खरीदा था। उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावित किया है। निगम ने कहा, 'जीवन में कई बदलाव आए हैं। आईपीएल से चीजें बदल जाती है। आपको इतने बड़े सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलता है।



मलेशिया मास्टर्स

## प्रणय, करुणाकरन और श्रीकांत का जीत से आगाज, सिंधू बाहर



एजेंसी ▶▶| कुआलालम्पुर

भारत के एच एस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत समेत पुरुष खिलाड़ियों ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू पहले दौर में हारकर बाहर हो गई।

प्रणय ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। वहीं सतीश करुणाकरन ने चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन को 21-13, 21-14 से मात दी। भारत के आयुष शेट्टी ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। बाद में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने चीन के छठी रैंकिंग वाले लू गुआंग को 21-21, 13-21, 21-11 से हराया।

सिंधू का खराब फॉर्म हालांकि जारी रहा और वह इस सुपर 500 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम की एंगुयेन थुए लिन्ह से 11-21, 21-14, 15-21 से हार गई।

### मिश्रित में ध्रुव और तनीषा जीते



मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने इंडोनेशिया के अदनान मौलाना और इंडाह काहया सारी जमील को 21-18, 15-21, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। असिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जियांग झेंग बांग और वेइ याशिन ने 21-10, 21-12 से हराया। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गाड्डे को चौथी वरीयता प्राप्त चीन की गुओ शिन वा और चेन फांग हुइ ने 21-10, 21-14 से मात दी। करुणाकरन और आद्या वरियाथ को इंडोनेशिया के वेरेल युस्तिन मूलिया और लीसा कुसुमवती ने 21-15, 21-16 से हराया।

### हम सबसे नीचे रहने के ही हकदार थे : फ्लेमिंग



**नई दिल्ली।** आईपीएल के इस सत्र में टीम के शर्मनाक प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि वे तालिका में सबसे नीचे रहने के ही हकदार थे। पांच बार की चैंपियन चेन्नई को मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स ने छह विकेट से हराया। फ्लेमिंग ने कहा, 'हम नीचे रहना पसंद नहीं करते। हम अच्छा खेलना चाहते थे। हमारा लक्ष्य आखिरी दो मैचों में बेहतर प्रदर्शन था। लेकिन अब एक ही रह गया है। शायद हम इस बार सबसे नीचे रहने के ही हकदार थे क्योंकि हमने ऐसी ही क्रिकेट खेली है। इससे बचा नहीं जा सकता।'

## कनक ने जूनियर विश्व कप में जीता एयर पिस्टल का स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



हरियाणा की उभरती हुई निशानेबाज कनक ने बुधवार को जर्मनी के सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शीर्ष पर रहकर भारत का स्वर्ण पदक का खाता खोला।

पिछले साल लीमा में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता 17 वर्षीय कनक ने आठ महिलाओं के 24 शॉट के फाइनल में 239.0 अंक हासिल किए और दो बार की ओलंपियन तथा मौजूदा यूरोपीय चैंपियन मोल्दोवा की अन्ना डुल्स को 1.7 अंक से पछाड़ा। चीनी ताइपे की चेन येन-चिंग ने कांस्य पदक जीता। भारत की दो भारतीय निशानेबाजों ने इस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था जिसमें प्राची 571 अंक जुटाकर कनक (572 अंक) के पीछे पांचवें स्थान पर रहीं। इसके बाद कनक ने इस स्तर पर अपना अनुभव दिखाया और फाइनल के अंतिम चरण कई मौकों पर 10 से अधिक अंक जुटाकर आसानी से जीत हासिल की।

मैच के बाद कनक ने कहा, ''शुरुआत में मैं थोड़ी नर्वस थी लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाई।'

### चार देशों को चुनौती देगी भारतीय महिला हॉकी टीम



**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट के लिए अर्जेंटीना रवाना हो गई जहां रोसारियो में 25 मई से दो जून तक यह टूर्नामेंट खेला जाएगा। इस साल चिली में एफआईएच जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली की टीमें खेलेंगी। भारत को हर टीम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। तुषार खांडेकर की कोचिंग में भारतीय टीम की कमान निधि के हाथ में होगी जबकि हीना बानो उपकप्तान होंगी। पहले दौर में भारत 25 मई को चिली से, 26 मई को उरुग्वे और 28 मई को अर्जेंटीना से खेलेगा।

### निचली रैंकिंग के खिलाड़ी जुरिज रोदियोनोव से 2-6, 4-6 से हारे

# भारत के शीर्ष खिलाड़ी नागल फ्रेंच ओपन क्वालीफाइंग से बाहर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन एकल क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में निचली रैंकिंग के खिलाड़ी जुरिज रोदियोनोव से 2-6, 4-6 से हारकर बाहर हो गए। नागल (170वीं रैंकिंग) रोलां गैरां में 225वीं रैंकिंग के ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी से एक घंटे 29 मिनट में पराजित हो गए। इस भारतीय खिलाड़ी ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में अमेरिका के मिशेल क्रुगर को हराया था। नागल ने 2024 में चारों ग्रैंडस्लैम में हिस्सा लिया था लेकिन इस साल अब वह फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में नहीं खेल पाएंगे। पहला सेट हारने के बाद वह दूसरे में 2-4 से पिछड़ रहे थे। पर सातवें गेम में उन्हें वापसी का मौका मिला और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाया। अगले गेम में वह फिर पिछड़ गए जिसमें उन्होंने पहले दो अंक गंवा दिए जिससे स्कोर 0-30 हो गया। लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए इसे 4-4 कर दिया। पर 10वें गेम में वह सर्विस गंवा बैठे और मैच से बाहर हो गए।



### युकी-गैलोवे की जोड़ी जिनेवा ओपन से बाहर



**जिनेवा।** भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गैलोवे की दूसरी वरीय जोड़ी को बुधवार को यहां जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में जैकब श्नेटर और मार्क वॉलनर की जर्मनी की जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत और अमेरिका की जोड़ी को 5,96,035 यूरो इनामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में गैरवरीय प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के खिलाफ 6-7 4-6 से हार झेलनी पड़ी है। क्ले कोर्ट के ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन से पहले यह आखिरी प्रतियोगिता है। युकी और गैलोवे को इस प्रदर्शन के लिए कुल 3,240 यूरो की इनामी राशि मिली।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

हिंद प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते हालात पर यूएन में भारत ने जताई चिंता

# समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी रणनीति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कहा है कि समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इंडो-पैसिफिक (हिंद-प्रशांत) क्षेत्र में बदलते हालात और नए खतरों को देखते हुए भारत लगातार अपनी रणनीति को आधुनिक बना रहा है। भारत के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि, पी. हरीश ने यूएनएससी की उच्च-स्तरीय खुली बहस में कही। बैठक की अध्यक्षता ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोताकिस ने की।

## समुद्री व्यवस्था को बढ़ावा दे रहा भारत



हरीश ने कहा कि भारत के पास लंबा समुद्री तट, मजबूत नौसैनिक ताकत और समुद्री समुदाय है। इस कारण भारत एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति की भूमिका निभा रहा है। भारत की रणनीति पारंपरिक खतरों (जैसे– अन्य देशों से सैन्य खतरे) और गैर-पारंपरिक खतरों (जैसे– पायरेसी, नशीली दवाओं की तस्करी, अवैध मानव प्रवास, गैर-कानूनी मछली पकड़ना, आतंकवाद) से निपटने के लिए बनाई गई है। भारत 'यूएन समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस)' के सिद्धांतों के अनुसार एक मुक्त, खुला और नियम आधारित समुद्री व्यवस्था को बढ़ावा दे रहा है। भारत समुद्री क्षमता निर्माण, समुद्री रणनीति, सुरक्षा और प्रशासन को मजबूत करने पर काम कर रहा है।

## समुद्री सुरक्षा आर्थिक वृद्धि की रीढ़

हरीश ने बताया कि, समुद्री सुरक्षा भारत की आर्थिक वृद्धि की रीढ़ है क्योंकि व्यापार मार्ग, ऊर्जा आपूर्ति और रणनीतिक हित समुद्रों से जुड़े हैं। भारत क्षेत्रीय कूटनीति, मजबूत रक्षा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और घरेलू ढांचे को संतुलित रखते हुए आगे बढ़ रहा है।

कोलकाता के आसमान में दिखे ड्रोन

# सुरक्षा एजेंसियां सतर्क, जांच में जुटी सेना और पुलिस

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता के आसमान में रहस्यमयी ड्रोन दिखने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ये ड्रोन सोमवार की रात को दिखाई दिए। ये ड्रोन कहां से आए और इन्हें कौन चला रहा था, इसकी जांच कोलकाता पुलिस कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमवार रात कोलकाता के कई इलाकों में इन ड्रोन को मंडराते हुए देखा गया। विक्टोरिया मेमोरियल से लेकर ब्रिगेड ग्राउंड तक ड्रोन उड़ते हुए देखे गए।



## सत्यता की पुष्टि कर रहे: रक्षा मंत्रालय

भारतीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक कोलकाता के ऊपर ड्रोन देखे जाने की रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं और उनकी जांच की जा रही है। इस घटना की सत्यता की पुष्टि के लिए प्रयास जारी हैं। जैसे ही तथ्यों की पुष्टि होगी, आगे की जानकारी साझा की जाएगी।

# पीआईओ के संपर्क में थी ज्योति दानिश से की चैट मिटाई

एजेंसी ▶▶ हिसार

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से जांच एजेंसियां लगातार पूछताछ कर रहीं हैं। पहले वह खुद को बेकसूर बता रही थी। पर, अब बदल-बदल कर बयान दे रही है। वह जांच को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। एजेंसियों को पता लगा है कि पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी दानिश के साथ दो बार बातचीत की चैट उसने डिलीट कर दी है। ज्योति के दो मोबाइल फोन और लैपटॉप से डाटा रिकवर कर इसका पता लगाया जाएगा। मिलिट्री इंटेलिजेंस की पूछताछ में सामने आया कि पहलगाम हमले के बाद दोनों देशों में विवाद बढ़ा, तब भी ज्योति पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के संपर्क में थी। मार्च में पाकिस्तानी दूतावास में तैनात दानिश से ज्योति की बातचीत भी हुई थी। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को भेजे गए ज्योति के दो मोबाइल फोन और लैपटॉप से डाटा रिकवर कर इसका पता लगाया जाएगा।




# सैफुल्लाह की शोक सभा में भारत के खिलाफ उगला जहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान में एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया है कि वहां की सेना और आतंकी संगठनों के बीच गहरा गठजोड़ है। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी रजाउल्लाह निजामनी उर्फ सैफुल्लाह की मौत पर शोक सभा का आयोजन पाकिस्तान मरकज मुस्लिम लीग



(पीएमएमएल) की सिंध यूनिट द्वारा किया गया। यही पार्टी हाफिज सईद के बेटे ताल्हा सईद की है। इस सभा में जहां एक ओर आतंकी सैफुल्लाह की मौत पर अफसोस जताया गया, वहीं दूसरी ओर भारत के खिलाफ जमकर जहर भी उगला गया। इतना ही नहीं, इस सभा में पाकिस्तानी सेना और उसके प्रमुख जनरल से फील्ड मार्शल बने आसिम मुनीर की खुलकर प्रशंसा की गई और उनकी शान में कसीदे पढ़े गए।

## चावल पर टिप्पणी के बाद जापान के कृषि मंत्री ने दिया इस्तीफा

**टोक्यो।** चावल पर विवादास्पद टिप्पणी के बाद जापान के कृषि मंत्री ताकू एटो ने इस्तीफा दे दिया। एटो ने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा था कि उन्हें कभी भी चावल खरीदना नहीं पड़ा बल्कि वह उन्हें समर्थकों से उपहार में मिला जाता था। उनका यह बयान ऐसे समय में आया जब देश के लोग चावल की बढ़ी कीमतों को लेकर परेशान है।

## फील्ड में मार खाकर पाकिस्तान में अब 'फील्ड मार्शल' बन गया आसिम मुनीर

# पीएम शरीफ की गिरती साख के बीच तख्तापलट की तैयारी!

▶▶ शहबाज का अपने मुल्क पर नियंत्रण नहीं

▶▶ मुनीर को पाक में सुरक्षित रहने की चिंता सताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

4 दिन में ही भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को जिस तरह से घुटनों पर ला दिया, अब पाकिस्तान का जनरल इस हार को बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है। जनरल आसिम मुनीर ने पाकिस्तान में अपना प्रमोशन करवाकर, अब नई स्क्रिप्ट लिखना शुरु कर दी है। और वो स्क्रिप्ट है पाकिस्तान में फिर एक बार तख्तापलट की। पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार को अपने आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर को अब फ़ील्ड मार्शल बनाने का फ़ैसला किया है। साथ ही पाकिस्तानी सरकार ने एयर चीफ़ मार्शल ज़हीर अहमद बाबर सिद्धू का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी उन्हें पाकिस्तानी वायु सेना के प्रमुख के पद पर बनाए रखने का फ़ैसला लिया है।



### पाक पीएम सेना की कठपुतली बने

ये फैसले पीएम शहबाज़ शरीफ़ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिए हैं। इसी से समझ में आता है कि पीएम शहबाज़ शरीफ सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तानी सेना और पाकिस्तानी जनरल की कठपुतली बन चुके हैं।

### पाक में चार बार तख्तापलट हो चुका है

जब किसी देश की सेना, वर्तमान सरकार को हटाकर खुद सत्ता पर काबिज हो जाती हैं, तो उसे सैन्य तख्तापलट कहते हैं। पाक में ऐसा 4-4 बार हो चुका है। पहला 1953-54 में, दूसरा 1958 में, तीसरी बार 1977 में जनरल जियाउल हक ने तत्कालीन पीएम जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार गिराई गई थी। चौथा तख्तापलट 1999 में जनरल परवेज मुशर्रफ ने किया था। और अब पाकिस्तान में पांचवी बार जनरल आसिम मुनीर ने तख्तापलट के संकेत देना शुरु कर दिए हैं।

### मुनीर का प्रमोशन 'कांटों का ताज'

मुनीर पाकिस्तान के इतिहास में दूसरे फील्ड मार्शल बन गए हैं। इससे पहले अयूब खान ही फील्ड मार्शल बनाए गए थे। मुनीर को लगता है फील्ड मार्शल के कवच में, वो ताउम्र पाक में सुरक्षित रहेंगे,। पाकिस्तानी सेना के जनरलों पर भ्रष्टाचार के आरोप नई बात नहीं। मुशर्रफ से लेकर कमर जावेद बाजवा तक भ्रष्टाचार में फंसे भ्रष्टाचार के मामलों में जेल जाने के डर से मुल्क छोड़कर भागे। आसिम मुनीर को भी पता है कुर्सी छोड़ने के बाद कुछ भी संभव है। यही वजह है कि मुनीर ने फील्ड मार्शल बनने के लिए कई हथकंडे अपनाए। वे किसी कट्टरपंथी मौलाना की तरह तकरीर करते हैं, और पाकिस्तानी पाकिस्तानी अवाम को सिर्फ और सिर्फ हिदुओं के खिलाफ भड़काने का काम करते हैं।

